श्रावण शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके | रांची
अधि. 26.7° | अधि. 27.0°
न्यून. 22.0° | न्यून. 22.6°

रांची, सोमवार
28 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-176, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास
सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 12

# पीएम मोदी ने साझा की गुमला के ओम प्रकाश साहू की प्रेरणादायक कहानी

## मोदी ने कहा- सही रास्ता व दृढ़ विश्वास हो, तो मुश्किल हालात में भी बदलाव लाया जा सकता है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड को संबोधित किया। उन्होंने 'मन की बात' में झारखंड के गुमला जिले के युवा ओम प्रकाश साहू की प्रेरणादायक कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे ओम प्रकाश ने नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर मछली पालन के जरिए न केवल अपनी जिंदगी बदली, बल्कि अपने इलाके में बदलाव की नई बयार भी लाए।


पीएम मोदी ने बताया, मेरे प्यारे देशवासियों, कभी-कभी सबसे ज्यादा रोशनी वहीं से निकलती है, जहां सबसे ज्यादा अंधेरा होता है। ऐसा ही एक उदाहरण झारखंड के गुमला जिले का है। एक समय था, जब यह इलाका माओवादी हिंसा के लिए जाना जाता था। बसिया प्रखंड के गांव वीरान हो रहे थे। लोग डर के साए में जी रहे थे। रोजगार की कोई संभावना नहीं थी, जमीनें खाली पड़ी थीं और युवा पलायन कर रहे थे..., लेकिन फिर चुपचाप और बहुत धैर्य के साथ एक बदलाव शुरू हुआ। ओम प्रकाश साहू नाम के एक युवक ने हिंसा का रास्ता छोड़ मछली पालन शुरू किया। उन्होंने अपने जैसे कई दोस्तों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रयासों का असर भी हुआ। जो लोग पहले बंदूक थामे रहते थे, उन्होंने अब मछली पकड़ने के जाल थाम लिए हैं। प्रधामंत्री मोदी ने बताया कि ओम प्रकाश का सफर आसान नहीं, बल्कि मुश्किलों भरा रहा। पीएम बोले, साथियों, ओम प्रकाश साहू की शुरुआत आसान नहीं थी। विरोध प्रदर्शन हुए, धमकियां मिलीं, लेकिन हौसला कम नहीं हुआ। जब 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' शुरू हुई, तो उन्हें नई ताकत मिली। उन्हें सरकार से प्रशिक्षण मिला और तालाब बनाने में मदद मिली। देखते ही देखते गुमला में मत्स्य पालन क्रांति शुरू हो गई। आज गुमला के बसिया प्रखंड के 150 से ज्यादा परिवार मछली पालन से जुड़ चुके हैं। शेष पेज 11 पर

## पीएम ने दिया विज्ञान, विरासत और विविधता का संदेश

मन की बात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। 124वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया। उन्होंने भारत की उपलब्धियों के बारे में बात की। देश और समाज के विकास में लोगों के योगदान को भी सराहा। 'मन की बात' कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु शुक्ला का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई। पूरा देश गर्व से भर गया। अगस्त 2023 में चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश में एक नया माहौल बना है। विज्ञान और अंतरिक्ष को लेकर बच्चों में एक नई जिज्ञासा भी जागी है। अब छोटे-छोटे बच्चे भी अंतरिक्ष की बात करते हैं। वे अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने की बात करते हैं। 'इंस्पायर मानक' अभियान के बारे में पीएम मोदी ने देशवासियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के नवाचार को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से 5 बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। इससे अब तक लाखों बच्चे जुड़े हैं और चंद्रयान-3 के बाद इनकी संख्या दोगुनी हुई है।



फिर विरासत की भी बात की। हाल ही में भारत के मराठा किलों को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन किलों का जिक्र कर कहा कि यह हम सभी को गर्व से भर देने वाली खबर है। उन्होंने कहा कि देश के और हिस्सों में भी अद्भुत किले हैं, जिन्होंने आक्रमण झेले, खराब मौसम की मार झेली, लेकिन आत्मसम्मान को कभी भी झुकने नहीं दिया। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ का किला, कुंभलगढ़ किला, रणथंभौर किला, आमेर किला, और जैसलमेर का किला विश्व प्रसिद्ध हैं। कर्नाटक में गुलबर्गा का किला भी बहुत बड़ा है। चित्रदुर्ग के किले की विशालता भी कौतूहल से भर देती है।

पीएम मोदी ने अगस्त को क्रांति का महीना बताते हुए खुदीराम बोस और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त 1908 को अंग्रेजों के खिलाफ अपना देश-प्रेम व्यक्त करने की कीमत चुका रहा था। खुदीराम बोस ने सिर्फ 18 शेष पेज 11 पर

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने प्रदर्शित की भारत की सैन्य क्षमता

राष्ट्रीय नवीन मेल




**प्रेमलता ठाकुर**

आजादी के बाद से ही पाक अधिकृत कश्मीर से आतंकियों से निपटने के लिए हमारी सरकार और सैन्य संगठन सावधान हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सफल सैन्य अभियान था, जिसे भारतीय सेना ने अप्रैल-मई 2025 में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने के लिए चलाया था। यह अभियान पहलगाम में 26 टूरिस्टों की हत्या के जवाब में किया गया था, जिसमें आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर लोगों को मारा था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की कमान एनएसए अजीत डोभाल के पास थी और इसमें भारतीय वायुसेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अभियान में भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

### नक्सलियों के खिलाफ अभियान में प. सिंहभूम पुलिस को बड़ी सफलता

# माओवादियों के ठिकाने से ₹35 लाख बरामद

**नवीन मेल डेस्क**

चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)। पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। कराइकेला इलाके में सर्च अभियान के दौरान जंगली क्षेत्र में जमीन में छिपाए गए करीब 35 लाख रुपए नकद बरामद हुए हैं। पुलिस का दावा है कि माओवादी बारूदी सुरंगें बिछाने, हथियार और गोला बारूद खरीदने के लिए धन जमा कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, चाईबासा पुलिस को सूचना मिली थी कि माओवादियों ने कराइकेला इलाके में जंगल में नकदी छिपाई है, जिसे नक्सली गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जाना है।

इसके बाद पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान जमीन में दबाए गए स्टील के डिब्बे मिले, जिनमें 35 गड्डी रुपए प्लास्टिक और कागज में लपेटकर छिपाए गए थे। पुलिस ने सावधानी से इन डिब्बों को निकाला और थाने लाया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक यह राशि करीब 35 लाख रुपए हैं। सटीक राशि नोट की गिनती पूरी होने के बाद पता चलेगी।

चाईबासा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने इस कार्रवाई को माओवादियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी बताया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उनके वित्तीय नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में एक अहम कदम है। चाईबासा पुलिस लगातार माओवादी गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और इस प्रकार की कार्रवाइयों से माओवादियों की कमर टूट रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी साजिश को शेष पेज 11 पर



हथियार और गोला बारूद खरीदने के लिए कर रहे थे धन जमा

## बीजापुर में 17 लाख के इनामी चार नक्सली ढेर

- डीआरजी बीजापुर ने विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की
- मारे गए नक्सलियों की पहचान लक्खे, हुंगा, भीमे और निहाल के रूप में हुई

**बीजापुर (आईएएनएस)** । छत्तीसगढ़ के बीजापुर में विशेष पुलिस बल (डीआरजी) को बड़ी कामयाबी मिली है। डीआरजी ने मुठभेड़ के दौरान शनिवार की शाम को चार नक्सलियों को मार गिराया। इन नक्सलियों में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के एसीएम स्तर के तीन शीर्ष नक्सली और एक पार्टी सदस्य शामिल है। बीजापुर की डीआरजी टीम द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान यह मुठभेड़ हुई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों की पहचान हुंगा, लक्खे, भीमे और निहाल उर्फ राहुल के रूप में हुई है। नक्सली भीमे, हुंगा और लक्खे पर 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। निहाल ऊर्फ राहुल पर 2 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के मुताबिक, जिले के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर की टीम ने तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान नक्सलियों की तरफ से डीआरजी टीम पर गोलीबारी की गई। इसके बाद काफी समय तक पुलिस बल और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही। इस मुठभेड़ में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के चार नक्सली मारे गए। घटनास्थल से एसएलआर, इंसास, .303 राइफल, बीजीएल लॉन्चर, सिंगल शॉट राइफल, भारी मात्रा में गोला-बारूद, ग्रेनेड और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है। शेष पेज 11 पर

## नक्सलमुक्त झारखंड के लिए कृतसंकल्पित हैं सीएम



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को नक्सलमुक्त करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड की पुलिस को राज्य से नक्सलियों और उग्रवादियों के सफाए का स्पष्ट निर्देश दे दिया है। झारखंड पुलिस भी नक्सलियों और उग्रवादियों के सफाए के अभियान में जी-जान से जुट गई है। पुलिस को नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस की कार्रवाई से नक्सलियों और उग्रवादियों में दहशत छा गया है।

## अफीम तस्करी मामले में पिपराटांड़ थाना प्रभारी हुए सस्पेंड

**मेदिनीनगर** । अफीम तस्करी से जुड़े एक गंभीर मामले में पलामू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिपराटांड़ थाना प्रभारी राजवर्धन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनकी जगह मेदिनीनगर टाउन थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार को पिपराटांड़ का नया प्रभारी बनाया गया है। यह कार्रवाई तब की गई जब शुक्रवार को पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर के 8 अफीम तस्करों को पकड़ा। इनमें चार आरोपी पंजाब से हैं जबकि चार पलामू के स्थानीय निवासी हैं। इनके पास से पुलिस को 33 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि इस पूरे तस्करी नेटवर्क को पिपराटांड़ थाना से सहयोग मिल रहा था। ऐसे संकेत मिले कि थाना प्रभारी को पूरी गतिविधि की जानकारी थी, बावजूद इसके उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। इन्हीं आरोपों के चलते एसपी रीष्मा रमेशन ने उन्हें निलंबित कर दिया। शेष पेज 11 पर

## जमशेदपुर में धर्मांतरण रैकेट का हुआ खुलासा, 7 हिरासत में

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**




### प. सिंहभूम व सरायकेला समेत ओडिशा और बंगाल से जुड़े तार

रांची/जमशेदपुर। जमशेदपुर में धर्मांतरण से जुड़ा एक हंगामेदार मामला सामने आया है। शनिवार की रात को देर रात तक जमकर बवाल भी हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित दो फ्लैटों में गुपचुप तरीके से धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। जहां करीब 70 लोगों को विभिन्न प्रलोभनों के जरिए धर्मांतरण के लिए बरगलाया जा रहा था। इसका पर्दाफाश तब हुआ, जब स्थानीय लोगों को इन फ्लैटों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार, गोलमुरी के दो फ्लैट में 40 से 45 लोग जमा हुए थे, ये सभी लोग विशेष समुदाय के थे। इसके बाद स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों ने विरोध जताया। इसकी सूचना गोलमुरी पुलिस को भी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर सात लोगों को हिरासत में ले लिया। इन सभी लोगों से थाने में पूछताछ की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस जांच में सामने आया है कि धर्मांतरण की यह पूरी प्रक्रिया एक संगठित नेटवर्क के तहत संचालित हो रही थी। इसमें न केवल झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिले, बल्कि पड़ोसी राज्यों ओडिशा और पश्चिम बंगाल से भी कुछ लोग जुड़े हुए थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चों को भी शामिल किया गया था। बताया जा रहा है कि इन शेष पेज 11 पर

# हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 6 श्रद्धालुओं की मौत



- कई घायल, करंट की अफवाह से मची भगदड़

**हरिद्वार (आईएएनएस)**

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह हुई भगदड़ की घटना में 6 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस भगदड़ का कारण करंट लगने की अफवाह थी। हालांकि, उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन ने करंट की अफवाहों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे का कारण करंट लगना नहीं है। हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने भगदड़ की घटना में 6 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

इधर, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने इस हादसे में घायल हुए और मारे गए लोगों के बारे में जानकारी साझा की है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार शेष पेज 11 पर

> *हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर के मार्ग में भगदड़ की दुर्घटना में अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार बहुत पीड़ादायक है। मैं सभी शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।*
>
> **-द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)।

> *उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। ईश्वर करे कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।*
>
> **- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)।

### मौसम विभाग की चेतावनी

## राजधानी में कल भारी बारिश येलो अलर्ट किया गया जारी



राज्य के उत्तर पूर्वी जिलों में आज भारी बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अच्छी बारिश के बाद बंगाल में बना डिप्रेशन राज्य से काफी दूर चला गया है। रांची स्थित मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम पूर्वानुमान वैज्ञानिक एससी मंडल के अनुसार, डिप्रेशन अभी कमजोर होकर उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर है और यह पश्चिम में दूर जाकर कमजोर हो जाएगा।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एससी मंडल के अनुसार, 28 जुलाई के दिन दोनों मानसून टर्फ लाइन उत्तर की ओर बढ़ेगा, जिसके प्रभाव से झारखंड में हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। राज्य के उत्तर पूर्वी जिले जैसे दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, देवघर और जामताड़ा में भारी बारिश की प्रबल संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभागके अनुसार, 29 जुलाई को भी झारखंड के कई जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। वही उत्तर-पूर्वी भाग वाले जिले दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, देवघर और जामताड़ा तथा मध्य भाग वाले जिले हजारीबाग, रामगढ़, रांची, बोकारो, कोडरमा, गिरिडीह में भारी बारिश की संभावना देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र के अनुसार, 30 जुलाई को भी राज्य में कई इलाकों में वर्षा होगी।

## इंडिया | पद और पावर की गरिमा खोने से पहले नियंत्रण



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

महाभारत के कामी कीचक हों या दुशासन,रामायण के रावण या भारतीय साहित्य से लेकर फिल्मों के कोई भी खलनायकनुमा कुपात्र ये कभी भी स्वीकार्य नहीं थे और सादा जीवन उच्च विचार से लेकर सत्य,अहिंसा और अस्तेय जैसे सिद्धांतों के प्रणेता नायक। समय बदला और आजादी के पहले और बाद की पत्रकारिता के पुरोधाओं ने प्रथम पृष्ठ पर हत्या और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों को प्रकाशित करने से परहेज किया ताकि समाज में भय और नकारात्मकता न फैले जिसका पालन आज भी कुछ लोग कर रहे हैं पर दूसरी ओर ऐसी कलियुगी खबरों से आज की मीडिया भरी हुई जिन्हें कई बार पढ़कर लोग डर जाते हैं कि जब अपने ऐसा करेंगे तो किस पर भरोसा किया जाए ? कुछ दिनों पूर्व तक समाजं के स्तंभ माने जाने वाले किसी अधिकारी या बड़े पद के नेता,जज,पत्रकार,धर्म गुरु या किसी फ़िल्मी सितारे के भ्रष्टाचार या चरित्र के बारे में कोई खबर नहीं आती थी पर अब ये असामान्य नहीं है । अंग्रेजों के जमाने में बड़े महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति से पहले पारिवारिक पृष्ठभूमि तक टटोली जाती थी कि कोई आपराधिक या चरित्रहीन व्यक्ति इनसे जुड़ा हुआ तो नहीं जिसकी परंपरा भारत सरकार की नौकरियों में बहुत बाद तक चली। आजादी की लड़ाई से जुड़ी कई साहित्यिक रचनाओं में चरित्र की कठोर परीक्षा लेने के कई प्रसंगों की चर्चा है। इसी तरह देश की सुरक्षा और खुफिया सेवा में लगे अनेक पदों में योग्यता के रूप में दृढ और स्वच्छ चरित्र को महत्वपूर्ण माना जाता है पर परिवार से लेकर समाज में जो चारित्रिक पतन देखने को मिल रहा है वह क्या है क्या ऐसे में भारत का भविष्य सुरक्षित रह पाएगा ? झारखंड में ही अनेक बड़े नेता और उच्च अधिकारी जेलों में बंद हैं या जमानत पर हैं । वस्तुतः चरित्र प्रमाण पत्र एक औपचारिकता बनता जा रहा है और जिसके पास धन है वह मगन है या निश्चिन्त है कि उसे कुछ नहीं होगा । दुःखद यह भी है अनेक भ्रष्ट और सजायाफ्ता लोग समाज की नाक बने हुए हैं या किसी पद को सुशोभित कर रहे हैं । हम उन लोगों का सम्मान करते हैं और उन्हें आदर्श भी मानते हैं, जो बहुत ज्यादा दृढ़ इच्छाशक्ति दर्शाते हैं। शोध बताते हैं कि इन लोगों को न सिर्फ विश्वसनीय, बल्कि नैतिक रूप से भी श्रेष्ठ माना जाता है। विदेशों में नैतिकता की बात करें तो ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान के प्रोफेसर केंटारो फुजिता कहते हैं कि इच्छाशक्ति को बेहतर बनाने के लिए, बस 'और ज्यादा कोशिश' करना जरूरी है। जबकि आत्म-नियंत्रण में कुछ कौशल शामिल होते हैं, जिन्हें सीखा जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब आत्म-नियंत्रण होता है, तो हम अस्वस्थ आवेगों का विरोध कर सकते हैं और जब हमें कुछ छोड़ने का मन हो, तब भी डटे रह सकते हैं। कुछ मनोवैज्ञानिकों ने इसे 'सबसे बड़ी मानवीय शक्ति' कहा है। जिन लोगों में आत्म-नियंत्रण अधिक होता है, वे दूसरों की तुलना में ज्यादा सफल होते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय में इमोशन और सेल्फ-कंट्रोल लैब के निदेशक एथन क्रॉस ने कहा कि आत्म-नियंत्रण विकसित करना आत्म-सशक्तीकरण से शुरू होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि उन पलों पर ध्यान केंद्रित करें, जब आप किसी लक्ष्य को पूरा करने में सफल रहे हों। आप उन पलों के बारे में भी सोच सकते हैं, जब आपके परिवार का कोई सदस्य या मित्र सफल रहा हो, यानी यदि वे ऐसा कर सकते हैं, तो आप भी कर सकते हैं। आत्म-नियंत्रण में सुधार की कई रणनीतियां हैं, और शोध बताते हैं कि सिर्फ एक को चुनने की तुलना में कई रणनीतियां आजमाना बेहतर है। यहां कुछ विकल्प दिए गए हैं, जैसे दिनचर्या बनाना, अपनी प्रगति पर नजर रखना, अपने आसपास सकारात्मक लोगों को रखना और खुद के बजाय समूह की भलाई पर ध्यान देना। आत्म-नियंत्रण तब आसान होता है, जब आप भावनाओं और प्रलोभनों को कम करने या किसी विशिष्ट लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए अपने विचारों को पुनः ढालते हैं। जब लोगों को अपनी भावनाओं पर काबू पाने में दिक्कत होती है, तो उनका मूड अक्सर नकारात्मक विचारों से बिगड़ जाता है। संतुलन पाने के लिए उस विचार को ज्यादा तटस्थ तरीके से ढालने की कोशिश करें।मन में स्पष्ट लक्ष्य रखने से आपको आत्म-नियंत्रण के लिए एक ढांचा बनाने में मदद मिल सकती है। बेहतर आत्म-नियंत्रण हासिल करने के प्रयास में यदि आप समय-समय पर चूक जाते हैं, तब भी आप अपने लक्ष्य की ओर प्रगति कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति और दर्शन की नैतिकता, लोकाचार और मूल्यों पर बहुत मज़बूत नींव है। भारतीय संस्कृति कई संस्कृतियों का सम्मिश्रण है और बौद्धों, हिंदुओं, मुसलमानों, जैनियों, सिखों और विभिन्न जनजातीय आबादी के बीच संस्कृतियों का महत्वपूर्ण सम्मिश्रण हुआ है। भारतीय प्रबंधन मॉडल के दो मुख्य सिद्धांत हैं, अर्थात् मानवीय मूल्य और समग्रता। मानवीय मूल्य आध्यात्मिक, नैतिक और आचारिक मूल्यों को संदर्भित करते हैं। भारतीय प्रबंधन एक आध्यात्मिक मॉडल है। यह विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं और संस्कृति में निहित मूल्यों पर आधारित है।



## झारखंड भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

# पीएम की विकसित भारत यात्रा में झारखंड पीछे नहीं : बाबूलाल

- डॉ रवींद्र ने कहा- कार्यक्रम भारत की विकास यात्रा का एक संक्षिप्त दस्तावेज होता है
- कर्मवीर सिंह ने कहा, विज्ञान और विरासत के आधार पर बनेगा विकसित भारत





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को आम जनता के साथ बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 124वें संस्करण को सुना। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह जिलांतर्गत चंदौरी मंडल में बूथ संख्या 116 पर] कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने सरिया मंडल के बूथ संख्या 111/112 पर और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची महानगर के सुखदेव नगर मंडल स्थित बूथ संख्या 114 पर कार्यक्रम को सुना। कर्मवीर सिंह के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक बंका आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम एक प्रेरक कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत की प्रगति, प्रकृति, संस्कृति, युवाओं के प्रयास, महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय अपने संबोधन में शामिल किए जाते हैं, जो नई पीढ़ी को नई दिशा देता है।

मरांडी ने कहा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित भारत की यात्रा पर निकल पड़ा है, जिसमें झारखंड राज्य भी प्रमुखता से शामिल है।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि भारत का जन-मन एक महीने तक प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार करता है। यह कार्यक्रम भारत की विकास यात्रा का एक संक्षिप्त दस्तावेज होता है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा विज्ञान और विरासत के साथ आगे बढ़ रही है। भारत के प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समावेश से आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का सपना नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा होगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा सहित प्रदेश, जिला और मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में बूथ पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

# गोडसे की पूजा करने वाले महात्मा गांधी को नहीं मान सकते : डॉ तनुज

- झामुमो नेता ने कहा- गांधी की राह अहिंसा की है, भाजपा की राह गोडसे की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने रविवार को कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का यह बयान कि 'मोदी जी महात्मा गांधी के विचारों पर नहीं चलते', केवल एक व्यक्तिगत राय नहीं, बल्कि भाजपा की असली सोच का खुला कबूलनामा है।

डॉ तनुज खत्री ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि यह वही भाजपा है, जिसने संसद में नाथूराम गोडसे को 'देशभक्त' कहने वालों को बचाया था। आज उनके सांसद खुलेआम कह रहे हैं कि देश के प्रधानमंत्री महात्मा गांधी के विचारों पर नहीं चलते, इससे बड़ा विचारधारा का पदार्फाश और क्या होगा?

डॉ खत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने इस देश को सत्य, अहिंसा और लोकतांत्रिक संवाद की राह दिखाई थी। अगर देश के प्रधानमंत्री उस राह पर नहीं चल रहे हैं, तो सवाल उठता है कि फिर वे किस रास्ते पर चल रहे हैं। कहीं वह वही रास्ता तो नहीं, जिसने महात्मा गांधी की हत्या की सोच को जन्म दिया था।

डॉ तनुज खत्री ने कहा कि हमारा देश महात्मा गांधी के विचारों पर चलता है और हम उन्हीं में आस्था रखते हैं। भाजपा का यह दोहरा चरित्र अब जनता के सामने आ चुका है। अगर महात्मा गांधी को न मानने वाला प्रधानमंत्री देश का नेतृत्व कर रहे हैं, तो यह केवल लोकतंत्र के लिए नहीं, बल्कि देश की आत्मा के लिए भी खतरे की घंटी है।

# नामकुम ग्रिड डकैती कांड में 9 अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित पावर ग्रिड में हुई लाखों की डकैती में शामिल 9 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस करके इसका खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि लूट की इस घटना में शामिल दिनेश लोहरा, राजेश कुमार, शाहिद अंसारी, ललन भुइयां, जीतू कुमार, फुरकान मलिक, विरेंद्र बेदिया, दीपक कुमार और जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से मोबाइल फोन समेत कई अन्य सामान भी बरामद हुआ है। ज्ञात हो कि 15 जुलाई को नामकुम स्थित विद्युत सब स्टेशन हाइटेंशन मैदान के पास 20-25 अज्ञात अपराधियों ने धावा बोलकर वहां मौजूद कर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना लिया था। इसके बाद अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था।

**एसआईटी की कार्रवाई :** पावर ग्रीड में हुई डकैती की घटना के खुलासे के लिए एसएसपी ने एसआईटी का गठन किया। इस टीम में नामकुम थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। एसआइटी ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की जानकारी जुटायी और अपराधियों तक पहुंची। पुलिस टीम ने अभियान चलाकर कुल नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में से एक दिनेश लोहरा उर्फ दिनेश करमाली ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि उसने अपने 10 अन्य साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। उसने यह भी बताया है कि डकैती किए गए सामान को पुंदाग क्षेत्र के कबाड़ी दुकानदारों, फुरकान मल्लिक और दीपक कुमार सोनी को 253.75 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा है। जिससे उन्हें कुल 1.73 लाख रुपए मिले थे, जिसे सभी ने आपस में बांट लिया था।

# सरकार हर मोर्चे पर नाकाम विस सत्र में बनाएंगे मुद्दा : सुदेश महतो

## आजसू पार्टी प्रमुख ने कहा

- जनता के हितों की रक्षा में पूरी तरह विफल रही है झामुमो-कांग्रेस की सरकार
- दूसरी बार बनाई सरकार, पर दोनों पार्टियों को जनमुद्दों की फिक्र तक नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने रविवार को कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा सत्र में उनकी पार्टी हेमंत सरकार की नाकामियों को मुद्दा बनाएगी। झामुमो-कांग्रेस ने जनता को दिग्भ्रमित कर दूसरी बार सरकार बनाई है, लेकिन मंत्रियों को जनमुद्दों की फिक्र तक नहीं है। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में मिलन समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए ये बातें कही।

महतो कहा कि आजसू ने हेमंत सरकार को अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए 6 माह का समय दिया था। लेकिन, 9 माह बीत जाने के बाद भी झामुमो-कांग्रेस की सरकार जनता के हितों की रक्षा में पूरी तरह विफल रही है। आजसू पार्टी प्रमुख ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, माफिया और आपराधिक गिरोहों का दबदबा कायम है। कोयला, बालू, गिट्टी की तस्करी खुलेआम हो रही है। चुनाव जीतने के लिए झामुमो ने मंईयां योजना का इस्तेमाल किया, लेकिन अब 6 लाख महिलाओं का नाम क्यों काटा जा रहा है। इसके लिए सरकार को जवाब देना होगा। मिलन समारोह में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, मुकुंद मेहता, संजय मेहता, इम्तियाज अहमद नज्मी, कुमुद वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, ऋतुराज शाहदेव, शहजादा अनवर, शादाब रजा आदि उपस्थित थे। संचालन संजय साहू ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मो. कैफ ने किया।



### विभिन्न प्रखंडों से आजसू में आए झामुमो-कांग्रेस से कई कार्यकर्ता

आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में झामुमो-कांग्रेस को छोड़ कई कार्यकर्ता आजसू पार्टी में शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत पट्टा और माला पहना कर किया। सदमा पंचायत, ओरमांझी के पूर्व मुखिया हरिलाल मुंडा, अमित टोप्पो, मोतीलाल टोप्पो, कांके क्षेत्र के मो वसीम, मो शाहबाज, रवींद्र नाथ चटर्जी, मकसूद खान, इकबाल आलम, रिजवान, राज, ओम प्रकाश साव, शाहिद, रितेश कुमार, बबलू मंसूरी, मुकेश कुजूर, अहमद अली, शाहिद अहमद एवं सलाउद्दीन सहित अनेक लोग पार्टी में शामिल हुए।

# नियुक्ति प्रावधानों में बदलाव का एबीवीपी ने किया विरोध

## विधायक सीपी सिंह को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रांची महानगर द्वारा झारखंड विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 में प्रस्तावित कुलपति और विश्वविद्यालयों के अन्य पदों की नियुक्तियों को राज्य सरकार के अधीन करने के प्रयासों का पुरज़ोर विरोध किया गया। एबीवीपी ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि यह विधेयक उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता एवं गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, कुलपति, रजिस्ट्रार, शिक्षकगण एवं अन्य कर्मियों की नियुक्ति सीधे राज्य सरकार के अधीन होगी, जिससे राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। परिषद ने यह भी उल्लेख किया कि अगर विश्वविद्यालयों को झारखंड लोक सेवा आयोग , झारखंड अधिविद्य परिषद और राज्य सरकार के अन्य निकायों की तर्ज़ पर संचालित किया गया, तो यह न केवल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त करेगा, बल्कि अकादमिक संस्थानों की गरिमा और गुणवत्ता को भी ठेस पहुंचाएगा। एबीवीपी ने मांग की है कि राज्य सरकार शिक्षा संस्थानों को संविधान में प्रदत्त स्वायत्तता के अनुरूप स्वतंत्र रूप से कार्य करने दे, जिससे विश्वविद्यालयों में योग्य व पारदर्शी नियुक्ति की प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। एबीवीपी रांची महानगर ने राज्य सरकार से इस विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस पर विचार नहीं किया गया, तो प्रदेशभर में छात्र आंदोलन किया जाएगा।

## कांके डैम पार्क बचाओ समिति ने दिया धरना

# डैम के आसपास चल रहे निर्माण नियमों का कर रहे हैं दुरुपयोग : नकुल तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** कांके डैम पार्क बचाओ समिति के सदस्यों ने रविवार को कांके डैम पार्क के मुख्य गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना का उद्देश्य था कांके डैम स्थित बच्चों के पार्क, छठ घाट, सरना स्थल जाने के रास्ते सुबह टहलने वाले लोगों को प्रातः अंदर आने जाने पूरे क्षेत्र के सुव्यवस्थित पार्क को पूरी तरह से तोड़ फोड़ करते हुए उससे अस्थायी रूप से बंद करने के खिलाफ किया गया था। इस प्रदर्शन में बोलते हुए समिति के अध्यक्ष नकुल तिर्की ने कहा कि क्षेत्र की जनता और आस पास के सामाजिक और धार्मिक समिति के लोगों के द्वारा बहुत दिनों से आवाज बुलंद की जा रही हैं कि कांके डैम के आसपास कुछ बड़े निर्माण कार्य चल रहा है और उसमें पर्यावरण संरक्षण के नियमों का दुरुपयोग करते हुए पेड़ पौधों को काटा जा रहा है। छठ घाट को पूरी तरह तोड़ा जा रहा है। भविष्य में किसी भी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान पर पाबंदी लगाने का भय होने के कारण हम कांके रोड के निवासियों ने यह निर्णय किया की हम अपने इस धरोहर को बर्बाद होने से बचाने के लिए संगठित होकर आंदोलन करना होगा। इसी निमित यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। भविष्य में आंदोलन को गति देने की आवश्यकता है। छठ पूजा समिति के बलराम प्रसाद और राजेश राम ने इस प्रदर्शन में शामिल होकर इस तरह के किसी भी निर्माण कार्य को नहीं करने देने के लिए अपनी बात रखी। सरना समिति मिसिर गोंदा के जगरनाथ उरांव और मंगा उरांव ने जल जंगल और जमीन के साथ विकास के नाम पर यह निर्माण कार्य रोकने के लिए सरकार से निवेदन किया उन्होंने कहा कि यह निर्माण से हमारे धार्मिक अनुष्ठान में बाधा उत्पन्न होने की खतरा है इससे अविलंब रोका जाना चाहिए। दुर्गा पूजा समिति के राजेश रजक विष्वनाथ सरकार राजू रजक ने इस तरह के किसी भी निर्माण का अंतिम चरण तक आंदोलन करने की बात की सामाजिक कार्यकर्ता अमृतेश पाठक ने कांके रोड के निवासियों को इस जन विरोधी कार्यो के लिए सजग रहने के जन आंदोलन करने पर बल दिया। सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश सिंह जग्गू ने मुख्यमंत्री सहित विभाग के उच्च स्तरीय बातचीत के लिए सहयोग करने की बात कही। मोर्निंग वाकर संघ के रमेश सिंह ने प्रातः काल टहलने वाले बुजुर्गों के लिए अविलंब पाथवे का निर्माण करने की बात करते हुए जनता को इस जन विरोधी कार्य को न होने देने के लिए अपनी संघ के साथ होने की बात की।

## विस्थापन से आदिवासियों का अस्तित्व मिट जाएगा : राजेंद्र प्रसाद



- बोले मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष, रिम्स 2 का निर्माण गैर मजरूआ जमीन पर हो

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रिम्स 2 के निर्माण को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विस्थापन झारखंड में अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा, आदिवासी और मूलवासी सदानों का विस्थापन किसी कीमत पर नहीं होना चाहिए। यह मुख्यमंत्री जी को व्यक्तिगत रूप सुनिश्चित करना चाहिए। रिम्स 2 किसी गैर मजरूआ जमीन पर ही बनना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि आदिवासियों की जीविका का आधार जमीन है। आदिवासी विस्थापित होते चले गए, तो इनका अस्तित्व ही मिट जाएगा। प्रसाद ने कहा कि आदिवासी और मूलवासी सदान के लिए विस्थापन अभिशाप बन गया।

## मानविकी विषयों के शिक्षकों के मार्गदर्शन में भी हो कुरमाली में पीएचडी : डॉ महतो

- पूर्व विधायक ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर छात्र हित में कुरमाली भाषा में नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को मानविकी संकाय (संस्कृत, हिंदी, दर्शन शास्त्र) विषयों के शिक्षक/शिक्षिका के निर्देशन में पीएचडी शोध कार्य करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कुलपति से कहा है कि कुरमाली भाषा साहित्य में नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए छात्रों को पीएचडी में पंजीकरण करवाने में आ रही विसंगतियों के कारण अनेक छात्रों का भविष्य अंधकार में हो गया है। डॉ महतो ने इसे लेकर कुलपति को लिखे अपने पत्र में कहा है कि वर्तमान में झारखंड राज्य में केवल रांची विश्वविद्यालय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में ही कुरमाली भाषा में पीएचडी शोध कार्य संचालित हो रहा है। चूंकि कुरमाली भाषा झारखंड राज्य की क्षेत्रीय भाषा है, इसलिए नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण छात्र देश के अन्य विश्वविद्यालयों में जाकर कुरमाली भाषा में पीएचडी शोध करने में अक्षम है। वर्तमान में झारखंड राज्य में कुरमाली भाषा के केवल दो ही नियमित शिक्षक हैं, जिसमें से अभी केवल एक ही शिक्षक पीएचडी शोध कार्य कराने के लिए योग्य हैं, लेकिन उनकी भी सीट भर चुकी है। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि कुरमाली भाषा में पीएचडी शोध कार्य करने के लिए दर्जनों छात्र यूजीसी नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद शोध निर्देशक के अभाव में किंकर्तव्यविमुढ़ की स्थिति में पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा है कि जब से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय को मानविकी संकाय से अलग किया गया है, तब से कुरमाली भाषा के शोध छात्र मानविकी (संस्कृति और हिंदी) के शोध निर्देशकों के अंतर्गत पीएचडी में पंजीयन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि पहले संस्कृत और हिंदी विषयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं के शोध निर्देशन में कुरमाली भाषा के छात्र पीएचडी शोध कार्य करते थे, जिससे उनका भविष्य प्रभावित नहीं होता था।

# न्यूज बॉक्स

## रातू के सैकड़ों लोगों ने ली झामुमो की सदस्यता



**रांची।** रांची के हरमू स्थित झामुमो के केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में रविवार को रातू के सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। इनमें महिलाएं भी शामिल थीं। झामुमो के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व से प्रभावित होकर इन्होंने सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई और झामुमो परिवार में सभी का स्वागत किया। साथ ही, पार्टी की नीति सिद्धांतों एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए झामुमो को मजबूत कर राज्य के विकास में योगदान देने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व में सदस्यता लेने वालों मे मुख्य रूप से भाजपा के रातू मंडल के मंत्री रहे अविनाश लकड़ा, अमित सिंह, पंकज साहू, अभिषेक कुमार राजभर, कांग्रेस के वरीय सदस्य रहे प्रकाश उरांव, वार्ड सदस्य कमड़े रातू ममता कुमारी के नेतृत्व में अनीता देवी, शोभा कुमारी, रेखा देवी, मंगरा उरांव, तिग्गा, महेंद्र सिंह, अमर सिंह, कुंदन सिंह, सुक्खू उरांव, अशोक गुप्ता, अजय मिर्धा, बबलू लोहरा, अलबेला लकड़ा, अनुभव यादव, बादल मिर्धा, अनूप लकड़ा एवं अन्य लोग शामिल थे।

## मानव तस्करी के चार नाबालिग रेस्क्यू



**रांची।** आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रांची मंडल में आरपीएफ की सतर्कता से एएचटीयू की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार को को ट्रेन संख्या 13351 एक्सप्रेस में कोच एस 6 में संदिग्ध अवस्था में 4 नाबालिग बच्चों और 2 वयस्क व्यक्तियों को पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया कि बच्चों को तमिलनाडु के तिरुपुर ले जाया जा रहा था, जहां उन्हें एक कंपनी में काम पर लगाया जाना था।पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें रजु अंसारी और आरिश अंसारी ने काम का लालच देकर भेजा था। दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ठेकेदार शोभिक कुमार गोप के निर्देश पर बच्चों को काम के लिए तिरुपुर ले जा रहे थे और इसके बदले उन्हें 3500 की दलाली भी दी गई थी।आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर सुनीता तिर्की द्वारा एक मोबाइल फोन, रेलवे टिकट और 3500 की राशि का स्क्रीनशॉट जब्त किया गया। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों आरोपियों को एएचटीयू पीएस कोतवाली को सौंपा गया।

## डकैती करने आए बंगाल के 3 गिरफ्तार

**रांची।** ओरमांझी में निर्माणाधीन भारत माला प्रोजेक्ट रोड के पास पावरग्रिड में डकैती करने गए अंतरराज्यीय गिरोह के तीन गुर्गों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के रहने वाले इन डकैतों में जयप्रकाश पासवान, दिनेश चौधरी और भोला चौधरी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से देसी पिस्टल, कारतूस, मोबाइल, बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो गाड़, तार कटर आदि जब्त किया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से घूमकर वारदात कर रहे थे। शनिवार को ओरमांझी में पावरग्रिड की रेकी होने का पता चला। इसके बाद सिल्ली डीएसपी अनूज उरांव के नेतृत्व में टीम गठित करके घेराबंदी की गई। इसी बीच कॉपर क्वायल चोरी की साजिश रच रहे अपराधियों को पकड़ लिया गया। पता चला कि गैंग के गुर्गों पर दुर्गापुर, राजरप्पा, गोला समेत कई जगह मामले दर्ज हैं।

**कार्यक्रम** 'भारतीय ज्ञान परंपरा व समकालीन समाज' विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# हमें भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए : दीपिका पांडेय सिंह

- रवींद्र शुक्ल ने कहा- भारतीय ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व को दिशा दे सकती है

**नवीन मेल संवाददाता**




### हमारी संस्कृति और परंपरा जीवंत धरोहर है : सीपी सिंह

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक सीपी सिंह ने कहा, हमारी संस्कृति और परंपरा केवल गौरवशाली अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि एक जीवंत धरोहर है, जो हमारे जीवन को दिशा देती है। आज जब दुनिया में सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम अपनी अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। हिंदी साहित्य भारती और केंद्रीय हिंदी संस्थान का यह प्रयास अनुकरणीय है।

**रांची।** राजधानी रांची स्थित पुराना विधानसभा सभागार में रविवार को केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा और अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती, झारखंड इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परंपरा और समकालीन समाज' विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य, भारतीय संस्कृति और शिक्षा से जुड़े अनेक विद्वानों, साहित्यकारों, शोधार्थियों और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

इस अवसर पर झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मोबाइल के जरिए सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमें अपनी भारतीय संस्कृति और ऋषियों की ज्ञान परंपरा पर गर्व होना चाहिए। जब तक हम अपनी परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात नहीं करेंगे, तब तक भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित करना कठिन होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती द्वारा वैश्विक स्तर पर हिंदी व संस्कृति संवर्धन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना विकसित होती है।

अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री रवींद्र शुक्ल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा हमारे ऋषियों की वाणी और वैदिक संस्कृति की वह मूलभूत अवधारणा है, जो संपूर्ण विश्व को दिशा दे सकती है। गौसेवा आयोग, झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने संगोष्ठी की उपादेयता को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना का यह एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने इसे 'विचारों का उत्सव' बताया। केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ रंजन कुमार दास (भुवनेश्वर) ने कहा, भारतीयता एक जीवनशैली है, जो आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक हो गई है। शिक्षा, संस्कृति और भाषा के समन्वय से ही समाज को दिशा दी जा सकती है।

हिंदी साहित्य भारती के केंद्रीय महामंत्री रामनिवास शुक्ल ने कहा कि जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को संगठित रूप से प्रस्तुत करें। झारखंड इकाई की सराहना करते हुए कहा, समय की मांग है कि हम अपने साहित्य और सांस्कृतिक मूल्यों को संगठित रूप से प्रस्तुत करें। यह आयोजन उस दिशा में एक प्रभावी कदम है।

इस संगोष्ठी में हिमांशु शुक्ल, पूर्व संपादक, दैनिक जागरण (वाराणसी), डॉ सुनीता मंडल, प्रभारी मंत्री, हिंदी साहित्य भारती झारखंड, डॉ सुनीता कुमारी, उपाध्यक्ष, हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, ब्रजेंद्र नाथ मिश्र, प्रदेश मीडिया प्रभारी, हिंदी साहित्य भारती आदि ने भी अपने विचार रखे।

संगोष्ठी में झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा और झारखंड की सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित 35 शोध पत्रों की प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए लगभग 150 प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

संगोष्ठी में बलराम पाठक, जिला अध्यक्ष रांची हिंदी साहित्य भारती, कुमार मनीष अरविंद, राकेश कुमार, महामंत्री, हिंदी साहित्य भारती झारखंड, डॉ संगीता नाथ, उपाध्यक्ष, डॉ आशा गुप्ता, जिला अध्यक्ष, सिंहभूम, रेणु बाला मिश्रा, अरुणा झा, डॉ स्नेह लता, अनुज कुमार पाठक, रामप्रवेश पंडित, संजय सराफ, संजीव दत्ता सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# सद्गुरु स्वतंत्र देव जी महाराज का 78वां जन्मोत्सव मना



- रांची में भक्ति, समर्पण और अध्यात्म का अनुपम संगम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लालजी हिरजी रोड स्थित सत्य गंगा ऑर्किड परिसर में विहंगम योग संत समाज द्वारा सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज का 78वां जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और संतवाणी के संग हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूर्ण समर्पण भाव से भाग लिया। भक्ति, साधना और श्रद्धा की त्रिवेणी में डूबा यह आयोजन एक साधारण धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के अद्वितीय मिलन का प्रतीक बन गया। सत्संग स्थल पर मौजूद प्रत्येक चेहरा एक ही प्रकाश से दीप्त था — सद्गुरु के प्रेम और आशीर्वाद का।

सद्गुरु के जीवन पर भावपूर्ण प्रस्तुति

विहंगम योग मासिक पत्रिका के संपादक एवं संत समाज के प्रमुख स्तंभ, परम श्रद्धेय कवि श्री सुखनंदन सिंह 'सदैव' जी ने इस अवसर पर अत्यंत मार्मिक और प्रेरक शैली में सद्गुरु स्वतंत्र देव जी महाराज के जीवन के गौरवशाली प्रसंगों को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया किः "विश्व के समस्त पंथ और विचारधाराएं जहां आत्मा को परमात्मा से मिलाने में असमर्थ हैं, वहीं विहंगम योग वह दिव्य प्रणाली है, जो सहज और अनुभवात्मक मार्ग से जीव को उसके परम लक्ष्य तक पहुंचाने की सामर्थ्य रखती है। उनकी वाणी में न केवल ज्ञान था, बल्कि वह ऊर्जा भी थी जो श्रद्धालुओं को भीतर तक झंकृत कर गई।

## मिस और मिसेज सावन क्वीन का हुआ समापन



**रांची।** डब्ल्यूएएमएस की ओर से आयोजित मिस और मिसेज सावन क्वीन 2025 का भव्य आयोजन रविवार को होटल आदित्या में हुआ। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चला, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी सुंदरता, आत्मविश्वास और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में दोनों कैटेगरी में 15-15 प्रतिभागियों ने भाग लिया और रैम्प वॉक, व्यक्तित्व और टैलेंट के माध्यम से अपने आप को प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष 5 मिस और शीर्ष 5 श्रीमती विजेताओं को ट्रॉफी, ताज और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस शानदार आयोजन के पीछे रहे वसीम आलम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है पौधरोपण : हरमिंदर सिंह



**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में रविवार को झारखंड जगुआर कैंपस, टेंडर, रिंग रोड में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 800 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। अभियान में झारखंड जगुआर पुलिस टीम का विशेष सहयोग रहा। क्लब की ओर से पुलिस विभाग को हार्दिक धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने इस अभियान के लिए स्थान, सहयोगी टीम, सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की थी।




## शराबियों, जुवाड़ियों और लैला मजनुओं का अड्डा बन गया है जाकिर हुसैन पार्क

# देश के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति के नाम पर बने पार्क में असामाजिक तत्वों का कब्जा

- पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के नाम बने पार्क की दुर्दशा
- शराबियों के हवाले पार्क
- जाकिर हुसैन पार्क देख रेख का मोहताज़
- उप प्रशासक ने पहले भी दिया था आश्वाशन, पार्क की होगी सफाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजभवन से लगे हुए पुराने पार्क जो स्वतंत्रता सेनानी और देश के तीसरे राष्ट्रपति और पहले अल्पसंख्यक राष्ट्रपति डॉक्टर ज़ाकिर पार्क की दुर्गति पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सिर्फ मुख्य द्वार पर लगे धुंधले से साइन बोर्ड को देखकर लोगों को याद पड़ता है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर बने किसी के ध्यान में नहीं। यहां तक की अल्पसंख्यक राजनीती करने वाले नेताओं का भी ध्यान इस और आकर्षित नहीं होता है. नवीन मेल ने पहले भी पार्क के दुर्गति पर सवाल उठाए थे जिसपर नगर निगम के उप्रशासक रविन्द्र कुमार ने पार्क की दयनीय स्थिति पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। इस बात को महीने गुजर गए पर कोई बदलाव या साफ- सफाई नहीं देखने को मिली। हाला ही में नगर निगम के वर्तमान प्रशासक ने भी नवीन मेल के एक साक्षातकार में कहा था कि राजधानी स्थित सभी पार्क के रखरखाव की तैयारी चल रही है। हालांकि एलिवेटेड कॉरिडोर के अंतिम छोर के पास एनएचएआई ने ऊंची दीवार खड़ी कर पार्क को मूत्रालय बनने से तो रोक दिया है. लेकिन पार्क का जीर्णोद्धार कब होगा किसी को पता नहीं है।










## फिर से जाकिर हुसैन पार्क हुआ देख रेख का मोहताज

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर राजधानी के नगर निगम क्षेत्रों में आने वाले पार्क का सौन्दर्यकरण करवाया गया जिसमें की रातों रात जाकिर हुसैन पार्क को भी तंदुरुस्त किया गया था। लेकिन वह देख रेख सिर्फ एक दिन की ही थी। आज की तारीख में पार्क कचरे के ढेर के में तब्दील हो गया है। पार्क को घेरने के लिए लगाए गए ग्रिल जंग लगे और टूटे हुए है। पार्क के अन्दर जहां तहां सूखे पौधे फेंके हुए हैं। नगर निगम कार्यलय रांची से महज कुछ दूरी पर बनाया गया यह पार्क निगम की नजरों से अछुता है। पार्क के अन्दर की स्थिति किसी कचरे खाने से कम नहीं हैं। कई सीमेंट से बने बेंच टूटे हुए है तो कहीं टूटी दीवारे। इन सब के बीच गौर करने वाली चीज है कि यह पार्क अब शराबियों का बेहतरीन अड्डा बन चूका है. पार्क के भीतर शराब की बोतले फेंकी पड़ी है. पनी की बोतल डिस्पोजल ग्लास और अन्य कई चीजे जो शायद पार्क के भीतर नहीं होनी चाहिए थी. साथ ही पार्क के बाहर ऑटो चालकों का जमावड़ा भी रहता है।

**महीनों बाद भी स्थिति वही**

## जाकिर हुसैन पार्क के पास से अक्सर मठाधीशों का होता है आवागमन

डॉ जाकिर हुसैन जैसे महापुरुष के नाम पर राजधानी के बीचोंबीच बने पार्क पर किसी की नजर नहीं हैं और ना ही परवाह है। राजभवन के रास्ते से मंत्रियों, विधायकों का गुजरना होता है उसी रास्ते पर यह पार्क बना है लेकिन फिर भी सबकी नजरों से अछूता है। कहा जा सकता है जाने अंजाने लापरवाही के कारण जाकिर हुसैन पार्क का अपमान हो रहा।

## बीआईटी मेसरा में अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

- सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीकों से लोगों को कराया गया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी मेसरा के ईसीई विभाग ने कम्युनिकेशन एंड स्मार्ट डिवाइसेज पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन हुआ।

सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत डॉ सुमित चक्रवर्ती, एसोसिएट प्रोफेसर केनेसॉ स्टेट युनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा ऑनलाईन प्लेनेरी सत्र के साथ हुई। उन्होंने 5 जी तकनीकों एवं सैल्युलर यूएवी ऐप्लीकेशन्स के महत्व पर रोशनी डाली।

प्रोफेसर गणपति पांडा, प्रोफेसर एवं रीसर्च अडवाइसजर, सीवी रमन ग्लोबल युनिवर्सिटी-उड़ीसा, भुवनेश्वर ने विभिन्न प्रकार की सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीकों तथा चिकित्सा विज्ञान एवं रोजमर्रा के जीवन में इनके अनुप्रयोगों के बारे में बताया। डॉ राजीव कुमार रंजन, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईएसएम), धनबाद ने नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं वीएलएसआई टेक्नोलॉजी जैसे मेमरिस्टर आधारित एम्युलेटर डिजाइन पर जानकारी दी। डॉ मनीष ओकाडे, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला ने साइबरवर्ल्ड की सुरक्षा के लिए ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी तथा इसके विभिन्न अनुप्रयोगों जैसे ब्लॉकचेन आधारित डिग्री, सेंट्रल बैंकिंग सिस्टम आदि पर ज़ोर दिया।

**आज / कल**




## श्री जीण माता जी का सावन सिंधारा उत्सव मना

**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति रांची की ओर से आदि शक्ति श्री जीण माता जी का सावन सिंधारा उत्सव रविवार को स्थानीय स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में हुआ। उत्सव की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। माता की ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। पुरुलिया से आई भजन गायिका शीतल कटारूका ने माता के भजनों की शुरुआत की। अपने मधुर भजनों से उन्होंने पूरे उत्सव में जीण भक्ति रस की वर्षा की। उनके द्वारा गए गए प्रमुख भजन फूल बिछाओ आंगन में मेरी मैया आने वाली है... और आन पधारो झूला में मां भक्त करे मनुहार... जैसी भजनों पर भक्त काफी विभोर हुए।

**दीदी मनमोहिनी का स्मृति दिवस मनाया गया, निर्मला बहन ने कहा**

# दीदी का भगवान से मिलने का भाव हुआ था पूरा

- ब्रह्मकुमारी दीदी मनमोहिनी का जीवन एक प्रेरणादायक उदाहरण है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र हरमू रोड में यज्ञ की प्रथम समन्वयक नियंत्रक दीदी मनमोहिनी का स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मीठी दीदी जी प्रति श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजली अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने दीदी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि ब्रह्मकुमारी दीदी मनमोहिनी जी का जीवन एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि कैसे निःस्वार्थ सेवा नम्रता और सच्चाई के साथ जीवन जीया जा सकता है। दीदी जी योग में पक्की थीं और बाबा की सच्ची दिलरूबा, सच्ची गोपी थीं।

हुंडई मोटर्स के अमरजीत ने कहा कि दीदी जी कहती थीं कि यदि विशेष आत्मा बनना है तो सबकी विशेषता देखो। दीदी जी की विशेषताओं का अनुसरण करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजली देना है।

केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि दीदी जी का लौकिक जन्म हैदराबाद के जाने माने धनाढय परिवार में हुआ था। दीदी जी का लौकिक नाम गोपी था। बाल्यकाल से सत्संग में रूचि एवं गीताज्ञान से विशेष प्रेम था। भागवत में गोपियों के प्रसंग में यह पढ़कर कि वे भगवान के प्रेम में अपनी सुध-बुध खो बैठती थीं, दीदी के मन में भी भगवान से मिलने के भाव उत्पन्न होते थे। उनके सच्चे दिल की आश पूरी हुई। जिस सच्चे गीता ज्ञानदाता की उन्हें खोज थी वह उन्हें मिल गया। लौकिक पिता के असमय देह त्याग के कारण उनकी माता जी अशांत रहती थीं तभी उन्हें दादा लेखराज के सत्संग के बारे में पता चला। माता जी ने सत्संग में जाना आरंभ किया। दादा लेखराज प्रतिदिन अपने निवास स्थान पर ऐसी प्रभावशाली एवं मधुर रीति से गीता सुनाते कि वस मन उसी में रम जाता। उनके मन में वैराग्य तो था ही उन्हें वहॉ प्रभु स्मृति का आनंद प्राप्त होने लगा। षीघ्र ही दीदी जी भी प्रभु मिलन की आष लिये वहॉ गई। वहॉ उन्होंने देखा ब्रह्मा बाबा के मुख मण्डल से पवित्रता का तेज और रूहानियत से प्राप्त होने वाली षांति की कांति तथा दिव्यता की चाँदनी बरस रही थी। दीदी जी भी उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकी। इस अवसर पर ब्रह्माभोजन का भी आयोजन किया गया।




# पति की लंबी उम्र व खुशहाल परिवार के लिए महिलाएं करती हैं हरियाली तीज

**मान्यता के अनुसार शिव पार्वती के पुनर्मिलन पर हरियाली तीज की हुई थी पूजा**

**हरे आभूषणों और वस्त्रों को पहन कर सजती संवरती हैं महिलाएं**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सावन का महीना आते ही सभी ओर महादेव की जय जयकार होने लगती है। ऐसे में जहां एक तरफ शिव धाम जाने के लिए महिला, पुरुष, वृद्ध और बच्चे काफी उत्साहित रहते हैं, वहीं दूसरी तरफ सावन माह में ही पड़ने वाले हरियाली तीज का भी व्रत महिलाएं पूरे मन और श्रद्धा से करती हैं। हरियाली तीज का भी अलग महत्व होता है। इसे भारत देश की कई क्षेत्रों की महिलाएं अपनी परंपरा के अनुसार करती हैं। हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। सावन में जब सम्पूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से घिरी होती है उस मौके पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। हरियाली तीज को अलग अलग जगहों पर अलग अलग नामों से भी जाना जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे कजली तीज के रूप में मनाते हैं। सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत महत्व रखता है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। चारों ओर हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं और आनन्द भी मनाती हैं।



### विवाह के बाद पहला हरियाली तीज का व्रत कर रही नंदिनी माहेश्वरी



हरियाली तीज में शिव पार्वती की पूजा की जाती है। ये व्रत पति की लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य के लिए पत्नियां करती हैं। पति की लंबी उम्र की कमाना तो हैं ही साथ ही साथ घर में सुख शांति और समृद्धि के लिए भी यह व्रत की जाती है। अपने वैवाहिक जीवन को सुखद और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए तीज का व्रत महिलाएं खुशी ओर स्वेच्छा से करती हैं। नंदिनी ने बताया यह तीज का व्रत उनका पहला व्रत है। उन्होंने कहा कि काफी खुशी है मन में ओर उत्साह भी है।

### मान्यता है कि शिव पार्वती के पुनर्मिलन को याद कर मनाया जाता है हरियाली तीज : श्वेता भाला



मान्यता है कि हरियाली तीज शिव पार्वती के पुनर्मिलन की याद में मनाया जाता है। माता पार्वती ने कठोर तप करके शिवजी को पति के रूप में पुन: प्राप्त किया था। इसलिए इसे पुनर्मिलन का दिन कहते हैं। यह दिन विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के लिए खास होता है। हम अपने जीवनसाथी की लंबी उम्र और अपने दांपत्य जीवन के सुख की कामना के लिए व्रत रखते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं सोलह श्रृंगार करती है बिंदी, सिंदूर, हरी चूड़ियां, मंगलसूत्र, बिछिया, पायल, मेहंदी,अलता और अपनी शादी का जोड़ा पहन कर फिर से एक बार दुल्हन की तरह खुद को सजाती है। इसी तरह हर साल हरियाली तीज का त्योहार मनाते हैं। श्वेता ने बताया कि पूजा के लिए घर में ही शिव और पार्वती की जोड़ी बनते हैं जिसमें की भगवान शिव के ऊपर नीम को मां पार्वती के रूप में सजाते हैं।

### पति पत्नी के खुशहाल जीवन के लिए महिलाएं करती है हरियाली तीज : रश्मि मालपानी



शुरू से ही घर के बड़े बुजुर्ग हरियाली तीज का व्रत करते आए हैं। यह संस्कृति है हमारी। उन्होंने कहा कि महादेव तो हमारे परमपिता परमेश्वर हैं। उनकी आराधना कर उनसे आशीर्वाद लेते हैं हरियाली तीज के जरिए। उन्होंने कहा कि खासतौर पर पति पत्नी के खुशहाल जीवन के लिए हरियाली तीज को किया जाता। महिलाएं आज के दिन सुबह से लेकर शाम तक व्रत में रहती हैं। रश्मि ने बताया कि महिलाएं अपनी- अपनी परंपरा के अनुसार व्रत करती हैं। कई महिलाएं रात में व्रत के बाद भोजन कर लेती हैं तो वहीं जिन्होंने मन्नत मांगी होती है वह निर्जला भी करती हैं।

## हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष का हुआ चुनाव



**रांची।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में रविवार को एनुअल जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष उपाध्याय एवं सदस्य का चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष : महेश कुमार ( हरियाणा), कोषाध्यक्ष : गुरप्रीत सिंह गिल (पंजाब), सचिव प्रितपाल सिंह सलूजा (मध्य प्रदेश) शामिल हैं। वहीं झारखंड स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं सचिव - खुर्शीद खान को रेफरी बोर्ड के चेयरमैन बनाया गया है।हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सभी चयनित पदाधिकारी को रांची जिला हैंडबॉल संघ की ओर से बधाई दी गई।

## 23 कराटेकारों को डान ग्रेड प्रदान किया गया



**रांची।** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में रातू रोड स्थित श्री अरविंदो सोसाइटी कराटे सेंटर में ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन का आयोजन किया गया। इस बेल्ट ग्रेडेशन में शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के झारखंड राज्य के 19 कराटेकारो ने ब्लैक बेल्ट,1 ने ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान,2 ने तृतीय डान एवम् 1 ने चतुर्थ डान की परीक्षा में सफल हुए। शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मुख्य कराटे प्रशिक्षक एवम् मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हँसी मानस सिन्हा द्वारा ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट लिया गया। ग्रेडेशन में सहयोग कियोशी नरेंद्र सिन्हा एवम् शिहान रंजीत मेहता ने किया। उत्तीर्ण होने वाले सभी करटेकरों को अरबिन्द सोसाइटी हेसल ब्रांच के सचिव रमेश भाई के द्वारा मोमेंटो एवम् हांशी मानस सिन्हा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर हांशी मानस सिन्हा द्वारा कराटे के सीखने के फ़ैयदे के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। यह भी बताया गया की आज के दिन में कराटे सेल्फ डिफेंस के साथ साथ एक अच्छा स्पोर्ट्स भी है।

## बिजुपाड़ा व हुटार से भक्तों का दल देवघर के लिए रवाना




**मांडर।** नवयुवक कांवरिया संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश मिस्त्री एवं नरेश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाएं एवं श्रद्धालुओं देवघर के लिए बस से रवाना हुए । श्रद्धालुओं को मांडर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने शुभकामनाएं देते हुए विदा किया एवं सफल यात्रा की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि भोले बाबा पर भक्तों का जो विश्वास है यह हमारे संस्कृति एवं परंपरा का अनूठा संगम है। भोले बाबा भक्तों के कष्ट को हर लेते हैं। इस पवित्र श्रावण मास में देवघर जाना अपने आप में सौभाग्य की बात है। श्रद्धालुओं से सन्नी टोप्पो ने मुलाकात करके इस यात्रा को रवाना किए और कहा कि आप भोले बाबा से मांडर विधानसभा में विकास के लिए एवं बदलाव के लिए मन्नत मांगेंगे।

**भूमि के लगान भुगतान में महीने का राजस्व प्राप्त हुआ एक दिन में**

# सरकार का पायलट क्यूआर कोड सफल पर अभी है बंद

नवीन मेल संवाददाता

- क्यूआर कोड से अत्यधिक पेमेंट प्राप्त होने पर हिट हुआ अकाउंट
- फिर शुरू होगा लगान भुगतान का क्यूआर कोड



**रांची।** राज्य के राजस्व, निबंधन एवं भू सुधार विभाग के मंत्री दीपक विरुआ के आदेश पर पायलट क्यूआर कोड 15 से 20 दिनों के लिए चलाया गया था। दरअसल सरकार चाहती है कि लगान रसीद कटाने के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत हो सके। अपने मोबाइल के ऐप से ही सीधा क्यूआर कोड के माध्यम से लगान रसीद का भुगतान लोग कर सके इसके लिए एक प्रयोग किया गया था जो सफल हुआ लेकिन अभी फिलहाल बंद है। खासकर इसका लाभ बरसात के दिनों में देखने को मिला जब गांव देहात में भारी बारिश में लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकाल पाते हैं, प्रज्ञा केंद्र नहीं पहुंच पाते हैं तब अपने मोबाइल से ही लगान रसीद काट सकते हैं। इसे पायलट क्यूआर कोड का नाम दिया गया था बड़ी तेजी से लोगों ने इसे पसंद किया।इस पर आंकड़े एकत्रित किए गए तो पता चला कि जहां महीने में 3 लाख का राजस्व अकाउंट में प्राप्त होता था वह एक दिन में ही प्राप्त होने लगा। फलस्वरुप अकाउंट हिट हो गया और कोड वापस लेना पड़ा। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस 20 दिनों की प्रक्रिया में पायलट क्यूआर कोड का सफल परीक्षण हुआ जिसमें जनता ने इसे सराहा है और भविष्य में लोगों को प्रज्ञा केंद्र के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। लोग अपने मोबाइल से ही भूमि की लगान रसीद कटा लेंगे क्योंकि क्यूआर कोड दुबारा फिर चालू होगा।

## कुएं में डूबने से एक वृद्ध की मौत



**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के गुड़गुड़ जाड़ी में शनिवार की शाम कुएँ में गिर जाने से लगभग 60 वर्षीय वृद्ध महादेव उरांव की मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को बरामद क़र पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शाम को वे अपने खेत से घर लौट रहे थे। अत्यधिक बारिश के कारण खेत स्थित कुंवा पानी से लबालब भरा हुआ था, जिसके कारण कुएँ का पता नहीं चला और पार होने के क्रम में वें कुएँ में गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामबालक ठाकुर ने इसकी सुचना मांडर थाने को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुएँ से बाहर निकलवाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। रामबालक ठाकुर ने उनके परिवार वालों को ढाढ़स बँधाते हुए पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवाया। साथ हीआपदा राहत के तहत सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि हेतु हर संभव पहल की बात कही।

## 26वें झारखंड रत्न समारोह के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

संवाददाता

**रांची।** लोक सेवा समिति की 34वीं वर्षगांठ पर 26वां झारखंड रत्न समारोह में उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपने कार्यों से राज्य का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष भी महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को राष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद और महासचिव प्रो हरविंदर बीर सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा और नशा मुक्ति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों से अपनी प्रविष्टियां समिति को 31 जुलाई तक भेजने का आग्रह किया है । चयन समिति द्वारा चयनित व्यक्तियों और संगठनों को एक भव्य समारोह में विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा ।कार्यक्रम में प्रेरणा नामक स्मारिका का लोकार्पण किया जाएगा, जो युवाओं में बढ़ती नशा और हिंसा की समस्या केन्द्रित होगा। लोगों से आलेख और संस्थाओं की उपलब्धियां आमंत्रित की गईं हैं।

## गुरुकुल कुटाम में जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां जोरों पर



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में आगामी जन्माष्टमी को लेकर भव्य तैयारियां जोरों पर है। कारीगरों द्वारा भक्तों के स्वागत को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। बताते चलें कि लगभग 180 गांवों में संकीर्तन के माध्यम से निमंत्रण दिया जा रहा है जिससे पूरा क्षेत्र कृष्णमय हो उठा है। इस वर्ष जन्माष्टमी 16 अगस्त दिन शनिवार को मनाया जाएगा ।वहीं श्री कृष्ण के स्वागत के लिए विशाल व आकर्षक पंडाल तैयार किया जा रहा है जिसमें रात्रि के चुने हुए शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्सव के निमंत्रण हेतु 180 गांवों में लगातार कीर्तन,झांकी और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिससे दूर-दूर तक धार्मिक वातावरण तैयार किया जा सके।

## शिवभक्तों का एक जत्था रविवार को बाबाधाम के लिए रवाना




**चान्हो।** नवयुवक कांवरिया संघ हूटार से शिवभक्तों का एक जत्था रविवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने शुभकामनाएं देते हुए विदा किया एवं सफल यात्रा की मंगल कामना की।उन्होंने कहा कि भोले बाबा पर भक्तों का जो विश्वास है यह हमारे संस्कृति एवं परंपरा का अनूठा संगम है। पवित्र श्रावण मास में देवघर जाना अपने आप में सौभाग्य की बात है।

## आठ वार्डों में आज फॉगिंग व लार्विसाइडल का छिड़काव

**रांची।** नगर निगम की ओर से सोमवार को विशेष अभियान में आठ वार्ड में दो पाली में फॉगिंग होगा। निगम की स्वच्छता शाखा की ओर से मच्छर जनित बीमारी की रोकथाम के लिए वार्ड संख्या दो, 11, 20, 22, 34, 40, 46 और 52 की गलियों में सुबह छह से 10 बजे तक लार्विसाइडल कीटनाशी का मशीन के जरिए छिड़काव किया जाएगा। वहीं शाम में छह से रात नौ बजे तक मशीन से फॉगिंग स्प्रे होगा। बताया गया कि शहरवासी अपने निवास स्थान क्षेत्र में एंटी लार्वानाशी कीटनाशक दवाई के छिड़काव किया गया।

## नामकुम में रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात शव बरामद

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के जोरार स्थित सपही नदी पुल के पास रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों से एक अज्ञात युवक का नग्न शव बरामद किया है। मृतक की उम्र लगभग 35 साल बताई जा रही है।

## स्नेहा रानी ने पहले प्रयास में ही जेपीएससी की परीक्षा में 98 वां रैंक हासिल की

नवीन मेल संवाददाता



**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के मुरुपीरी गांव के काठीबर टोला के रामसेवक महतो एवं मंजू देवी की बेटी स्नेहा रानी ने अपने पहले प्रयास में जेपीएसी की परीक्षा में 98 वां रैंक लाकर उत्तीर्ण हुई है। स्नेहा रानी गांव की लड़की है और रांची में रहकर यूपीएसी परीक्षा की तैयारी कर रही थी, इसी दौरान जेपीएसी की परीक्षा की बहाली निकली और वह जेपीएसी की परीक्षा में शामिल हुई और वह 98 वां रैंक लाकर पास की। जेपीएसी के परीक्षा में स्नेहा रानी के अच्छे अंको से सफलता मिलने पर उनके माता पिता एवं परिवार वालों के साथ - साथ बुढ़मू प्रखंड के लोगों ने खुशियां जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. वही रविवार को बुढ़मू प्रखंड के यादव समाज के लोगों के अलावे प्रखंड कई गणमान्य लोगों ने रामसेवक महतो के आवास मुरुपीरी के काठीबर टोला में जाकर जेपीएसी की परीक्षा में 98 वां रैंक लाकर उत्तीर्ण हुए छात्रा स्नेहा रानी को फूल माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर एवं मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके माता और पिता को भी बेटी की जेपीएसी की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालों में यादव समाज के जिला अध्यक्ष रामबिलास गोप, दादा जयनाथ महतो, कपिल यादव, शंकर यादव, शिवनारायण यादव, योगेन्द्र यादव, बीरबल साहू, मुकेश यादव, बलराम यादव, सुरेन्द्र यादव, अजय यादव, बिहारी यादव, शंकर साहू, एवं यादव समाज के जिला मीडिया प्रभारी राजेश यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

## बारिश से मकान क्षतिग्रस्त, पीड़िता ने मांगी राहत, विधायक प्रतिनिधि ने लिया जायजा



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत इराक मोहल्ला निवासी हसरतुन खातून का कच्चा मकान लगातार हो रही बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। दीवारें गिरने और छत जर्जर हो जाने से उनका परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़िता ने प्रशासन से आवास की व्यवस्था करने की मांग की है। हसरतुन खातून ने बताया कि लगातार बारिश के चलते घर की दीवारें धीरे-धीरे गिरने लगी थीं और अब पूरी छत भी कमजोर होकर ढहने की स्थिति में है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा आपदा राहत योजना के तहत तत्काल सहायता की गुहार लगाई है। घटना की जानकारी मिलते ही खलारी की विधायक प्रतिनिधि गीता देवी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया तथा विधायक सुरेश बैठा को भी मामले से अवगत कराकर शीघ्र राहत दिलाने की मांग की। गीता देवी ने कहा कि आपदा की घड़ी में किसी भी जरूरतमंद को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर लिली स्टेला, गुड़िया देवी, संगीता देवी, नीलम देवी समेत कई ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

**विधानसभा घेराव को लेकर आमया ने की बैठक**

# अलग राज्य के लिए शहादत देने वाले शहीदों का सपना अबतक नहीं हुआ पूरा : एस अली

नवीन मेल संवाददाता



**चान्हो।** आगामी 04 अगस्त झारखंड विधानसभा घेराव को लेकर रविवार को टांगर पंचायत सचिवालय में आमया संगठन के द्वारा राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर आमया संगठन केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए शहादत देने वाले शहीदों का सपना अबतक पूरा नही हुआ। राज्य में स्थानीय नीति नही बना, पिछड़ी जातियों को दरकिनार कर आबादी के अनुपात में आरक्षण से वंचित किया गया, झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मुस्लिम समुदाय संवैधानिक अधिकारों और न्याय से वंचित है। मॉबलीचिंग जैसी घटनाओं लगातार बढ़ रही है। झारखंड के हज यात्री को कलकत्ता एयरपोर्ट से जेद्दा जाने के लिए विवश किया गया। बिहार सरकार से मिले उर्दू शिक्षक के पद पर बहाली करने के बजाए नियमविरुद्ध तरीके सरेंडर कर दिया गया। आलिम एवं फाजिल डिग्री की मान्यता समाप्त की जा रही है। वहीं फाजिल और बीएड डिग्री को माध्यमिक आचार्य उर्दू पद के बहाली से वंचित कर दिया गया। मौके पर रहमतुल्लाह अंसारी मौलाना अबुल कलाम आजाद, हाफिज अब्दुल इरशाद इमाम अजीज जावेद अख्तर, जियाउल रहमान, रिजवान अंसारी, हारिश आलम कलाम अंसारी इस्माइल अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के डोडमा-गोविंदपुर मुख्य पथ पर शनिवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल चल रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान तिरला गांव निवासी 70 वर्षीय राजकिशोर सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजकिशोर सिंह शनिवार शाम गोविंदपुर रेलवे स्टेशन से पैदल अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान समुंदर गांव के पास तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घायल को कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जरियागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक, कमेटी का हुआ गठन



**रांची।** रातू थाना अंतर्गत दलादली चौक समीप मां भगवती व हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेश मुंडा व मंच संचालन अभिषेक मिश्रा ने किया। उक्त बैठक में दुर्गा पूजा को आकर्षक व भव्य रूप से कैसे मनाया जाए इसको लेकर रातु प्रखंड के पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा, समाजसेवी अभिषेक मिश्रा, रामाशीष शर्मा,सुधीर महतो, अशोक दुबे, सुनील कुमार सिंह, सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से चर्चा की। वहीं बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन किया । नई कमेटी में संरक्षक : जनार्दन ओझा, पूर्व रातु प्रमुख सुरेश मुंडा, ललित मुंडा, कमल तिर्की, बबन सिंह, अध्यक्ष : सुधीर महतो, उपाध्यक्ष : रंजीत राय, उदय सिंह, बबलू भगत, सचित लोहरा, दीपक देवगरिया, सचिव : अभिषेक मिश्रा, उप सचिव : बिरजू मुंडा, प्रदीप कुजुर, बिगनू महली। कोषाध्यक्ष : रामाशीष शर्मा, सह कोषाध्यक्ष : अशोक दुबे, रितेश सिंह, अजय राय, मीडिया प्रभारी : सुनील कुमार सिंह।

## हाथियों के झुंड ने कई घरों को किया क्षतिग्रस्त



**चान्हो।** प्रखंड के पतरातु पंचायत के कई गांव में हाथियों ने कई ग्रामीणों का घर क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के घर में रखे अनाज भी चट कर गया। गांव वालो ने बताया कि शनिवार देर रात हाथी ने उनका घर ध्वस्त कर दिया। उस समय घर में सभी सो रहे थे तभी अचानक घर की दीवार गिरने की आवाज आयी। उन्होंने देखा कि हाथी घर का दीवार गिराकर चावल खा रहा है। शोर मचाने के बाद अन्य ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को खदेड़ा गया। ग्रामीणों ने जिला परिषद आदिल अज़ीम को बताया कि कई घर को तोड़कर रखे अनाज भी चट कर गया। इसकी सूचना वन विभाग और जिला परिषद आदिल अज़ीम को भी दी गयी है। आदिल अज़ीम ने घरों का जायजा लिया एवं मुआवजा दिलाने की बात कही। उन्होंने फॉरेस्ट रेंजर और सीओ से बात कर तत्काल मुआवजा की मांग की। साथ ही तत्काल उन घरों में खाने पीने का व्यवस्था किया।

### चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ

# संबंधित कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियाँ शुरु हो गई है। इसी क्रम में बरकट्ठा प्रखंड सभागार में सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद निर्वाचन से संबंधित निगरानी नक्शा (नज़री नक्शा) तैयार कर संबंधित निर्वाचन कार्यालय को भेज दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग और अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा विशेष रूप से उपस्थित थे। दोनों अधिकारियों ने चुनावी कार्य में पूरी तत्परता और पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही बीएलओ और सुपरवाइजरों से कहा गया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें।प्रशासन ने जानकारी दी है कि ऐसे मतदान केंद्र जहां 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसे लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ सोमवार को बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की कठिनाई या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित निर्वाचन कराने के लिए सभी कार्मिकों को जिम्मेदारी से कार्य करने की अपील की।

## पेड़ की डाली गिरने से बच्ची की मौत

**बड़कागांव।** हजारीबाग रोड स्थित हेठगड़ा-बरवाडीह सीमा पर पीपल के पेड़ की सूखी डाली गिरने से एक बच्ची की मौत हो गयी. घटना शनिवार देर शाम करीब चार बजे की है. जानकारी के अनुसार, हेठगड़ा निवासी प्रवीण कुमार उर्फ रोहित कुमार साव की 10 वर्षीय पुत्री मीरा कुमारी पेंसिल खरीदने दुकान जा रही थी. इसी दौरान सड़क किनारे स्थित पीपल के पेड़ की सूखी डाली उसके ऊपर गिर गयी. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी. स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया.

## कराटे प्रतियोगिता में 110 प्रतिभागी शामिल, विजेता हुए सम्मानित

**रामगढ़। दि टेम्पल ऑफ वॉरियर्स में आयोजित** करा‍टे कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें कुल 110 करा‍टे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका संचालन शिहान शशि पांडेय की मेज़बानी में हुआ। जबकि बेल्ट परीक्षा का मूल्यांकन सेंसी मानस सिन्हा और नरेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान मानस सिन्हा ने कहा कि करा‍टे न केवल आत्मरक्षा की कला है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती का मार्ग भी है। जिस लगन और अनुशासन के साथ बच्चों ने आज प्रदर्शन किया, वह भविष्य के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। वहीं नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि बेल्ट केवल रंग नहीं होता, बल्कि यह आपकी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रतीक होता है। हर विद्यार्थी ने आज यह प्रमाणित किया है कि निरंतर अभ्यास से सफलता निश्चित है। इस अवसर शिहान शशि पांडेय ने दि टेम्पल ऑफ वॉरियर्स के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आज का आयोजन हमारे उस उद्देश्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में कई प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस दौरान आश्वी तविषी एवं करण राज, शिल्पी नायक एवं नैतिक राज, और दृशा को विशेष प्रमाणपत्र एवं मेडल से नवाजा गया।

## न्यूज बॉक्स

### जिला स्तरीय अंतरा कार्यक्रम से संबन्धित एक-दिवसीय प्रशिक्षण




**रामगढ़।** रविवार को सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ के सभागार में जिला स्तरीय अंतरा कार्यक्रम से संबन्धित एक-दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । अस्थायी विधि के माध्यम से गर्भ निरोधक इंजेक्शन 'अन्तरा' के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी सीएचओ को यह प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम मे शनिवार को 40 प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण दिया जा गया जिससे अन्तरा के प्रयोग को और अधिक विस्तार मिल सके। जिले में इससे संबन्धित और भी प्रशिक्षण प्रस्तावित है। प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ जिले की सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने किया। इसके अतिरिक्त उक्त प्रशिक्षण मे डीपीएमयू की पूरी टीम भी उपस्थित थी एवं सभी प्रतिभागियों के साथ समन्वय स्थापित प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने मे विमल केशरी डीपीएमयू कोर्डिनेटर ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया । प्रशिक्षक डॉ पूनम सेविका एक्का आए हुए सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया।

### आफताब अंसारी मामले में पुलिस अधीक्षक से मिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल



**रामगढ़।** आफताब अंसारी मामला काफी तूल पकड़ चुका है। रविवार को इसको लेकर एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक अजय कुमार से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने किया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक से मांग की गई की प्राथमिकी में जो नामजद अभियुक्त हैं उन्हें गिरफ्तार किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने रामगढ़ थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की मांग पुलिस अधीक्षक से की । साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने हिन्दू टाइगर फोर्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनिधि मंडल से कहा गया कि कानून के तहत मामले में उचित कार्रवाई होगी। प्रतिनिधि मंडल में जकाउल्लाह, अलीम अंसारी, कलाम खान, शहजाद, मौलाना तनवीर, अल्ताफ आजाद, हुनैस अंसारी, शाहिद मुमताज, मंसूरी आलम, शमीम अली अंसारी, अल्ताफ अंसारी, सरफराज आदि शामिल थे।

### लघु उद्योग भारती और भारत विकास परिषद ने कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** रविवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर शहर के होटल शिवम ईन परिसर में लघु उद्योग भारती रामगढ़ शाखा एवं भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सानिध्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।। इस कार्यक्रम मे सेना के उच्च अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लघु उद्योग भारती रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा एवं सचिव वरुण बगड़िया ने किया। कार्यक्रम में दोनों संगठनों के लोग शामिल हुए। मौके पर गोविंद मेवाड़ , विजय मेवाड़,अमित साहू , अनिल गोयल ,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनमोल सिंह ,रामप्रवेश चौधरी ,उमेश राजगढ़िया , रोहित पंसारी , सीपीसी कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव रंजन सिंह आदि उपस्थित थे।

### धूमधाम से प्रारंभ हुआ कोबरा वाहिनी 203 के 17वां स्थापना दिवस



**बरही।** विगत शुक्रवार से कोबरा वाहिनी 203 के चार दिवसीय 17वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम का आगाज़ हुआ. जिसका शुभारंभ वाहिनी के कमांडेंट पवन कुमार सिंह, उप कमांडेंट गौरव कुमार, अनुपमा सिंह व वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. अपने संबोधन में कमांडेंट ने कहा कि उनकी वाहिनी देश और जन सुरक्षा के लिए समर्पित है. जो सिर्फ विषम परिस्थितियों में ही नही अपितु सिविक एक्शन के तहत जनहित के भी कार्यक्रम करते रहे हैं. बीते 17 वर्षों में 3 शौर्य चक्र, 1 पुलिस पदक (पीपीएमजी), 28 पुलिस मेडल और 360 महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह अर्जित किए हैं. जो झारखंड में नक्सलवाद को समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई है. कार्यक्रम के पहले दिन फुटबाल मैच, बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया. दूसरे दिन संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिसमे बरही के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन सहित पूरा वाहिनी परिवार शामिल हुता. कार्यक्रम की शुरुआत महिला कमांडो मुनमुन के गणेश वंदना से हुई. उसके बाद वाहिनी स्थित मांटेसरी विद्यालय के नन्हे मुन्हें बच्चों व वाहिनी के कमांडो ने एक से बढ़कर कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया. इस दौरान 203 वाहिनी के शौर्य व पराक्रम पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाये गए. जिसे लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया.

### मालवाहक टेंपो पलटा कोई हताहत नहीं

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ का अचलजामो-सिरंय बगोदर पथ पूरी तरह जर्जर हो गया है. बरसात में सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है. इस कारण इस मार्ग पर गाड़ियों का पलटना आम हो गया है. शनिवार को उक्त मार्ग पर सिरंय झरीपुल के नजदीक जलजमाव के कारण एक मालवाहक टेंपो पलट गया. जिससे वाहन में लदी पाइप टूट-फूट गयी. जलजमाव के कारण इस सड़क पर रात के अंधेरे में चलना दूभर हो गया है. सड़क के बीचों बीच कई गड्ढे हो गये हैं.

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहन ने विधायक को बांधा दिव्य ईश्वरीय रक्षा सूत्र



**बरही।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बहन रीना ने अपने रक्षा बंधन कार्यक्रम के तहत स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव को दिव्य रक्षा सूत्र बांध कर मंगलकामना किया. इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा भगवान भोले के पवित्र श्रावण माह चल रहे है. भगवान भोले कालों के महाकाल हैं. वह अपने भक्तो की बुराइयों और दुखों को अधिग्रहित कर भस्म कर देते हैं. देश व समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करना ही संस्थान का मूल उद्देश्य है. विधायक श्री यादव ने रक्षा सूत्र बंधवा कर लोगों को खुश रहने और खुश करने का लक्ष्य रखने की बात कही. इसके साथ हीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजसिंह चौहान, पंचमाधव के पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, तिरुपति भारत गैस के संतोष राम, डॉ उमेश कुमार दास, डॉ विशाखा गुप्ता आदि ने भी श्रद्धा और विश्वास से राखी बंधवाए.

### विनोबा भावे के राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित हुआ विदाई समारोह

# सोनम और विषेक ने जीता 'सुश्री और श्री राजनीति विज्ञान' का ताज



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में आज सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की। इस अवसर पर चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थी आंचल कुमारी, सुहानी कुमारी, सोनम कुमारी, तेजस्वी कुमारी, कुमार विषेक तथा कतीबुन प्रवीण ने विभाग में और विश्वविद्यालय में बीताए दो वर्ष के अपने संस्मरण सुनाए। विद्यार्थियों ने विभाग की प्रशंसा की एवं बताया की इन दो वर्षो ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने अपने द्वितीय समसत्र के अनुजों को कुछ महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। संगीता ने इस अवसर पर एक अर्थपूर्ण गीत सुनाई। द्वितीय समसत्र के विद्यार्थियों ने पूरे समारोह की व्यवस्था की। प्रियंका ने अपने गीत से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। शिवानी और नैना ने अपने संबोधन के माध्यम से बताया कि वह अपने सीनियर से बहुत कुछ सीखे हैं। उन्होंने अपने सीनियर विद्यार्थियों को चतुर्थ समसत्र की परीक्षा में तथा जीवन में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अमन, सूरज और कृष्णा के द्वारा एक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके विजेता सोनल और विषेक विद्यार्थी को 'सुश्री और श्री राजनीति विज्ञान' के सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में समाज विज्ञान संकायअध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सादिक रज्जाक तथा विभागीय शिक्षक डॉ प्रमोद कुमार, डॉ अजय बहादुर सिंह, जेआरएफ-नेट प्रशिक्षक डॉ रुखसाना बानो तथा शोधार्थी धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र पंडित, रवि विश्वकर्मा, विकास कुमार रवि, प्रतीक कुमार, विकास कुमार यादव अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन किरण कुमारी ने किया। स्वागत संबोधन पिंटू कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन कुमार ज्योतिष ने दिया।

## वामपंथी कार्यकर्ताओं ने महेश बेदिया का शहादत दिवस मनाया

**गिद्दी।** वामपंथी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी में महेश बेदिया का शहादत दिवस मनाया। सर्वप्रथम में देवचंद महतो ने झंडोतोलन किया। इसके बाद महेश बेदिया के परिजनों और नेताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर दो मिनट का मौन रखकर कर श्रद्धांलजि दिया गया। इसके बाद संदरलाल बेदिया की अध्यक्षता में सभा की गई। सभा को आरडी मांझी, राजेंद्र गोप,शइद अंसारी ने संबोधित करते हुए रोजगार के सवाल पर आंदोलन तेज करने एलान किया। इस अवसर पर अमृत राणा, बहादुर बेदिया, कैलाश महतो, नेमन गोप, अनिल बेदिया आदि उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के मन की बात की 124 वीं कड़ी सुनी गई

## अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की उपलिब्धयों की प्रधानमंत्री ने की सराहना



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के लोहार टोला स्थित बूथ संख्या 11 के निकट 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात की 124वीं कड़ी कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सुनी गई। अपने मन की बात में प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष से वापसी की सराहना करते हुए कहा कि देशभर में बच्चों में अंतरिक्ष के बारे में जिज्ञासा बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अकेले अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं। प्रधानमंत्री ने देश की आत्मनिर्भता के लिए बोकल फोर लोकल पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच साल पूर्व देश में 50 से भी कम स्टार्टअप थे लेकिन आज सिर्फ अंतरिक्ष के क्षेत्र में 200 से अधिक स्टार्टअप हैं। प्रधामंत्री ने बताया कि 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। मौके पर अमित श्रीवास्तव,, अंकित श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### बार एसोसिएशन के ऑडिटोरियम का हुआ उदघाटन

**हजारीबाग।** बार एसोसिएशन में नवनिर्मित ऑडिटोरियम का उदघाटन शनिवार को सांसद मनीष जायसवाल व सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया. सांसद ने कहा कि बार एसोसिएशन शहर की आन-बान-शान है. अधिवक्ताओं की सुविधा व न्यायिक प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए विशेष न्यायाधीशों के बेंच स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा. उन्होंने बताया कि यह ऑडिटोरियम 34 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है, जिसमें आगे और सुविधाएं जोड़ी जायेंगी. अधिवक्ता मौजूदा राजनीतिक विषयों पर सेमिनार भी आयोजित करें. विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि बार एसोसिएशन शहर की आत्मा है और अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए वे लगातार काम करते रहेंगे. विशिष्ट अतिथि झारखंड बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने कहा कि ऐसा सुंदर सभागार राज्य में किसी भी बार एसोसिएशन के पास नहीं है.

### जेपीएससी में 35वां रैंक लाने वाली अंशिका को किया गया सम्मानित

# मुखिया समेत कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने किया सम्मान




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** पंचायत भवन बेलकपी में रविवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा 2025 में 35वाँ रैंक प्राप्त करने वाली अंशिका कुमारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया ललिता देवी, समाज सेवी धीरेन्द्र पांडेय ने अंशिका कुमारी को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। वही बेलकप्पी स्थित अंशिका के चाचा जागेश्वर नायक के आवास पर पूर्व जिला परिषद सदस्य केदार साव, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, टुकलाल नायक, जितुलाल नायक सहित अन्य गणमान्य ने अंशिका को बुके भेंट कर सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही चाचा जागेश्वर नायक ने अंशिका की मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया। इस दौरान अंशिका कुमारी ने कहा, "हर बेटी को कमजोर नहीं बनना चाहिए। आत्मनिर्भर बनना ही सबसे बड़ी ताकत है। अगर मन में लक्ष्य तय हो और मेहनत में कमी न हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।" उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया, और कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद भी बेटियाँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी, किशोर साव, जागेश्वर नायक, रवि गोस्वामी समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### ग्रामीण करते रहे इंतजार नहीं आए अधिकारी

**केदला।** रामगढ़ जिला अंतर्गत सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के बसंतपुर में बनने जा रहे तापिन बसंतपुर कूकिंग कोल वाशरी का जांच करने अधिकारियों को आना था। शनिवार को दिन भर ग्रामीण अधिकारियों का इंतजार करते रहे लेकिन कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचे। ज्ञात हो कि 2021 में बसंतपुर गांव के खुशीलाल महतो, रूपलाल महतो, सरयू महतो, योगेंद्र महतो और चतुर्वेदी महतो ने पीआईएल दायर किया था। जिसमें इन्होंने बताया था कि पूर्व में चल रही एक कोल वाशरी से कोयला लेकर आने-जाने वाले वाहनों से कोयले की धूलकण उड़ती है।

## घाटो के लईयो लुगू बाबा मैदान में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शानदार आगाज



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की धूम है। प्रथम नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रामगढ़ विधानसभा के गोला प्रखंड, द्वितीय टूर्नामेंट मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाडी प्रखंड, तीसरा टूर्नामेंट बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा में संपन्न होने के पश्चात रविवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के मांडू प्रखंड अंतर्गत घाटो भाजपा मंडल के लईयो स्थित लुगू बाबा मैदान में शानदार आगाज हुआ। यहां बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर इस टूर्नामेंट का विधिवत् उद्घाटन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच शार्क स्टेट एफसी घाटो टीम बनाम एंजेल एफसी बॉयज़ लईयो टीम के बीच शुरुआत हुआ। इस टूर्नामेंट में घाटो क्षेत्र की कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के अवसर पर यहां दर्जनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान में आकर्षक नमो जर्सी के साथ मार्च पास्ट किया और सांसद मनीष जायसवाल के साथ मैदान में नशामुक्त होकर खेलने और जीवन जीने का संकल्प भी लिया। उक्त टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में जगमोहन महतो, नमन कुमार, जीवलाल महतो, कैलाश कुमार, संतोष कुमार हैं। उक्त टूर्नामेंट के विजेता टीम के लिए 25 हजार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी, चमकता नमो मेडल और उपविजेता टीम के लिए 15 हजार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी, चमकता नमो मेडल के अलावे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम के कईयों को पुरस्कृत करने की योजना तय है ।

# स्वत:शिवलिंग प्रकट होने से उमड़ी भीड़ पूजा प्रारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** बेंदगी पंचायत के उज्जैना स्थित बरही हाउस के सामने रामनगर के खाता नंबर 204 पर शिवलिंग प्रकट होने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गया. दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. देखते ही देखते शिवलिंग स्थल पर विधिवत पूजा पाठ प्रारंभ हो गया. प्लास्टिक से शिवलिंग की अस्थाई छावनी कर दी गई. महिलाओं के शिव गीत से पूरा इलाका शिवमय हो गया. जो देर रात्रि तक चलता रहा. जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी सब्जी विक्रेता कृष्णा साव प्रतिदिन की तरह प्रातः 3 बजे अपना ऑटो लेकर सब्जी लाने बाराचट्टी (बिहार) जा रहा था. इसी क्रम में उसका ऑटो उक्त स्थल पर गड्ढे में फंस गया. जिसे निकालने के क्रम में शिवलिंग दिखाई पड़ा. इसकी सूचना आस पास के लोगों को दिया. यह सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गया. कुछ हीं देर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. भजन कीर्तन और जयकारे के साथ पूजा का दौर और जलाभिषेक भी प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा. शिवलिंग के स्वतः प्रकट होने की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है. जितने मुंह उतनी बातें सामने आ रही है. कई लोग इसे धार्मिक आस्था से जोड़ रहा है तो कई विवादित जमीन को लेकर सोची समझी साजिश भी बता रहे हैं. जो जांच का विषय है.

### गांजा खरीद-बिक्री मामले का आरोपी गिरफ्तार

हजारीबाग। शहर से लेकर गांव तक नशा का मामला बढ़ता जा रहा है। इसके शिकंज में युवा वर्ग ज्यादातर बंधते चले आ रहे हैं। जिससे युवा वर्ग में काफी नुकसान होता नजर आ रहा है। इससे समाज में भी कुरीतयां बढ़ती जा रही हैं। कुछ इसी तरह का मामला गांजा-खरीद बिक्री मामले के आरोपी को मुफ्फसिल पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. आरोपी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रोला गांव निवासी राजू राम (पिता स्व लालो राम) है. पांच अप्रैल 2025 को मुफ्फसिल पुलिस ने चानो पुल के पास एक स्कूटी से दो किग्रा गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया था. उसे पुलिस ने जेल भेज दिया था. जबकि दूसरा आरोपी राजू राम पुलिस की पकड़ से बाहर था. मुफ्फसिल पुलिस ने बताया कि राजू राम की स्कूटी से गांजा का परिवहन किया जा रहा था.

# सिमडेगा से रांची जा रही यात्री बस और ट्रक में टक्कर, एक की मौत आधा दर्जन घायल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा से रांची जा रही मून लाइट नामक यात्री बस कोलेबिरा घाटी में एक मालवाहक ट्रक से टकरा गई। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन लोग घायल हैं। बताया गया कि सिमडेगा से सुबह 10:45 बजे यात्रियों को लेकर मूनलाइट नामक बस रांची की तरफ रवाना हुई थी। इसी दौरान कोलेबिरा घाटी में ओवरटेक करने के दौरान मूनलाइट नामक यात्री बस सामने से आ रही एक मालवाहक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी की बस के आगे के हिस्से का परकच्चा उड़ गया। घटना में बस के खलासी रोशन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बस का चालक अनूप क्षतिग्रस्त हुए केबिन में फंस गया।

जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकल गया। घटना में चालक अनूप सहित बस का कंडक्टर सुरजीत सिंह और यात्री क्रिस्टीना बा, इसीका डुंगडुंग, कॉर्नेलियस डुंगडुंग सहित एक बच्ची घायल है। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। उधर घटना की सूचना मिलते हैं सिमडेगा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतक खलासी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। इधर घटना के बाद एनएच 143 पर दोनों तरफ जाम लग गया है। जिससे सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गई है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त दोनों गाड़ियों को हटवा कर रोड क्लियर करवाने की कोशिशें में जुटी हुई है। वही शाम तक वाहनों का परिचालन शुरू सुचारू रूप से हो गई थी।





## शराब के नशे में सड़क पर गिरा पुलिस जवान, एसपी ने किया सस्पेंड

**सिमडेगा।** बस स्टैंड के पास रविवार सुबह पुलिस लाइन में पदस्थापित आरक्षी संजीव मुकुंद नायक (आरक्षी संख्या-411) शराब के नशे में सड़क पर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर गश्ती पुलिस मौके पर पहुंची और घायल जवान को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जवान इतनी अधिक नशे में था कि उसे चोट लगने का भी एहसास नहीं हुआ। मामले की जानकारी मिलते ही एसपी एम. अर्शी ने तत्काल संज्ञान लिया और विभागीय अनुशासन का उल्लंघन मानते हुए जवान को निलंबित कर दिया। एसपी ने कहा कि पुलिस बल अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक है, ऐसे में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अन्य पुलिसकर्मियों को भी कर्तव्य के प्रति सजग रहने की चेतावनी दी।गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर बैठक कर सख्त निर्देश जारी किए गए थे। ऐसे में जवान द्वारा की गई यह लापरवाही पुलिस विभाग की छवि पर प्रश्नचिह्न खड़ा

## यात्री बस के खलासी की मौत पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि, हरसंभव मदद का दिया भरोसा



**सिमडेगा।** एन एच 143 के कोलेबिरा घाटी स्थित पिकपानी के पास शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब रांची की ओर जा रही एक यात्री बस ने ओवरटेक करने के प्रयास में सामने से आ रही मालवाहक ट्रक से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और परखच्चे उड़ गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रेलर से भी बस की सीधी टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में यात्री बस के खलासी रोशन मिंज की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गया और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा तुरंत सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने घायलों का हालचाल लिया और मौजूद चिकित्सकों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। इसके बाद विधायक भूषण बाड़ा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने मृत खलासी रोशन मिंज के पार्थिव शरीर पर कफन ओढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव मदद व सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि सलमान ख़ान, संजय तिर्की, सज्जाद अंसारी, साबिर ख़ान आदि उपस्थित थे।

## पर्यटक स्थल से दुकान का प्रचार मिटाने का निर्देश

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगद्दी का भ्रमण के दौरान उपायुक्त सिमडेगा ने शनिवार को एक स्थान पर एक दुकान का प्रचार - प्रसार के लिए नाम लिखा देखा गया। उससे तत्काल मिटाने का निर्देश दिया है। बताया गया कि यह सार्वजानिक स्थल है यहां किसी निजी दुकान अथवा कोई भी चीज का प्रचार -प्रसार के लिए लिखना गलत है उन्हें जुर्माना लगाया जाएगा। बताया गया कि दनगद्दी में भ्रमण वाले स्थान पर दुकान का प्रचार लिखा गया है।

## देवाकी धाम जाने के लिए निकली बाइक रैली, बोल बम के लगे जयकारे

**लोहरदगा।** सावन की तीसरी सोमवारी पर घाघरा स्थित देवाकी धाम पर जलार्पण को लेकर विशाल कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर कार्यक्रम से एक दिन पूर्व रविवार शाम को अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक यात्रा निकाल कर आमंत्रित किया गया। बाइक यात्रा की अगुवाई क्लब के आजीवन संरक्षक सह जय श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मुख्य अतिथि गौरव आर पी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल आदि ने की। उनके अलावा अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सचिव रोहन साहू सहित अन्य सनातन धर्म के अगुआकर्ता शामिल रहे। बाइक रैली मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर से शुरू होकर, मिशन चौक, राणा चौक, अपर बाजार, शास्त्री चौक, थाना टोली, अमला टोली, सुभाष चौक, रेलवे साइडिंग, बाबा मठ से पुनः सुभाष चौक, न्यू रोड, बरवाटोली चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा।

## नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के एक नाबालिक के साथ एक युवक के द्वारा दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नाबालिक के परिजन के द्वारा कोलेबिरा थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार नाबालिक अपने सहेली के साथ मेहमान गई थी जहां पर युवक में नाबालिक को अपने कब्जे में लेकर दुष्कर्म किया तथा घटना के बारे में किसी को जानकारी नहीं देने की बात कही थी। इधर अपने साथ घटी घटना की जानकारी नाबालिक ने अपने परिजन को दिया। परिजनों के द्वारा 27 जुलाई 2025 को थाना में आवेदन देखकर आरोपी युवक पर कार्रवाई करने की मांग की गई।पीड़िता के परिजन के द्वारा दिए गए आवेदन पर कोलेबिरा थाना में आरोपी युवक पर कांड संख्या 67/2025 पॉस्को एक्ट 4/6/8 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## फुलजेंसिया बनीं आजाद समाज पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कांग्रेस सेवा दल की पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष फुलजेंसिया बिलुंग ने अब आज़ाद समाज पार्टी. की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पार्टी की ओर से उन्हें झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह सिमडेगा प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह घोषणा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा ने की।ज्ञात हो कि फुलजेंसिया बिलुंग ने कुछ दिन पहले कांग्रेस सेवा दल से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आज़ाद के विचारों से प्रभावित होकर आज़ाद



समाज पार्टी का दामन थामा था। नियुक्ति पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद और प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं पूरी ईमानदारी से खरा उतरने की कोशिश करूंगी।

### फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की बैठक

## नौ महीने से नहीं मिला है कमीशन, विरोध में धरना एक को



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की बैठक जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दुकानदारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। पीडीएस दुकानदारों को नौ माह से कमीशन की राशि नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की गई। जिसके विरोध में एक अगस्त को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया। धरना कार्यक्रम में सभी प्रखंड के डिलर एवं एसएचजी ग्रुप भाग लेने का आग्रह किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने कहा कि कमीशन की राशि नहीं मिलने के कारण डीलरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. डीलर भूखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं।सरकार को अतिशीघ्र राशि का भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में वितरित खाद्यान्न का बकाया राशि भी अब तक नहीं मिला है। वहीं दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 का बकाया का भुगतान भी नहीं हुआ है. उन्होंने एक मुश्त राशि भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही टू जी नेटवर्क के स्थान पर फोर जी नेटवर्क दिये जाने की भी मांग की.उन्होंने कहा कि ग्रीन कार्ड का वितरण 18 माह से करते आ रहे हैं,किंतु इसका भी भुगतान अब तक नहीं किया जा रहा है। सरकार मुफ्त में राशन वितरण कराना चाहती है,सरकार की रवैये से सभी पीडीएस दुकानदार परेशान हैं।उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन के रिपेयरिंग का नाम पर शोषण जारी है।इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है.उन्होंने पेपर लेस सिस्टम को लागू करने की बात कही. कहा कि राज्य सरकार के संकल्प के के बावजूद नॉमिनी को लाइसेंस हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभा के समापन के बाद मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम उपायुक्त को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा.धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव मुकेश पांडा ने किया.बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, जिला सचिव मुकेश कुमार पांडा, जिला कोषाध्यक्ष मुर्तजा हुसैन, संरक्षक मुक्तिनाथ पाठक, श्यामलाल प्रसाद, गंगा जायसवाल, महावीर गुप्ता, फुलेश्वर प्रधान, राजू साहू, ईश्वर प्रसाद, विरसमनी देवी, नथानियेल मुंडू, श्याम लाल बडाईक, मनोज प्रसाद, रामदयाल प्रसाद, रजनीकांत प्रसाद, भोला साहू के अलावा अलावा अन्य दुकानदार उपस्थित थे।

## बिजली विभाग ने आम लोगों से की सतर्कता बरतने की अपील

**कुरडेग।** प्रखंड में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए बिजली विभाग ने आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि बारिश के दिनों में बिजली आपूर्ति को यथासंभव सुचारू रूप से बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन ऐसी स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सर्वोपरि है।विभाग ने स्पष्ट रूप से लोगों से अपील की है कि बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत उपकरणों के पास जाने से बचें, क्योंकि इनमें विद्युत प्रवाहित रहता है और हल्की लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।बिजली विभाग ने विशेष रूप से पशुपालकों से आग्रह किया है कि वे अपने मवेशियों को बिजली के खंभों में न बांधें। बताया गया कि कुरडेग क्षेत्र में पहले भी ऐसे मामलों में कई मवेशियों की करंट लगने से मौत हो चुकी है, बावजूद इसके यह लापरवाही अब भी जारी है।अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपी ल की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके।

## संत अन्ना दिवस धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता





**बानो।** प्रखंड अंतर्गत जितुटोली स्थित आरसी प्राथमिक बालिका विद्यालय में संत अन्ना दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर अरविंद खाखा रहे, जिन्होंने मिस्सा पूजा संपन्न कराई। उनके साथ फादर अजित पौल केरकेट्टा, फादर माइकल, फादर अमृत एवं फादर जोसेफ भी मौजूद थे। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर छात्राओं ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की। धर्म बहनों एवं अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि फादर अरविंद खाखा ने संत अन्ना की जीवनी पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि "संत अन्ना धर्म बहनों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें उनके जीवन से सीख लेकर समाज सेवा व आध्यात्मिक जीवन को समर्पित करना चाहिए।

स्वागत भाषण शिक्षिका विमला सुरीन ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्या सिस्टर पुष्पा मिंज ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फलेकिस्स सुरीन, सिस्टर सोफिया बरला, सिस्टर सुचिता तिग्गा, एलिजाबेथ मिंज, मेरी जंसिता बागे, कुमुद सोरेंग, सुचिता कडुंलना, रजनी सुरीन, उज्वला समद, हेरमन सुरीन सहित महिला संघ, काथलिक सभा, युवा संघ, पल्ली के विश्वासी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## झामुमो प्रतिनिधि मंडल ने नए थाना प्रभारी से की शिष्टाचार भेंट

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना के नए पदस्थापित थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह से शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया।प्रतिनिधि मंडल में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, सचिव बिरीस डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष सन्नी रिजवान, नेता देवेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष मनोहर बागे, महेश साहू एवं सतनारायण प्रसाद शामिल थे। बैठक के दौरान झामुमो नेताओं और थाना प्रभारी के बीच क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, कानून-व्यवस्था और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि पार्टी की ओर से पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने भी विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तत्पर रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि कोई भी समस्या होने पर वे निर्भीक होकर पुलिस से संपर्क करें, पुलिस हर स्तर पर सहायता करने के लिए तैयार है।

## अवैध मादक पदार्थ बिक्री पर छापेमारी अभियान चलाया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध मादक पदार्थ बिक्री पर अंकुश लगाने की दिशा में पहल करते हुए सेन्हा पुलिस ने वरीय अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी वारिश हुसैन के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी और जवानों के द्वारा सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा एवं सेन्हा में छापेमारी अभियान चलाया गया. गौरतलब हो कि बक्सीडीपा में विभिन्न दुकानों में पुलिस द्वारा छापा मारा गया परंतु किसी भी दुकान संचालक के पास से अवैध शराब,गांजा या अन्य कोई तरह का मादक पदार्थ बरामद नही हुआ। वाहन जांच भी किया गया। वाहन जांच के दौरान एक एलपी ट्रक को रोकर कागजात की जांच किया गया. जिसमें ओवर लोड होने का संदेह पर पुलिस ने माप तौल के लिये कांटा करवाया।

# बारिश से गिरी दीवार, अनाथ भाई-बहन खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर



● प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के सोय पंचायत अंतर्गत सेमरटोली गांव में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण एक कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़िता 19 वर्षीय सोनी कुमारी का घर का एक हिस्सा, विशेष रूप से दीवार, ढह गया जिससे उसका जीवन संकट में आ गया है। सोनी कुमारी ने बताया कि वह और उसका 13 वर्षीय भाई सोनू साहू अनाथ हैं। माता-पिता के निधन के बाद उनका लालन-पालन उनके नाना-नानी कर रहे हैं। घर की दीवार गिरने के बाद वे पूरी तरह बेघर हो गए हैं और बारिश के मौसम में उन्हें रहने में काफी कठिनाई हो रही है। जानकारी मिलते ही वार्ड सदस्य मोहन नाग घटनास्थल पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त घर का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुखिया को सूचित कर दिया गया है और जल्द ही क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। सोनी कुमारी ने प्रखंड प्रशासन से तुरंत सहायता देने की मांग की है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसी विकट परिस्थिति में तुरंत राहत सामग्री और आवास सहायता प्रदान की जाए, ताकि इन अनाथ बच्चों को सुरक्षित ठौर मिल सके।

## समसेरा चर्च कमेटी ने बोलबा थाना प्रभारी से की मुलाकात



**बोलबा।** प्रखंड अंतर्गत समसेरा चर्च कमिटी के पदाधिकारियों ने शनिवार को बोलबा थाना प्रभारी देवीधान मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर कमिटी के सदस्यों ने थाना प्रभारी का बुके देकर स्वागत किया और चर्च में हाल ही में हुई डकैती व मारपीट की घटना को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने बताया कि चर्च में पल्ली पुरोहितों के साथ मारपीट कर लाखों रुपए की डकैती की गई है। इस मामले में उन्होंने जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा देने की मांग की। समिति ने आशंका जताई कि इस घटना में स्थानीय लोगों की मिलीभगत हो सकती है, क्योंकि अपराधियों द्वारा पहले मुख्य द्वार और फिर अंदरूनी दरवाजे का ताला खोलना पूर्व नियोजित साजिश की ओर संकेत करता है। थाना प्रभारी देवीधान मुर्मू ने आश्वासन दिया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और अपराधियों को जल्द पकड़ कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने किया पौधरोपण व वितरण




**सिमडेगा।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची एवं शाखा सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में "सर्वेश्वरी वृक्षारोपण अभियान 2025" के प्रथम चरण का आयोजन कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा पंचायत स्थित जुरकेला गांव में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत आरती-पूजन के साथ हुई, जिसके बाद उपेन्द्र नाथ शाहदेव के बागान में लगभग 300 पौधों का रोपण किया गया।इसके उपरांत एक लघु गोष्ठी में समूह की जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी गई एवं वृक्षों के संरक्षण के महत्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में आम, अमरूद, आँवला, सीसम, जामुन, कदम सहित कुल 800 पौधों में से 500 पौधों का वितरण ग्रामीणों के बीच किया गया।यह अभियान पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने का प्रयास है। कार्यक्रम में सुनील सहाय, आशुतोष कुमार, सीमा सिंह, गंगाधर नाथ शाहदेव सहित लगभग 40 सदस्य शामिल हुए। आयोजन में उपेंद्र नाथ शाहदेव व जुरकेला ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## बाबूलाल मरांडी ने प्लस 2 हाई स्कूल तिसरी बरमसिया में सुना मन की बात कार्यक्रम

# प्रेरणा का सागर है मन की बात कार्यक्रम, सभी को देखनी और सुननी चाहिए : बाबूलाल मरांडी



नवीन मेल संवाददाता तिसरी
नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को तिसरी प्रखंड के चंदौरी पंचायत के चंदौरी मंडल अंतर्गत +2 हाई स्कूल तिसरी बरमसिया के बूथ नंबर 116 पर प्रधानमंत्री का लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना। इस दौरान सर्वप्रथम स्कूल के शिक्षकों ने गुलदस्ता देकर और उसके बाद छात्राओं ने टीका लगाकर उनका स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी अपने कार्यकर्ताओं एवं छात्र और छात्राओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसमें कोई राजनीतिक बात नहीं होती है। कैसे लोग काम करते है उन सभी चीजों से पीएम देश को अवगत कराते हैं। कैसे लोग रोजगार कर रहे हैं, अपने पैरों पर खडे हो रहे हैं, मन की बात देखने और सुनने से लोग प्रेरित हो सकें, यही मकसद होता है। 2047 तक विकसित भारत बनाना है तो सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हो तभी देश विकसित हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का झारखंड के साथ रिश्ता दिल का है, तभी तो हर एक 'मन की बात' में झारखंड का जिक्र जरूर होता है। सभी को मन की बात देखना और सुननी चाहिए, ताकि प्रेरणा मिल सके। यह कार्यक्रम प्रेरणा का सागर है। इस दौरान उन्होंने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। मौके पर भाजपा नेता उदय साव, सुनील साव, डॉ एच आलम, गोपी रविदास शिक्षक मनोज वर्मा मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल रविन्द्र पंडित, सुधांशु यादव, रोहित सिंह, प्रियंका कुमारी , राजेश दास, रोहित सिंह मौजूद थे।

## स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन



**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PEFI) खेल महोत्सव का आज शानदार समापन हो गया। इस भव्य आयोजन में झारखंड के 17 जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अंशु सरकार (चीफ पेट्रोन, PEFI झारखंड) ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। दूसरे दिन के मुकाबलों में फुटबॉल और क्रिकेट में डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस अवसर पर ड्रॉप बॉल का एक प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया गया, जिसने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो ने अपने नाम किया।

## केंद्रीय टीम ने मनरेगा व पीएम आवास योजनाओं की जांच की



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड अंतर्गत निमाडीह पंचायत भवन पहुंचे। जहां जेसएलपीएस की महिलाओं ने अतिथियों को मुकुट पहनाकर व माथे में तिलक लगाकर स्वागत की। जिसके बाद पंचायत भवन में संचालित योजनाओं के रजिस्टर, एमबी बुक आदि की जांच की। उसके बाद केंद्रीय टीम द्वारा स्थल पर जाकर मनरेगा द्वारा संचालित, दीदी बाड़ी, सिंचाई कूप, तालाब, पीएम आवास व पीएमजीएसवाई सड़क आदि का बारी बारी से जांच किया। जांच के दौरान कुंआ में मापी के दौरान टुन्नी देवी के सिंचाई कूप मापी के दौरान 22 फिट ही गहराई मिला वही ललिता देवी के जमीन पर कूप की मापी में 28 फिट ही गहराई मिला। वहीं योजनाओं की प्राथमिकता सूची नही बनाई गई है। इस पर नाराजगी जताई गई। मौके पर केंद्रीय टीम के अलावा बीडीओ महेंद्र रविदास, बीपीओ भिखदेव पासवान, आरईओ ऐई सुरेश पासवान, मनरेगा ऐई संतोष कुमार, जेई रिजवान अंसारी, मुखिया आरती देवी, पंकज कुमार, बीपीआरओ संजय कुमार, प्रदीप कुमार, रविन्द्र बरनवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्रस्तावित विधानसभा सत्र में शिक्षकों के मुद्दे उठाए जाएंगे : शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन के तत्वावधान में निर्धारित कार्यक्रम जन समर्थन रैली JHAROTEF की जिला टीम रांची में झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से स्मार्ट सिटी मंत्री आवास में मुलाकात की वहीं खिजरी विधानसभा विधायक सह उप नेता विधायक दल राजेश कच्छप, कांके विधायक सुरेश बैठा सहित तमाड़ विधायक माननीय विकास मुंडा से मिलकर प्रांतीय टीम के निर्णय के आलोक में जन समर्थन रैली के माध्यम से अपनी मांग पत्र सौंपा गया। जिला टीम के साथी को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सहित सभी विधायकों ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं आप लोगों के साथ हूं जो भी समस्याएं हैं इस समस्या का समाधान धीरे-धीरे सभी का समाधान किया जाएगा। मंत्री व तीनों विधायक ने अलग-अलग कहा कि आप सभी सरकारी विभाग के महत्वपूर्ण अंग है आप सभी के सहयोग से ही सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचती है। आप जहां पर कार्य कर रहे हैं वहां सरकारी कार्यों का निष्पादन बेहतर तरीके से करेंगे तो आम जनता की जो योजनाएं हैं वह धरातल पहुंच पाएगी इसलिए आपकी समस्याएं भी हमारी समस्या है । उन्होंने कहा कि आपकी प्रमुख तीनों मुद्दे पहला शिक्षक संवर्ग को MACP का लाभ दिलाने दूसरा सेवाकाल 60 से 62 वर्ष करना तथा तीसरा केंद्रीय कर्मचारियों की भांति शिशु शिक्षण भत्ता को प्रस्तावित विधानसभा सत्र में आवश्यक सभी मुद्दों को उठाया जाएगा और उसका समाधान हेतु प्रयास भी करेंगे। रविवार के कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू, सेवानिवृत्ति प्रकोष्ठ संयोजक मिथिलेश कुमार, सहाय प्रांतीय संगठन सचिव सुनील कुमार नायक, , रांची जिला कोषाध्यक्ष तपेश्वर महतो, रांची जिला उपाध्यक्ष शंकर लकड़ा, रांची जिला संयुक्त सचिव जीवर उरांव, संयुक्त सचिव अनंत कुमार महतो, मदन कुमार महतो, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष इक्का, महिला जिला सचिव प्रियंका माथुर, महिला प्रकोष्ठ आशिबा हेरेंज, सुमेधा कुमारी, मीनाक्षी, मनीला धवन, जुगेश कुमार, निरंजन कुमार सहित पूरी टीम मौजूद थी।

## समर्पण शाखा ने पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष के सम्मान में किया रक्तदान का आयोजन





रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची की समर्पण शाखा ने रजत जयंती के अवसर पर रविवार को आरबी स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष स्वर्गीय विनय जालान के सम्मान में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही, एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। लोगों के बीच जागरूकता फैलाई गई कि उन्हें रक्तदान क्यों करना चाहिए। थैलेसीमिया बीमारी से बचाव कैसे हो सकता है। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि जिन बच्चों ने नुक्कड़ नाटक में भाग लिया था, उन्हें फुटबॉल दिया गया। साथ ही, बच्चों के बीच जूस का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, रेखा रायका, पूजा जैन, कोमल पोद्दार और अन्य सदस्य मौजूद थे।

## आज मनेगा श्रीलक्ष्मी के अंश से अवतरित बालिका गोदांबा का प्राकट्य महोत्सव



रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में श्रावण शुक्ल चतुर्थी तिथि को तुला लग्न से युक्त पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और मंगलकारक योग में सोमवार को श्रीभूमिदेवी लक्ष्मीजी की अवतारिका श्रीआंडाल देवी (गोदांबा) का अवतारोत्सव द्रविड़ शैली में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान वेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासन और तिरूवाराधन होगा। भगवान श्रीश्रीनिवास सहित श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी और चक्रराज सुदर्शन इत्यादि सभी प्रतिष्ठापित विग्रहों का महाभिषेक, अलंकार, महाआरती, भोग और महास्तुति आदि के बाद श्रीआंडाल देवी का प्रकाट्योत्सव मनाया जाएगा। अंत में श्रीआंडाल देवी को समर्पित रक्षा-सूत्र धन-धान्य, आयु, आरोग्य, सुख-शांति और समृद्धि के लिए उपस्थित भक्तों को धारण कराया जाएगा।

## मेगा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**मुरी।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी वर्क्स के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी( आईआरडीएस) के सहयोग से रविवार के दिन एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में आस-पास के क्षेत्रों से कुल 92 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी,रांची शाखा के अध्यक्ष डॉ. शंभु प्रसाद सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सत्येन्द्र कुमार, डॉ. बी.के. रॉय, डॉ. नरेश प्रसाद यादव,महेश सिंह एवं हीरालाल चौधरी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने हिंडाल्को मुरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरव घोष द्वारा वर्षों से किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना की।

### 86 पंचायतों में 5000 से अधिक विकास कार्य पैसे के अभाव में ठप

**खूंटी।** आदिवासी बहुल खूंटी जिले की 86 पंचायतों में 5000 से ज्यादा विकास योजनाएं ठप पड़ी हैं. वजह है 15वें वित्त आयोग की राशि न मिलना. जिससे योजनाएं कागजों तक ही सीमित हैं. विभाग द्वारा राशि न दिए जाने के कारण आदिवासी बहुल खूंटी जिले की बुनियादी विकास योजनाएं नहीं चल पा रही हैं. जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया कि 15वें वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायतों को दिया जाने वाला अनुदान पिछले दो वित्तीय वर्षों से नहीं मिला है. दरअसल, इस राशि का उपयोग मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों, विशेषकर स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए किया जाता है.

### शोकफ़ के 23 कारटेकरों को ब्लैक बेल्ट एवं बिभिन्न डान ग्रेड प्रदान किया गया

रांची। शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में रातू रोड ,राँची स्थित श्री अरविंदो सोसाइटी कराटे सेंटर में ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन का आयोजन किया गया।

## 86 पंचायतों में 5000 से अधिक विकास कार्य पैसे के अभाव में ठप

# पिछले दो सालों से नहीं मिला है 15वें वित्त आयोग का पैसा



**नवीन मेल संवाददाता**

खूंटी। आदिवासी बहुल खूंटी जिले की 86 पंचायतों में 5000 से ज्यादा विकास योजनाएं ठप पड़ी हैं. वजह है 15वें वित्त आयोग की राशि न मिलना. जिससे योजनाएं कागजों तक ही सीमित हैं. विभाग द्वारा राशि न दिए जाने के कारण आदिवासी बहुल खूंटी जिले की बुनियादी विकास योजनाएं नहीं चल पा रही हैं. जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया कि 15वें वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायतों को दिया जाने वाला अनुदान पिछले दो वित्तीय वर्षों से नहीं मिला है. दरअसल, इस राशि का उपयोग मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों, विशेषकर स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए किया जाता है. खुले में शौच से मुक्ति, ठोस एवं चारा प्रबंधन, नालियों का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, पाइपलाइन बिछाना, जल स्त्रोतों का संरक्षण आदि ऐसी योजनाएं हैं जिन पर प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाता है. यह अनुदान ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों को उनकी जरूरतों के अनुसार वितरित किया जाता है. 15वें वित्त आयोग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्थानीय निकायों को सशक्त बनाना है. ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें. जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले दो वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और वर्तमान 2025-26 का पैसा अभी तक झारखंड को नहीं दिया है. नतीजतन, खूंटी जिला भी इससे प्रभावित है. उन्होंने बताया कि जिले की 86 पंचायतों में 5 हजार से अधिक विकास कार्य राशि के अभाव में ठप पड़े हैं. यह पूरी तरह से भारत सरकार की योजना है. इसका एकमात्र उद्देश्य गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है, लेकिन राशि के अभाव में विकास कार्य ठप पड़े हैं. उन्होंने बताया कि ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह गई हैं. इससे आम जनता में भी नाराजगी है. 15वें वित्त आयोग का पैसा जनसंख्या के आधार पर सीधे पंचायतों को जाता है. पंचायत सचिव और मुखिया के संयुक्त खाते से राशि निकालकर विकास कार्य कराए जाते हैं. इसमें ग्राम सभा की भूमिका अहम होती है.

ग्राम सभा द्वारा पारित योजनाओं का ही धरातल पर क्रियान्वयन होता है. खूंटी जिले की लगभग सभी 86 पंचायतों के मुखिया राशि न मिलने का रोना रो रहे हैं. मुखियाओं का कहना है कि 15वां वित्त आयोग पंचायतों की आत्मा है. इसके बिना ग्राम पंचायत के सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं. ग्राम सभा में पारित योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह गई हैं. जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों से 15वें वित्त आयोग का पैसा नहीं मिला है. इसका सीधा असर गांव के विकास पर पड़ा है. केंद्र सरकार को इस पर विचार करना चाहिए.

## भगवती मंदिर के पिंडियों के कवच भी हैं तैयार : अनिल


# भगवती मंदिर के पिंडियों के कवच भी हैं तैयार : अनिल



**बरही ।** साधनापुरी निवासी शिव भक्त अनिल कुमार केसरी पिता शिव शंकर केसरी ने प्राचीन शिव मंदिर व मनोकनेश्वर मंदिर स्थित शिवलिंग पर अष्टधातु से लगवाने का काम किया है. उक्त जानकारी मंदिर के पुजारी पप्पू पांडेय ने दी. उन्होंने बताया कि अष्टधातु से कवचित शिवलिंग की प्रतिष्ठा भी की जा चुकी है. जिसे पूरे विधि विधान के साथ श्री केसरी ने अपनी पत्नी पूनम केसरी के साथ किया. धार्मिक कार्य के लिए समर्पित श्री केसरी ने बताया कि वह पेशे से एक बर्तन दुकानदार हैं. मनोकामनेश्व मंदिर में 10 किग्रा और प्राचीन शिव मंदिर में 4.9 किग्रा के अष्टधातु से शिवलिंग का कवच बनाया गया है. जिसमे उन्हे लगभग 45 हजार रुपए की लागत आई है. यह भगवान भोले के प्रति उनकी आस्था और प्रेम को दर्शाता है. उन्होंने यह भी बताया कि धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर की सभी 11 पिंडियों का भी कवच उनके द्वारा बनाया जा चुका है. जिसकी सूचना मंदिर समिति को भी दी गई है, समिति द्वारा जब भी निर्माण कार्य किया जायेगा उसे मंदिर समिति को सुपुर्द कर दिया जायेगा. उन्होंने बताया की अष्टधातु के अंतर्गत लोहा, सोना, चांदी, हीरा, तांबा, कांसा इत्यादि विभिन्न प्रकार के धातु मिले होते हैं. इस पावन कार्य के लिए मंदिर समिति ने श्री केसरी व उनके परिजनों का भगवान भोले से सुखद जीवन की कामना किया है.

# न्यूज बॉक्स

## सुगंध सौरभ को जेपीएससी में 43वां रैंक डीएसपी के पद पर हुए चयनित



**तिसरी।** पूर्व वन क्षेत्र पदाधिकारी तिसरी निवासी स्व. सहदेव पाठक के सुपौत्र सुगंध सौरभ पाठक ने भी जेपीएससी परीक्षा में परचम लहराकर प्रखंड समेत जिले का भी नाम रोशन किया है। वे जनरल श्रेणी से 43 वां रैंक लाकर झारखण्ड स्टेट पुलिस सर्विसेज में डीएसपी के पद पर चयनित हुए हैं। सुगंध की माँ निर्मला कुमारी पूर्व में तिसरी में शिक्षिका रह चुकि हैं। वर्तमान में कन्या मध्य विद्यालय सरिया में बतौर शिक्षिका कार्यरत हैं। इनके पिता का नाम मनोज पाठक है। सुगंध पहले से ही बिहार में बीडीओ के पद पर कार्यरत हैं। बीडीओ रहते ही उन्होंने तैयारी कर जेपीएससी की परीक्षा दी थी। उन्हें 45 वां रैंक के साथ डीएसपी के लिए चयनित किया गया है। सुगंध के इस सफलता से परिवार समेत उन्हें जानने वालों में हर्ष का माहौल है।

## एक करोड़ 80 लाख का डायवर्सन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट



**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पुल टूटने के बाद आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है. पुल टूटने के बाद अस्थायी डायवर्सन का निर्माण कराया गया था, लेकिन पानी के तेज बहाव में डायवर्सन भी बह गया. डायवर्सन बहने के बाद खूंटी में राजनीतिक शुरू हो गई है. बगैर टेंडर शुरू हुए डायवर्सन निर्माण पर सवाल उठ रहे हैं. इधर, डायवर्सन बहने के बाद झारखंड के पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाया है. जबकि खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा ने बचाव करते हुए कहा को ऐसा नहीं है. वर्तमान विधायक ने कहा कि टेंडर हुआ था उसके बाद शिलान्यास किया, लेकिन किसी कारण से टेंडर फंस गया. जानकारी के अनुसार 19 जून को तेज बारिश के कारण पुल दो टुकड़ों में अलग हो गया था. वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डायवर्सन निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग ने बगैर टेंडर प्रक्रिया के एक करोड़ 80 लाख की लागत से डायवर्सन निर्माण के लिए विधायक राम सूर्या मुंडा से 10 जुलाई को शिलान्यास करवा दिया. मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा के प्रतिनिधि और पथ निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे.शिलान्यास के बाद डायवर्सन का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन 26 जुलाई को फिर से बारिश हुई और सब कुछ बह गया. भाजपा के उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने टूटे पुल और डायवर्सन का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने खूंटी विधायक पर जमकर निशाना साधा. निरीक्षण के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए डायवर्सन निर्माण में भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाया. पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि जनता ने दो-दो विधायकों को उम्मीद के साथ चुना था, लेकिन वे भरोसे पर खरे नहीं उतरे.

## रांची में बने एरोबिक बायो टॉयलेट्स बदहाल, राहगीरों को नहीं मिल रहा लाभ



**रांची।** राजधानी रांची में स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखकर नगर निगम द्वारा बनाए गए एरोबिक बायो टॉयलेट अब खुद ही गंदगी और बदइंतजामी के प्रतीक बन गए हैं. करीब चार करोड़ रुपये की लागत से चार अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए हैं. लेकिन कुछ जगहों पर इन टॉयलेट्स की हालत आज इतनी जर्जर हो चुकी है कि राहगीरों के लिए ये उपयोगी होने के बजाय परेशानी का कारण बन रहे हैं. इन बायो टॉयलेट्स की खासियत यह है कि इससे पॉल्यूशन नहीं होता. टॉयलेट के नीचे बायो डाइजेस्टर कंटेनर लगा होता है. जिसमें मौजूद एनेरोविक बैक्टीरिया शौच को गैस और पानी में परिवर्तित कर देता है. इस पूरी प्रक्रिया के बाद सिर्फ मिथेन गैस और पानी ही रह जाता है. इससे कोई बदबू नहीं आती और न ही प्रदूषण फैलता है. तैयार गैस का उपयोग किया जा सकता है जबकि पानी को रिसाइक्लिंग कर शौचालय या बागवानी में लगाया जा सकता है.) लेकिन इस पूरे वैज्ञानिक प्रयास का असर जमीनी स्तर पर नदारद दिखता है. हरमू रोड स्थित बायो टॉयलेट की हालत सबसे खराब है. यात्री छांव के लिए लगाए गए शेड पूरी तरह टूट चुके हैं, टॉयलेट की दीवारें जर्जर हो चुकी हैं और अंदर सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है. स्थिति यह है कि इन टॉयलेट्स के बगल में ही लोग लघु शंका करने को मजबूर हैं, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैली हुई है. बायो टॉयलेट्स में यूरिन स्टोर करने के लिए विशेष टैंक लगाया गया है, जिसमें केमिकल मिलाकर उसे पानी में बदलने की व्यवस्था है.

## चार दिवसीय चेस चैंपियनशिप का हुआ समापन





**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीय आदित्य बिरला मेमोरियल 24वीं झारखंड स्टेट फीडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप-2025 का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम के प्रीतम सिंह को ट्रॉफी एवं 17,500 रुपए नकद, पश्चिमी सिंहभूम के तनिष्क कुमार को 12500 रुपए नकद एवं पश्चिमी सिंहभूम के ही मनीष शर्मा को 9000 रुपए की नकद राशि मिली। प्रतियोगिता के अनरेटेड, रेटिंग कैटेगरी 1600, रेटिंग कैटेगरी 1800, वेटरन मैन, यंगेस्ट प्लेयर बालक एवं यंगेस्ट प्लेयर बालिका वर्ग में विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अन्यान्य प्रतिभागी भी पुरस्कृत किए गए। समापन समारोह के अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। समापन के दौरान झारखंड राज्य शतरंज संघ के सचिव श्री मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, मुख्य समन्वयक प्रभात रंजन कुमार एवं सह सचिव दीपक कुमार एवं मृदुल कुमार सिंह उपंस्थित रहे। प्रतिभागियों को राज्य शतरंज संघ के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

संपादकीय

# मालदीप में इंडिया आउट से मोदी अद्भुत तक

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पीएम मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह एक अद्भुत व्यक्ति हैं, जो भारत के पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। मुइज्जू ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराने बहुत अच्छे संबंध हैं और भविष्य में यह और भी मजबूत होंगे। कभी चीन के प्रभाव से इंडिया आउट कहने वाले मालदीप में मोदी का जो अभूतपूर्व स्वागत हुआ वह भारतीय कूटनीति की बड़ी विजय का प्रतीक है।भारत-मालदीव संबंधों को मजबूत करने में पीएम नरेंद्र मोदी की भूमिका की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि आने वाले दिनों में द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत होंगे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने माले में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक अद्भुत व्यक्ति हैं, जो भारत के पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। मुइज्जू ने कहा, 'मालदीव और भारत के बीच सदियों पुराने बहुत अच्छे संबंध हैं। मुझे यकीन है कि आने वाले दिनों में यह और भी मजबूत होंगे। पीएम मोदी ने 25-26 जुलाई को मालदीव का दौरा किया और राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ वार्ता की। दोनों नेताओं की उपस्थिति में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने हेतु कुछ समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। पीएम मोदी की मालदीव कई मायनों में अहम रही। इस यात्रा से भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौता पर बातचीत शुरू हुई। इसके अलावा, यूपीआई को मालदीव में शुरू करने के लिए भारत की इंटरनेशनल पेमेंट लिमिटेड और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के बीच बातचीत शुरू हुई। यूपीआई समझौते के बारे में पूछे जाने पर, राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि इससे मालदीव और भारत आने-जाने वाले लोगों को बहुत फायदा होगा। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें इससे काफी उम्मीदें हैं और यह जल्द ही पूरा हो सकता है। जब पत्रकारों ने पूछा की उनकी अगली भारत यात्रा कब होगी, तो मुइज्जू ने कहा कि उम्मीद है यह जल्द ही होगी। राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के विकास में भारत की भूमिका पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'आप सभी ने देखा है कि भारत ने अतीत में मालदीव के विकास में मदद की है। और, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आगे चलकर भारत एक बहुत ही महत्वपूर्ण साझेदार होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि भारत मालदीव में पर्यटन बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा की पीएम मोदी की इस यात्रा से दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और बेहतर होंगे। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2024 में, मालदीव के तीन अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर भारत और पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। उस समय पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर भारत के लक्षद्वीप द्वीप की तस्वीरें और वीडियो शेयर की थीं। इसके बाद भारत में लोगों ने मालदीव की यात्रा रद्द करनी शुरू कर दी थी। इस साल के अंत में मुइज्जू की भारत यात्रा के बाद ही हालात सुधरने शुरू हुए। शनिवार को पीएम मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे पर मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि पीएम मोदी का मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने गर्मजोशी से स्वागत किया व आभार जताया। मालदीव की राजधानी माले में रिपब्लिक स्क्वायर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने मुइज्जू के साथ मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित 50 मिनट से अधिक समय के कार्यक्रम को देखा।

*भारत-मालदीव संबंधों को मजबूत करने में पीएम नरेंद्र मोदी की भूमिका की सराहना की।*

# ऐतिहासिक भारत और ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता- नए भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि



भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर पहचान देने के साथ-साथ रोज़गार के असंख्य अवसरों का सृजन करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च-गुणवत्ता वाली वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा। भारत और ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए), ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य विकसित देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के अनुरूप है। यह मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के क्रम में आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन को अधिकतम करने की रणनीति का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री की रणनीति- वर्ष 2014 में, मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को पुनः स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई। विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करना, इस व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है। एफटीए, व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाते हैं। विकसित देशों के साथ एफटीए, जिनके भारत के साथ प्रतिस्पर्धी व्यापारिक हित नहीं हैं. दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद है, जबकि पिछली सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने का रवैया अपनाया था।

यूपीए शासनकाल में, विकसित देशों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता लगभग रोक दी थी और उस समय भारत को दुनिया की "पाँच कमजोर" अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2014 से लगभग तीन गुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है। क्रांतिकारी सुधारों, व्यापार में आसानी और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने में सहायता की है। आज, दुनिया भारत की अद्भुत गाथा में भागीदारी के साथ-साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है। बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त- यह एफटीए ब्रिटेन के बाजार के सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों के टैरिफ को समाप्त करते हुए व्यापार मूल्य के लगभग 100 प्रतिशत को कवर करता है। इस समझौते के अंतर्गत 56 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार से सृजित होने वाले व्यापक अवसरों के वर्ष 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है। छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर स्पष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी।

फुटबॉल, क्रिकेट उपकरण, रग्बी गेंदें और खिलौने बनाने वाली कंपनियों का ब्रिटेन में अपने कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा। असंख्य रोज़गार-आकर्षक बाज़ार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से निर्यात स्थायित्व के साथ-साथ निवेश और रोजगार सृजन में वृद्धि होगी। भारत वस्त्र, चमड़ा और जूते से जुड़े क्षेत्रों में ब्रिटेन को आपूर्ति करने वाले तीन प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की शानदार स्थिति में है और इससे भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रमुख क्षमता के रूप में उभरने में सहायता मिलने के साथ ही यह छोटे व्यावसायियों, कारीगरों और महिलाओं को भी सहायता प्रदान करेगा। रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, रसायन और फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि होने की आशा है। किसान प्रथम- 95 प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि-निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तीव्र वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। शुल्क-मुक्त बाज़ार पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि-निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाज़ार को खोल देगा, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले लाभों के बराबर या उससे भी अधिक होगा। हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को भी शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोज़गार के असंख्य अवसर सृजित होंगे। कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा-घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीए में भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेयरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। ये रियायतें, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमज़ोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को रेखांकित करती हैं। मछुआरों का विकास–भारतीय मछुआरे, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु के मछुआरे, ब्रिटेन के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से उल्लेखनीय विस्तार का अनुभव करेंगे। झींगा और अन्य समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन का आयात शुल्क वर्तमान 20 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा। यह संभावना अभूतपूर्व है क्योंकि ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है। सेवाएं और पेशेवर-यह समझौता आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवा और शिक्षा सहित विभिन्न सेवाओं को गति प्रदान करेगा और भारतीयों के लिए नवीन अवसरों का सजृन करेगा। इस समझौते में संविदा सेवा प्रदाता, व्यावसायिक यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइये सहित कुशल पेशेवरों के लिए भारत ने अनुकूल गतिशीलता प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। अभिनव एफटीए- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत के एफटीए में वस्तुओं और सेवाओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। इस एफटीए ने नए मानक स्थापित किए हैं। इस ईएफटीए के साथ, भारत ने 100 अरब डॉलर के निवेश की बाध्यकारी प्रतिबद्धता हासिल की है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। ऑस्ट्रेलिया के एफटीए के साथ, भारत ने दोहरे कराधान के मुद्दे का समाधान किया, जो आईटी कंपनियों के लिए एक बाधा बना हुआ था। इस एफटीए का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू दोहरा अंशदान समझौता है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं और अस्थायी भारतीय कर्मचारियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं-व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धा बढ़ाते हैं, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च-गुणवत्ता युक्त वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता मिलती है। मोदी सरकार ने गुणवत्ता को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन प्रदान किया है, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर वार्तालाप किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**पीयूष गोयल**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

आपकी बात

## आज भी भरोसे की वाणी आकाशवाणी



आकाशवाणी रांची के 69 वें स्थापना दिवस पर सारे श्रोताओं, पूर्व एवं वर्तमान अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई देते हैं। आकाशवाणी ने अपनी इस के यात्रा में अनेक मील के पत्थर तय किए हैं तथा समाज के हर वर्ग तक अपनी पहुंच बनाई है। यह संस्था न सिर्फ सूचना, शिक्षा, मनोरंजन के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बना बर्तिक हमारी चिरावन - पुरातन संस्कृति के संरक्षण और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में भी अपनी अमिट छाप छोदी है। यह हमारे समर्पित, लोगों की मेहनत और निष्ठा के बिना संभव नहीं हो पाता। उनके अथक प्रयासों ने ही आकाशवाणी रांची को वह मान और सम्मान दिलाया है जो उसे आज प्राप्त है। हमारे प्रिय श्रोताओं का भी उसमें विशेष योगदान रहा है जिनके निरंतर समर्थन और उत्साह ने हमेशा हम सबों को बेहतर करने की प्रेरणा दी। आज के डिजिटिलाइजेशन के दौर में पूरी इंडस्ट्री भी डिजिटल हो चुकी है। इसी क्रम में आकाशवाणी रांची का प्रसारण भी पूरी तरह से डिजिटल रूप ले चुकी है। वर्तमान में आकाशवाणी के उच्च शक्ति प्रेषित्र केंद्र काठीटांड में डिजिटल रेडियो ट्रांसमीटर क्रियाशील है जिसकी क्षमता 100 किलोवाट है।



**आनंद प्रकाश सिंह**
पूर्व उप निदेशक
आकाशवाणी, रांची

चिंतन-मनन

## सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है?

# अनुसंधान की नैतिक समस्या और समाधान

अनुसंधान का अर्थ मात्र तथ्यों की खोज या संकलन नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए उपयोगी विचारों और नवाचारों की उत्पत्ति है। एक अच्छा अनुसंधान न केवल ज्ञान को विस्तारित करता है, बल्कि सामाजिक चेतना को भी जाग्रत करता है। परंतु आज के तकनीकी युग में जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), डिजिटल टूल्स, और डेटा एनालिटिक्स जैसे संसाधनों की भरमार है, वहीं अनुसंधान में नैतिकता, मौलिकता और उद्देश्यपरकता जैसे मूलभूत तत्वों का अभाव भी सामने आ रहा है। यह आलेख समकालीन अनुसंधान से जुड़ी नैतिक समस्याओं की पहचान करते हुए, उनके संभावित समाधानों पर चर्चा करेंगे, साथ ही भारतीय ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त अनुसंधान दृष्टिकोण से आज के शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करने का प्रयास करेगा। आज शोधकर्ताओं के पास इंटरनेट, ओपन एक्सेस जर्नल्स, चैट जीपीटी जैसे एआई टूल्स, सॉफ्टवेयर-आधारित डेटा विश्लेषण तकनीकें, प्लेगरिज़्म चेकर आदि जैसे तमाम संसाधन हैं। लेकिन सवाल यह है कि इतने साधनों के होते हुए भी हम उच्च गुणवत्ता वाले, मौलिक और समाजोपयोगी अनुसंधान क्यों नहीं कर पा रहे? तो इसके कुछ प्रमुख कारण हैं। कॉपी पेस्ट संस्कृति का बढ़ता प्रचलन, प्रकाशन का दबाव "Publish or perish" की भावना ने शोध को मात्र एक औपचारिकता बना दिया है। शोध में उद्देश्य की अस्पष्टता, कई बार शोध सिर्फ डिग्री या प्रमोशन हेतु किया जाता है, न कि किसी समाजोपयोगी समस्याओं के समाधान हेतु। शोध नैतिकता का ह्रास, डेटा फेब्रिकेशन, फॉल्स साइटेशन, प्लेगरिज्म जैसे कदाचार आम होते जा रहे हैं। प्लेज़रिज़्म (Plagiarism) - मूल विचारों की चोरी है, बिना उद्धरण के सामग्री का उपयोग करना। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि अनुसंधान की आत्मा के साथ धोखाधड़ी भी है। डेटा में हेराफेरी- बिना तथ्यात्मक प्रमाण के डेटा को बदल देना या झूठे आँकड़े प्रस्तुत करना। अनैतिक परीक्षण (Unethical Testing)- कई बार सामाजिक, मेडिकल, या मनोवैज्ञानिक शोधों में प्रतिभागियों की सहमति के बिना परीक्षण किया जाता है, जो नैतिक रूप से आपत्तिजनक है। पैरवी आधारित प्रकाशन - अनेक बार अच्छे शोधों को दरकिनार कर, नेटवर्किंग या अनुशंसा के आधार पर औसत कार्य प्रकाशित कर दिए जाते हैं। तो अब यह सवाल उठता है कि समस्याओं के संभावित समाधान क्या हो सकते हैं। प्रथम प्रयास यह हो सकता है कि शोध नैतिकता की शिक्षा अनिवार्य हो। विश्वविद्यालय स्तर पर अनुसंधान नैतिकता "Research Ethics" को एक अनिवार्य पाठ्यक्रम बनाया जाए, जिसमें साहित्यिक चोरी, उद्धरण, डेटा प्रबंधन Plagiarism, Citation, Data Handling जैसे विषयों की समग्र समझ दी जाए। मेंटरशिप संस्कृति Mentorship Culture को बढ़ावा दिया जाए। अनुभवी मार्गदर्शकों का नैतिक और बौद्धिक समर्थन शोधकर्ताओं को सही दिशा प्रदान कर सकता है। वहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल टूल्स का विवेकपूर्ण उपयोग कर केवल उत्तर निकालना नहीं, बल्कि उसे जाँचना, समझना, परखना और आलोचनात्मक सोच से जांचना भी उतना ही ज़रूरी है। सबसे बड़ी और मूल बात अनुसंधान में सामाजिक उद्देश्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। शोध का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता या किसी ज्वलंत समस्या का समाधान होना चाहिए। ओपन रिव्यू सिस्टम की स्थापना होने से शोध-पत्रों की समीक्षा, पारदर्शीता और तकनीकी रूप से सुदृढ़ हो सकता है, ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। अब बात आती है कि भारतीय परंपरा में अनुसंधान की नैतिकता क्या रही है? भारत की वैदिक परंपरा और ऋषि परंपरा अनुसंधान की उच्चतम नैतिकता की प्रतिमूर्ति रही है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में "सा विद्या या विमुक्तये" अर्थात वह ज्ञान, जो मुक्त करता है। यह आदर्श भारतीय परंपरा में अनुसंधान का आधार है। ऋषि चरक ने आयुर्वेद दिया। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में वर्षों तक परीक्षण और प्रयोग कर चरक संहिता का निर्माण किया, जो आज भी आयुर्वेद का मूल स्तंभ है। महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र लिखा जिसमें वैज्ञानिक सोच के साथ जीवन शैली को एक संरचित दर्शन में पिरोया। भास्कराचार्य और आर्यभट्ट ने खगोलशास्त्र, गणित और भौतिकी में विश्व स्तर पर योगदान दिया। कौटिल्य (चाणक्य) जिन्होंने समाजशास्त्र, राजनीति और अर्थव्यवस्था पर आधारित अनुसंधान किया जिसका प्रभाव आज भी हमारी संस्कृति में दिखाई देता है। इन ऋषियों की एक समान विशेषता थी जिसमें नैतिक अनुशासन, समर्पण, धैर्य और सामाजिक कल्याण के प्रति उत्तरदायित्व छुपा हुआ था। तो यह बात हो गई हमारे ऋषि मुनियों की, आज के शोधकर्ता इनसे क्या सीखें? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात




**डॉ. दीपक प्रसाद**
निर्देशक, सहायक आचार्य

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

कभी विभीषण व्यक्ति था, कभी हो गया वक्त।
रामादल भी कब हुआ, अनपेक्षित सा सख्त।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# झांसी की रानी से बिरसा तक शब्दों से जंग

महाश्वेता देवी पुण्यतिथि

जब शब्द तलवार की धार बन जाएँ और कलम क्रांति का हथियार, तब रचनाएँ केवल स्याही और कागज़ नहीं रहतीं, बल्कि वे समय की सीमाओं को तोड़कर सदियों तक दिलों में गूंजती हैं। ऐसी ही थीं महाश्वेता देवी-एक लेखिका, एक योद्धा, जिनकी लेखनी में जंगलों की साँस थी, आदिवासियों का दर्द था, और समाज के अंधेरे को चीरती एक प्रखर रोशनी थी। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें केवल याद करना नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवित रखना, उनके संघर्षों को आत्मसात करना और उनकी लड़ाई को आगे ले जाना हमारा सच्चा कर्तव्य है। 28 जुलाई 2016 को जब वे इस दुनिया से रुखसत हुईं, भारत ने न केवल एक साहित्यकार खोया, बल्कि एक ऐसी शख्सियत को अलविदा कहा, जिसने अपनी कलम से हाशिए के लोगों को आवाज़ दी और अन्याय के खिलाफ विद्रोह की मशाल जलाई। उनकी लेखनी में थी वह आग, जो हर उस जुल्म को भस्म करना चाहती थी जो इंसानियत को लज्जित करता था। 14 जनवरी 1926 को ढाका (अब बांग्लादेश) में एक साहित्यिक और प्रबुद्ध परिवार में जन्मीं महाश्वेता देवी की रगों में शुरू से ही साहित्य और सामाजिक चेतना बसी थी। उनके पिता मनीष घटक कवि और उपन्यासकार थे, तो माँ धारित्री देवी लेखिका और समाजसेविका। इस माहौल ने उन्हें बचपन से ही साहित्य और सामाजिक सरोकारों से जोड़ा। कोलकाता विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर करने वाली महाश्वेता की असली शिक्षा उन जंगलों, गाँवों और आदिवासी बस्तियों में हुई, जहाँ उन्होंने वंचितों के दर्द को करीब से देखा और जिया। उनकी रचनाएँ उस मिट्टी की गंध, उस पीड़ा और उस संघर्ष की गवाही देती हैं, जो भारत के आदिवासी और हाशिए पर जी रहे समुदायों की जिंदगी का सच है। उनकी लेखनी न केवल साहित्य थी, बल्कि एक आंदोलन थी — जो अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करती थी और समाज को बदलने का साहस देती थी। महाश्वेता देवी का साहित्य केवल कहानियों का संग्रह नहीं, बल्कि इतिहास के उन दबे-छिपे पन्नों का जीवंत दस्तावेज़ है, जिन्हें सत्ता ने मिटाने की साजिश रची। उनकी कृतियाँ—'रूदाली', 'हज़ार चौरासी की माँ', 'अरण्येर अधिकार', और 'अग्निगर्भ'—समाज के उस कठोर यथार्थ को उजागर करती हैं, जहाँ गरीब, आदिवासी और दलित न केवल शोषण का शिकार हैं, बल्कि उनकी आवाज़ को निर्ममता से कुचला जाता है। 'रूदाली' में राजस्थान की उन औरतों की मार्मिक कथा है, जो दूसरों के मृतकों पर आँसू बहाने का पेशा करती थीं, मगर अपनी पीड़ा को सीने में दफनाए रखती थीं। 'हज़ार चौरासी की माँ' एक माँ की व्यक्तिगत त्रासदी के ज़रिए नक्सल आंदोलन और सत्ता की क्रूरता को उघाड़ती है। 'अरण्येर अधिकार' में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में आदिवासियों के विद्रोह को अमर किया गया, जिन्होंने औपनिवेशिक और सामंती जंजीरों को तोड़ने की जंग लड़ी। इन रचनाओं ने साहित्यिक जगत में तूफान खड़ा किया और सामाजिक चेतना को झकझोरकर जागृत किया। महाश्वेता देवी की लेखनी केवल किताबों तक सीमित नहीं थी; वह एक आंदोलन थी, जो जमीनी हकीकत से उपजी थी। वे पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के घने जंगलों में बसे संथाल, मुंडा और लोहरा जैसे आदिवासी समुदायों के बीच गईं, उनके दुख-दर्द को जिया, और उनकी लड़ाई को अपनी कलम और कर्म से सशक्त किया। 1980 के दशक में उन्होंने 'देनोति सभा' और 'पश्चिम बंगा खेत मजदूर समिति' जैसे संगठनों के साथ मिलकर बंधुआ मज़दूरी के खिलाफ निर्णायक संघर्ष छेड़ा। पलामू (झारखंड) में 1990 के दशक में उनके अभियान ने सैकड़ों बंधुआ मज़दूरों को गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति दिलाई। आदिवासियों के वन अधिकार, ज़मीन के हक और शिक्षा के लिए उनकी लड़ाई ने समाज के सबसे हाशिए पर पड़े लोगों में नई उम्मीद जगाई। उनके इस अथक कार्य को संयुक्त राष्ट्र तक ने सराहा। महाश्वेता देवी का व्यक्तित्व एक अनूठा संगम था—एक ओर कोलकाता विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य की विदुषी प्रोफेसर, दूसरी ओर जंगलों की धूल भरी पगडंडियों पर नंगे पाँव चलने वाली क्रांतिकारी। उनकी विनम्रता और निर्भीकता का मेल अनुपम था। सत्ता, चाहे वह औपनिवेशिक शासकों की हो या स्वतंत्र भारत की नौकरशाही, उनके सामने कभी टिक नहीं सकी। उन्होंने सच को न केवल उजागर किया, बल्कि उसे अपनी लेखनी का हथियार बनाया, भले ही इसके लिए उन्हें तीखी आलोचनाएँ क्यों न सहनी पड़ीं। उनकी पत्रिका 'बर्तिका' हाशिए पर जी रहे आदिवासी और वंचित समुदायों की दमदार आवाज़ बनी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार में 65 लाख वोटर हुए 'लापता'

**एजेंसी। पटना**

बिहार में एक विवादास्पद मतदाता सत्यापन अभियान के पहले चरण के पूरा होने के बाद, राज्य की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। यह संख्या राज्य के मौजूदा कुल मतदाताओं का लगभग 9% है। इस अभियान ने पूरे देश में विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया है और इसे सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है।

**अभियान का पहला चरण और आगे की प्रक्रिया**

विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision) का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। अब, 1 अगस्त को नई मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसी दिन से एक महीने तक चलने वाली दावे और सत्यापन की प्रक्रिया भी शुरू होगी, जहां लोग सूची में शामिल होने या गलतियों को सुधारने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को जारी की जाएगी।

**हटाए जाने वाले नामों का विवरण**

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को अंतिम आंकडे जारी नहीं किए हैं, लेकिन शुक्रवार को जारी अपने बुलेटिन में बताया था कि 65 लाख नाम मसौदा मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। इन नामों को हटाने के पीछे मुख्य कारण हैः



**मृत्युः लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे।**


दोहरावः करीब 7 लाख मतदाताओं के नाम कई जगहों पर पंजीकृत पाए गए हैं।

स्थायी प्रवास या पता न लगनाः 35 लाख मतदाता ऐसे हैं जो या तो स्थायी रूप से कहीं और चले गए हैं या घर-घर सत्यापन के दौरान उनका पता नहीं चल पाया।

इसके अतिरिक्त, 1.20 लाख अतिरिक्त गणना प्रपत्र अभी भी लंबित हैं, जिनकी समय सीमा बीत चुकी है। जनवरी में प्रकाशित ईसीआई की मतदाता सूची के अनुसार, बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या 7.89 करोड (78.9 मिलियन) थी।

# मैं काशी से सांसद, जब 'ॐ नमः शिवाय' सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं: पीएम

- शिव दर्शन की अद्भुत ऊर्जा, श्री इलैयाराजा का संगीत और मंत्रोच्चार, यह आध्यात्मिक अनुभव मन को भावविभोर कर देता है।



मैंने इस मंदिर में देशभर के 140 करोड़ लोगों के कल्याण और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सेंगोल' का उल्लेख किया

उन्होंने कहा, "जब देश की नई संसद का लोकार्पण हुआ, तो हमारे शिव आदीनम के संतों ने उस ऐतिहासिक आयोजन का आध्यात्मिक नेतृत्व किया था। तमिल संस्कृति से जुड़े 'सेंगोल' को संसद में स्थापित किया गया। मैं आज भी उस पल को याद करता हूं तो गौरव से भर जा ता हूं।"

**एजेंसी। अरियलूर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में 'आदि तिरुवथिराई उत्सव' में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि चोल राजाओं ने अपने राजनयिक और व्यापारिक संबंधों का विस्तार श्रीलंका, मालदीव और दक्षिण-पूर्व एशिया तक किया था। ये भी एक संयोग है कि मैं शनिवार को ही मालदीव से लौटा हूं और अभी तमिलनाडु में इस कार्यक्रम का हिस्सा बना हूं।

चोल वंश के महान सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सम्राट के सम्मान में स्मारक सिक्का भी जारी किया। कार्यक्रम में भजन प्रस्तुति की गई, जिसे सुनकर प्रधानमंत्री मोदी भी भावविभोर हो गए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं काशी का सांसद हूं और जब मैं 'ऊं नमः शिवाय' सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिव दर्शन की अद्भुत ऊर्जा, श्री इलैयाराजा का संगीत और मंत्रोच्चार, यह आध्यात्मिक अनुभव मन को भावविभोर कर देता है।

बृहदेश्वर शिव मंदिर का निर्माण शुरू होने के 1000 साल के ऐतिहासिक अवसर पर सावन के पवित्र महीने में मुझे भगवान बृहदेश्वर शिव के चरणों में पूजा करने का सौभाग्य मिला है। मैंने इस मंदिर में देशभर के 140 करोड़ लोगों के कल्याण और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। भगवान शिव का आशीर्वाद सभी को मिले, यही मेरी कामना है। इस दौरान पीएम मोदी ने 'हर-हर महादेव' का जयकारा भी लगाया।

सांस्कृतिक मंत्रालय की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विभाग ने यहां अद्भुत प्रदर्शनी लगाई है। यह ज्ञानवर्धक और प्रेरक है। हमें गर्व होता है कि 1000 साल पहले हमारे पूर्वजों ने किस तरह मानव कल्याण को लेकर दिशा दी।

# बिहार को मिली नई सौगात, सीएम ने किया गंगा और पाटली गैलरी के साथ प्रेक्षा गृह का उद्घाटन

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना संग्रहालय के नवनिर्मित गंगा गैलरी, पाटली गैलरी और प्रेक्षा गृह का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया और वहां लगाए गए प्रदर्शनों का बारीकी से अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, "पटना संग्रहालय का उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। यह पुराना संग्रहालय है। यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्रदर्शन रखे गए हैं, उनका रखरखाव और बेहतर ढंग से हो, इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया गया है। संग्रह को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से इस संग्रहालय का विस्तार किया गया है।" पटना संग्रहालय बिहार राज्य के सांस्कृतिक इतिहास को दर्शाता है। पटना संग्रहालय में भारत की उत्कृष्ट कलाकृतियों एवं हमारे अनमोल विरासत का संग्रह है। पहले इसमें लगभग 60,000 कलाकृतियां थीं।



### 'बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' के गठन का सीएम नीतीश कुमार ने किया ऐलान

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन का ऐलान कर दिया है। इस आयोग का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके सामाजिक और आर्थिक विकास, शिकायतों का समाधान और कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी करना है।

ऑपरेशन सिंदूर से लेकर अंतरिक्ष मिशन तक, बच्चों को मिलेगी भारत की 'असली ताकत' की शिक्षा

# एनसीईआरटी ला रहा है सैन्य-अंतरिक्ष गौरवगाथा के नए अध्याय

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** अब स्कूली बच्चे भारत की सैन्य शक्ति, अंतरिक्ष में उसकी बढ़ती ताकत और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के बारे में अपनी किताबों में पढ़ पाएंगे। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) जल्द ही अपने पाठ्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर', 'मिशन लाइफ' और भारत के बड़े अंतरिक्ष मिशन जैसे चंद्रयान, आदित्य एल1 के साथ-साथ भारतीय वायुसेना के पायलट शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को शामिल करेगा।

**दो हिस्सों में आएगा नया पाठ्यक्रम**

यह नया पाठ्यक्रम दो अलग-अलग हिस्सों (मॉड्यूल) में तैयार किया जा रहा हैः पहला कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों के लिए और दूसरा कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए। हर मॉड्यूल लगभग आठ से दस पन्नों का होगा। इनमें भारत की सैन्य और रणनीतिक यात्रा के खास पड़ावों को बताया जाएगा। इसमें इस बात पर जोर दिया जाएगा कि कैसे पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया गया था।

मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'इसका मकसद युवाओं को भारत की सैन्य ताकत, देश की सुरक्षा के लिए उठाए गए बड़े कदम और रक्षा, कूटनीति तथा अलग-अलग मंत्रालयों के बीच तालमेल की राष्ट्रीय सुरक्षा में भूमिका के बारे में बताना है।' हालांकि, 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी खास रणनीतिक जानकारी गोपनीय ही रखी जाएगी, लेकिन इसे भारत की सामरिक शक्ति को दिखाने के लिए एक खास केस स्टडी के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा।

**विभाजन और अंतरिक्ष में बढ़ती शक्ति**

सूत्रों ने यह भी बताया कि पाठ्यक्रम में भारत-पाकिस्तान विभाजन की भयावहता पर भी एक मॉड्यूल होगा। यह छात्रों को भारत की आजादी के दर्दनाक इतिहास और उसके बाद के सालों में देश ने कैसे चुनौतियों का सामना किया, इसकी जानकारी देगा।

ये मॉड्यूल भारत के एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उदय को भी दिखाएंगे। इसमें चंद्रयान और आदित्य एल1 जैसे ऐतिहासिक मिशनों का जिक्र होगा। साथ ही, भारतीय वायुसेना के पायलट शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर हाल ही में पहुंचने (एक्सिओम मिशन 4) के ऐतिहासिक पड़ाव को भी शामिल किया जाएगा। इस पाठ्यक्रम का मकसद छात्रों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जगाना और उन्हें प्रेरित करना है।


**पर्यावरण संरक्षण भी पाठ्यक्रम का हिस्सा**

सैन्य और अंतरिक्ष उपलब्धियों के अलावा, इन मॉड्यूलों में 'मिशन लाइफ' पर भी जानकारी होगी।

# कश्मीर घाटी में यात्री सवारी डिब्बों को अपग्रेड करने का काम 31 अगस्त तक हो जाएगा पूरा : केंद्र

- जम्मू-श्रीनगर रेल लाइन के खुलने और अपग्रेड कार्यों से जम्मू-कश्मीर को एक नई लाइफलाइन मिलेगी।

**नवीन मेल संवाददाता**



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रविवार को कहा कि कश्मीर घाटी में यात्री सवारी डिब्बों को अपग्रेड करने का काम 31 अगस्त तक पूरा हो जाएगा और इस समय सीमा के भीतर सेवा में मौजूद सभी रेकों को रेनोवेट और अपग्रेड किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जम्मू-श्रीनगर रेल लाइन के खुलने और अपग्रेड कार्यों से जम्मू-कश्मीर को एक नई लाइफलाइन मिलेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून, 2025 को चिनाब और अंजी पुलों के साथ उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना का उद्घाटन किया। यह कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच संपर्क स्थापित करने में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन इस मार्ग पर परिवहन का एक महत्वपूर्ण साधन बन गई है। मंत्रालय ने बताया, "नई रेल सेवाओं के अलावा, इस लाइन के खुलने से कश्मीर घाटी में रेल पटरियों के रखरखाव की क्षमता में भी बुनियादी बदलाव आया है। इस रेलवे लिंक ने कश्मीर घाटी में ट्रैक रखरखाव मशीनों की आवाजाही को संभव बनाया है। पहले मैन्युअल रखरखाव के विपरीत, अब रखरखाव आधुनिक मशीनों से किया जा रहा है। इससे पटरियों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।"

# चिराग को बिहार से नहीं, कुर्सी से मोह ज्यादा : तेजस्वी यादव



**पटना।** लोजपा (रामविलास ) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जाने पर बिहार की सियासत गरमा गई है। चिराग के इस बयान को लेकर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधी 'विजय' और 'सम्राट' हो चुके हैं। चिराग पासवान ने बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर असंतोष प्रकट किया था। चिराग ने कहा था कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि वे ऐसी सरकार को समर्थन दे रहे हैं, जिसके प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान हैं। चिराग के इस बयान को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, "बिहार में अपराधी 'विजय' और 'सम्राट' हो चुके हैं। लॉ एंड ऑर्डर का 'क्रिमिनल डिसऑर्डर' हो चुका है और चिराग पासवान भी सरकार के ही अंग हैं, जो मुद्दा उठा रहे हैं। यहां सरकार चुने हुए प्रतिनिधि नहीं, अपराधी ही चला रहे हैं। इस पर चिराग पासवान केवल अफसोस जता रहे हैं।"

उन्होंने कहा कि चिराग केंद्रीय मंत्री हैं, उनके पांच-पांच एमपी हैं। ऐसे में चिराग ये दिखा रहे हैं कि वे कितने कमजोर हो चुके हैं।

तेजस्वी यादव ने कहा, "चिराग ऐसी सरकार के मंत्री हैं, जिसके एक इंजन में अपराध और दूसरे इंजन में भ्रष्टाचार का इंजन लगा है। चिराग पासवान को कुर्सी से प्यार है, आप इतने कमजोर हो गए हैं कि सरकार में रहकर भी कुछ नहीं कर सकते।

# आज का राशिफल

**मेष :** इस सप्ताह मन में कोई अनजाना डर बना रह सकता है। लाभ को लेकर स्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। दैनिक बोलचाल में अपनी वाणी पर संयम बरतें। बड़े भाइयों का सहयोग मिलने से लाभ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है तथा उनको भी लाभ प्राप्त होगा।

**वृष :** इस सप्ताह में भाई-बहनों के मध्य मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी रह सकती है। नौकरी में बदलाव हो सकते हैं तथा प्रमोशन प्राप्त हो सकता है। आलस्य में वृद्धि होने से कार्य समय से पूर्ण न हो पाने से मन व्यथित हो सकता है। माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** इस सप्ताह आपको अनेक प्रकार के लाभों की प्राप्ति हो सकती है। पराक्रम में वृद्धि होगी तथा समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी पर संयम रखें अन्यथा बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। दांतों में तकलीफ उत्पन्न हो सकती है; सचेत रहें।

**कर्क :** इस सप्ताह धन को लेकर आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। मानसिक तनाव बना रह सकता है। स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हो सकते हैं। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। नौकरी कर रहे जातकों के लिए हफ्ता अच्छा रहेगा। नयी जॉब प्राप्त हो सकती है।

**सिंह :** इस सप्ताह खर्चों में वृद्धि हो सकती है; कुछ व्यर्थ के खर्चे भी संभव हैं। खर्चों के हिसाब से धन का आगमन भी होगा। लाभ के नए रास्ते मिलेंगे। हफ्ते के मध्य में संतान तथा शिक्षा के क्षेत्र में कुछ परेशानी मिल सकती है। भाग्य का साथ मिलेगा; नयी नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं।

**कन्या :** इस सप्ताह आलस्य के होने से कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से रक्त से सम्बंधित कोई परेशानी हो सकती है। भवन तथा वाहन में खर्च कर सकते हैं। सरकारी कार्य हेतु यात्रा पर जा सकते हैं। छात्रों को पढ़ाई के क्षेत्र में परेशानी मिल सकती है। यह हफ्ता मन विचलित बना रहेगा।

**तुला :** इस सप्ताह लाभ की नई स्थिति उत्पन्न होगी। छात्रों को अपने परिश्रम का अच्छा फल मिलेगा। संतान की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। माता को कष्ट हो सकता है; ध्यान रखें। नौकरी कर रहे जातकों को अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** इस सप्ताह लाभ कम तथा खर्चों की अधिकता हो सकती है। नौकरी के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिल सकती है। उच्च अधिकारियों से तालमेल अच्छा बना रहेगा तथा उनके सहयोग से कार्य समय से पूर्व संपन्न हो सकते है। वाणी की कटुता से काम बिगड़ सकते है सचेत रहे। बड़े भाई से मतभेद हो।

**धनु :** इस सप्ताह भाग्य का साथ होने से आपके सभी कार्य पूर्ण होते रहेंगे। अचानक धन लाभ की प्राप्ति हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बनेंगे। मान-सम्मान में कमी होगी। वैवाहिक जीवन में परेशानियां आ सकती है। छात्रों के लिए ये हफ्ता बहुत अच्छा व्यतीत होगा वह अपने सभी कार्य सरलता से पूर्ण करेंगे।

**मकर :** इस सप्ताह मानसिक तनाव बड़ सकते है। बायीं आंख में परेशानी हो सकती है। अनचाही यात्रा हो सकती है। क्रोध के चलते कार्य बिगड़ सकते है। खर्चों में अधिकता रहेगी जीवनसाथी के ऊपर किसी प्रकार का खर्चा हो सकता है। नौकरी में स्थिति सामान्य रहेगी कार्य का बोझ अधिक हो सकता है।

**कुंभ :** इस सप्ताह भाई तथा मित्रों से बहसबाजी हो सकती है बचाव करें। वाहन चलाते समय सावधानी बरते। यात्राएं होगी जिस कारण शारीरिक परेशानियाँ हो सकती है। धन की स्थिति ठीक रहेगी जिन लाभों के बारे में सोचा था वह हफ्ते के अंत तक हो सकते है। पारिवारिक जीवन अच्छा चलेगा।

**मीन :** इस सप्ताह नौकरी कर रहे जातकों को उच्च अधिकारियों से तनाव मिल सकता है। सहकर्मियों का सहयोग अल्प मात्रा में मिल सकता है। पिता से मतभेद हो सकते है। कोई आपको नीचा दिखाने की कोशिश कर सकता है। छात्रों को परिश्रम अनुसार फल की प्राप्ति में कमी होगी।

# सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस: पीएम मोदी बोले- देश की सुरक्षा में अहम योगदान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए बल की प्रशंसा की। देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ की अटूट भूमिका को स्वीकार करते हुए, पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, "सीआरपीएफ के सभी कर्मियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। सीआरपीएफ ने हमारी सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर आंतरिक सुरक्षा से जुड़े चुनौतीपूर्ण पहलुओं में।"



"सीआरपीएफ के जवान अपनी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते हैं, जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी दिखता है।

प्रधानमंत्री ने सीआरपीएफ के जवानों की निष्ठा और वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा, "सीआरपीएफ के जवान अपनी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते हैं, जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी दिखता है। मानवीय चुनौतियों को दूर करने में उनका योगदान भी सराहनीय है।"

सीआरपीएफ की शुरुआत 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में हुई थी। बाद में, 28 दिसंबर 1949 को सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स एक्ट लागू होने के बाद इसे आधिकारिक तौर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का नाम दिया गया। इस बदलाव ने इसकी नई पहचान की शुरुआत की और इसे भारत सरकार के अधीन एक केंद्रीय सशस्त्र बल के रूप में स्थापित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस अवसर पर सीआरपीएफ कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमित शाह ने लिखा, "सीआरपीएफ के सभी जवानों को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। आपका निस्वार्थ बलिदान हमारे राष्ट्र की सुरक्षा की रीढ़ रहा है और नक्सलवाद को समाप्त करने का आपका अटूट साहस सचमुच प्रशंसनीय है।

# नगर विकास कार्यों के शिलापट्ट पर अंकित होंगे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम : सीएम योगी

- उत्तर प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर कानपुर मंडल के विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई और जनप्रतिनिधियों के जरिए जनता की जरूरतों व आकांक्षाओं पर चर्चा हुई। यह बैठक लोकतंत्र को मजबूत करने और जनता से सीधे जुड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम थी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर विकास कार्यों के शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने मंडलवार संवाद श्रृंखला के तहत कानपुर मंडल के छह जिलों (कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा और औरैया) के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक सांसद और विधायक से सीधे बातचीत कर उनके क्षेत्रों की स्थिति, लोगों की अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक सहयोग पर विस्तार से जानकारी ली।



### सीएम योगी ने नगर विकास विभाग को निर्देश दिया

कि नगर विकास विभाग की ओर से कराए जा रहे विकास कार्यों से संबंधित शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के नाम अंकित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच की सबसे भरोसेमंद कड़ी होते हैं। उनके विचार और सुझाव केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जन आकांक्षाओं का स्वरूप होते हैं, जिन्हें योजनाओं की संरचना और क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों के अनुभव और सुझावों को सिर्फ कागजों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें नीति बनाने का आधार बनाएं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ के साथ-साथ सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केंद्र है। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंडल के छह जिलों में जनप्रतिनिधियों की ओर से प्रस्तावित कुल 1,362 निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई, जिनकी अनुमानित लागत 10,914 करोड़ रुपए आंकी गई है। इन कार्यों में सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों, बाईपासों, कनेक्टिविटी, धार्मिक स्थलों के विकास, सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स से जुड़े कई महत्वपूर्ण विकास कार्य प्रस्तावित हैं। सबसे ज्यादा योजनाएं कानपुर नगर में हैं, जहां 5,006 करोड़ रुपये की लागत से 426 परियोजनाएं शुरू होंगी। फर्रुखाबाद में 2,476 करोड़ रुपये से 308 कार्य, कानपुर देहात में 1,214 करोड़ रुपये से 336 कार्य, कन्नौज में 1,076 करोड़ रुपये से 98 कार्य, इटावा में 620 करोड़ रुपये से 128 कार्य और औरैया में 524 करोड़ रुपये से 66 विकास कार्य शामिल हैं।

बिहार एसआईआर : चुनाव आयोग को बड़ी सफलता

# 91.69 प्रतिशत मतदाताओं ने जमा किए फॉर्म

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले हुए विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण में चुनाव आयोग को बड़ी सफलता मिली है। 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ (91.69 प्रतिशत) ने अपने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं। इस उपलब्धि के बारे में चुनाव आयोग ने जानकारी दी है।

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को बिहार के विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में जानकारी साझा की। ईसीआई ने बताया कि बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण में शानदार सफलता मिली है। 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ (91.69 प्रतिशत) ने अपने गणना फॉर्म जमा किए। इस दौरान मृत घोषित 22 लाख (2.83 प्रतिशत) हैं। इसके अलावा, स्थायी रूप से स्थानांतरित/नहीं मिले 36 लाख (4.59 प्रतिशत) हैं और एक से अधिक जगहों पर पंजीकृत 7 लाख (0.89 प्रतिशत) हैं।




ईसीआई के मुताबिक, ऐसे लोग जो अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता बन गए हैं या अस्तित्व में नहीं पाए गए या फिर किसी अन्य कारण से पंजीकरण नहीं करना चाहते थे, इनकी सटीक स्थिति 1 अगस्त 2025 तक इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) या सहायक ईआरओ द्वारा फॉर्मों की जांच के बाद स्पष्ट होगी। साथ ही जिन मतदाताओं का नाम कई जगहों पर है, उनका नाम केवल एक जगह पर ही रखा जाएगा। इसके अलावा, वास्तविक मतदाता 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक दावे और आपत्ति अवधि के दौरान मतदाता सूची में वापस जोड़े जा सकते हैं।

## नंदू नाटेकर

# बैडमिंटन कोर्ट का 'किंग' जिसने पहली बार भारत को जिताया 'इंटरनेशनल खिताब'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नंदू नाटेकर भारत के अग्रणी और सबसे प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें 'भारतीय बैडमिंटन कोर्ट का किंग' कहा गया। नंदू नाटेकर को उनके शानदार खेल कौशल, रिफ्लेक्सेस और तकनीकी परिपक्वता के लिए आज भी याद किया जाता है, जिन्होंने भारत में बैडमिंटन को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। 12 मई 1933 को सांगली में जन्मे नंदू नाटेकर अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शटलर हैं, जिन्होंने साल 1956 में 'सेलांगर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट' में यह उपलब्धि हासिल की थी। अपने समय के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक नाटेकर 'वर्ल्ड नंबर 3' भी रहे। नाटेकर ने 1951 और 1963 के बीच थॉमस कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहते हुए 16 में से 12 सिंगल्स और 16 में से 8 डबल्स मैच जीते। नंदू नाटेकर 17 बार के नेशनल चैंपियन रहे। उन्होंने छह बार सिंगल्स (1953, 1954, 1958, 1960, 1961 और 1965), छह बार डबल्स (1955, 1956, 1958, 1960, 1961 और 1963) और पांच बार मिक्स्ड डबल्स (1953, 1954, 1961, 1966 और 1970) चैंपियनशिप जीतीं। 1961 में तीनों खिताब जीतने का अनूठा गौरव भी नाटेकर के नाम था। नंदू नाटेकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में यह अनोखी उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष हैं। इस लिस्ट में प्रकाश पादुकोण (9 खिताब) और सैयद मोदी (8 खिताब) उनसे पीछे हैं। उन्होंने 1965 में जमैका में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। नंदू नाटेकर का बैडमिंटन करियर 15 साल से ज्यादा लंबा रहा। उन्होंने इस दौरान 100 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिताब जीते। साल 1961 में इस महान शटलर को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। नंदू नाटेकर भारतीय युवाओं के लिए एक प्रेरणा बने और भारत को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन मंच पर पहचान दिलाने में मदद की। उनके बेटे गौरव नाटेकर टेनिस खेलते थे, जिन्होंने डेविस कप में देश का प्रतिनिधित्व किया। 28 जुलाई 2021 को 88 साल की उम्र में नंदू नाटेकर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।



### नंदू नाटेकर की बैडमिंटन में ऐतिहासिक उपलब्धियां

1. **नंदू नाटेकर ने 6 बार सिंगल्स खिताब जीता :** 1953, 1954, 1958, 1960, 1961, 1965.
2. **उन्होंने 6 बार डबल्स खिताब अपने नाम किए :** 1955, 1956, 1958, 1960, 1961, 1963.
3. **नाटेकर ने 5 बार मिक्स्ड डबल्स चैंपियनशिप जीती :** 1953, 1954, 1961, 1966, 1970.
4. **1961 में उन्होंने सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स तीनों खिताब एक साथ जीतकर इतिहास रच दिया :** यह उपलब्धि अब तक किसी अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ी को हासिल नहीं हुई है।
5. **नंदू नाटेकर के कुल खिताबों की संख्या 17 है :** उनकी तुलना में प्रकाश पादुकोण के नाम 9 और सैयद मोदी के नाम 8 खिताब हैं।

# डीसी ओपन : खिताबी मुकाबले में अन्ना से भिड़ेंगी लेयला फर्नांडीज

**वॉशिंगटन (आईएएनएस)**

कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने एक बेहद कड़े मुकाबले में जबरदस्त वापसी करते हुए वॉशिंगटन ओपन के फाइनल में जगह बना ली। यह मैच 3 घंटे 12 मिनट तक चला जिसमें फर्नांडीज ने तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना को 6-7(2), 7-6(3), 7-6(3) से हराया। यह एक साल से भी ज्यादा समय बाद उनका पहला फाइनल है। अगर वह जीतीं, तो यह 2023 हांगकांग के बाद उनका पहला खिताब होगा। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, उनके करियर के तीनों डब्ल्यूटीए एकल खिताब हार्ड कोर्ट पर ही आए हैं। फर्नांडीज का अगला मुकाबला अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने दिन के दूसरे सेमीफाइनल में 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। 'डीसी ओपन' अन्ना कालिंस्काया के लिए टूर का सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट साबित हुआ है। इस इवेंट में उनका मेन ड्रॉ जीत-हार रिकॉर्ड 9-2 का है। वह कभी भी क्वार्टर फाइनल से पहले बाहर नहीं हुई हैं। साल 2019 में, जब वह क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में शामिल हुईं, तब उनकी रैंकिंग सिर्फ 160 थी, उन्होंने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। कालिंस्काया इस साल एक कदम और आगे बढ़ गईं। वह पिछले साल डब्ल्यूटीए 1000 दुबई और डब्ल्यूटीए 500 बर्लिन के बाद अपने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए एकल फाइनल में पहुंच गई हैं।

डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, दोनों फाइनल में मामूली हार के बाद, उनके पास डब्ल्यूटीए एकल खिताब विजेताओं के क्लब में शामिल होने का एक और 'गोल्डन चांस' है। विश्व की 36वें नंबर की खिलाड़ी फर्नांडीज और 48वें नंबर की खिलाड़ी कालिंस्काया के लिए यह खिताबी मुकाबला एक बड़ा मौका है, क्योंकि दोनों ही पहले शीर्ष 20 में स्थान बना चुकी हैं। डब्ल्यूटीए 500 ट्रॉफी इन दोनों के लिए करियर का सबसे बड़ा खिताब होगा। कालिंस्काया ने अभी तक कोई डब्ल्यूटीए एकल खिताब नहीं जीता है। फर्नांडीज ने अपने पिछले मुकाबले में कालिंस्काया को मामूली अंतर से हराया था। साल 2021 में ग्वाडलजारा के हार्ड कोर्ट पर फर्नांडीज ने कालिंस्काया को 7-5, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी थी।



### 2023 के बाद पहला फाइनल

- फर्नांडीज का एक साल से ज्यादा समय बाद पहला फाइनल है।
- पिछली बार उन्होंने 2023 में हांगकांग ओपन में खिताब जीता था।

### दुनिया की तीसरे नंबर खिलाड़ी को हराया

- फर्नांडीज ने कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना को हराया।
- रायबाकिना वॉशिंगटन ओपन में तीसरी वरीयता प्राप्त थीं।

**डीसी ओपन**

## कोरेंटिन मौटेट को शिकस्त देकर फाइनल में डी मिनौर

एलेक्स डी मिनौर ने फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को 6-4, 6-3 से हराकर डीसी ओपन के फाइनल में जगह बना ली। फाइनल में पहुंचने के साथ ही कोरेंटिन मौटेट ने एटीपी लाइव रैंकिंग में रूस के आंद्रे रुबलेव को पीछे छोड़ते हुए 10वें स्थान पर छलांग लगा ली है। वहीं, क्वालीफाइंग में हारने के बावजूद मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले कोरेंटिन मौटेट ने इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 पायदान की छलांग लगाई और अब वह एटीपी लाइव रैंकिंग में 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की पहली टॉप-50 रैंकिंग है। दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार 14 अंक जीतने के बाद ऐसा लग रहा था कि एलेक्स डी मिनौर आसानी से जीत की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन 4-1 की बढ़त पर उन्होंने डबल फॉल्ट कर सर्विस गंवा दी। इसके बाद 5-2 पर मैच सर्व करने का मौका भी हाथ से निकल गया, जहां उन्होंने एक बार फिर डबल फॉल्ट से गेम की शुरुआत की। हालांकि, एक सकारात्मक संकेत यह रहा कि डी मिनौर ने नेट पर खेले गए 22 में से 17 अंक जीत लिए। उन्होंने मौटेट के कमजोर बैकहैंड विंग की ओर अटैक करते हुए अंक बटोरे। डी मिनौर ने कहा, "यह अच्छा मैच नहीं था, लेकिन मुझे पता था कि बिना लय के यह एक मुश्किल मैच होने वाला है। वह विरोधियों के साथ यही करने में सक्षम हैं।



# ऐसा लगा शायद भविष्य में भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ आईसीसी इवेंट न खेले : दानिश कनेरिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला रद्द होने से नाखुश हैं। एसीसी की ओर से शनिवार को घोषित विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार भारत-पाकिस्तान की टीमें 14 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण में आमने-सामने होंगी। दानिश कनेरिया ने बताया कि डब्ल्यूसीएल मैच रद्द होने के बाद ऐसा लगा कि शायद भविष्य में भारत एशिया कप, या आईसीसी इवेंट में पाकिस्तान से न खेले। दानिश कनेरिया ने 'आईएएनएस' से कहा, "डब्ल्यूसीएल में भारत-पाकिस्तान का मैच होने वाला था, जिसमें भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर शामिल थे, लेकिन उन्होंने इस मुकाबले का बायकॉट कर दिया। ऐसा लगा कि शायद आने वाले समय में एशिया कप, या आईसीसी इवेंट में भारतीय टीम पाकिस्तान से न खेले। कनेरिया ने लंबे समय से विवादों और बहसों में घिरे एशिया कप के कार्यक्रम पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला संभवतः एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की ओर से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मंजूरी मिलने के बाद हुआ है। भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह घोषणा वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में और पाकिस्तान का मुकाबला रद्द होने के बाद आई है। उन्होंने कहा, "इस बहिष्कार ने सुर्खियां बटोरीं और इसके बाद कई बयान आए, जिससे यह धारणा बनी कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में हिस्सा नहीं लेगा। लेकिन फिर एक ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें मोहसिन नकवी और बीसीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद थे। एसीसी को बीसीसीआई से हरी झंडी मिल गई होगी, इसीलिए भारत-पाकिस्तान मैच निर्धारित किया गया।




- बहिष्कार के बाद कई प्रतिक्रियाएं और बयानों की बाढ़ आई।
- इससे यह धारणा बनी कि भारत आईसीसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेगा।

## टी20 सीरीज: ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाई 4-0 से अजेय बढ़त

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 मैच को तीन विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टी20 सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त बना ली है। सेंट किट्स में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने नौ विकेट खोकर 205 रन बनाए। टीम 67 के स्कोर तक ब्रैंडन किंग (18), शाई होप (10), रोस्टन चेज (0) और शेरफन रदरफोर्ड (31) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से रोवमैन पॉवेल ने शिमरोन हेटमायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़ते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। हेटमायर 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि पॉवेल ने 28 रन की पारी खेली। इनके अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 28, जबकि जेसन होल्डर ने 26 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से एडम जांपा ने सर्वाधिक तीन शिकार किए, जबकि आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट और सीन एबॉट ने दो-दो विकेट चटकाए।

## आर्सेनल ने स्ट्राइकर विक्टर ग्योकरेस के साथ पांच साल का करार किया



**लंदन (आईएएनएस)**

आर्सेनल ने स्वीडिश स्ट्राइकर विक्टर ग्योकरेस को स्पोर्टिंग लिस्बन से 55 मिलियन पाउंड (लगभग 74 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में साइन कर लिया है, जिसमें 8.5 मिलियन पाउंड तक का इनसेंटिव्स भी शामिल हो सकता है। ग्योकरेस ने शनिवार को मेडिकल टेस्ट पास करने के बाद लंदन स्थित क्लब के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। अब वह सिंगापुर में अपनी नई टीम के साथ जुड़ेंगे। स्पोर्टिंग के साथ अपने दो सीजन के दौरान, विक्टर ग्योकेरेस ने टीम को लगातार दो प्राइमेरा लीगा खिताब, एक नेशनल कप जिताने में मदद की और दोनों सीजन में लीग के टॉप स्कोरर भी रहे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन के लिए अपने पिछले 17 मैचों में 12 गोल किए हैं। 27 वर्षीय ग्योकेरेस ने पिछले सीजन पुर्तगाल लीग में 39 गोल किए। उन्होंने कहा, "मुझे बस यही लगा कि यह क्लब मेरे लिए बिल्कुल सही है। ग्योकेरेस ने बताया कि पिछले नवंबर में यूईएफए चैंपियंस लीग में आर्सेनल के हाथों अपनी टीम की 5-1 से हार उनके फैसले में एक बड़ा कारण बनी।

## मो. शमी के कोच की मांग रद्द हो भारत-पाकिस्तान का एशिया कप मैच

**मुरादाबाद** । 27 जुलाई (आईएएनएस)। एशिया कप 2025 में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मैच खेला जाना है। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी के अनुसार यह मैच नहीं खेला जाना चाहिए। बदरुद्दीन सिद्दीकी ने आईएएनएस से कहा, "यूं तो खेल में राजनीति नहीं आनी चाहिए, लेकिन पाकिस्तान ने जो किया, उसे देखते हुए मैं यही चाहूंगा कि यह मैच न खेला जाए। देश से बढ़कर कुछ नहीं है। जो मुल्क हमें इतनी तकलीफ दे रहा है, उसके साथ संबंध नहीं रखने चाहिए। बदरुद्दीन सिद्दीकी ने सरकार से भारत-पाकिस्तान के मैच रद्द करने की मांग करते हुए कहा, "मैं भारत सरकार से यही मांग करना चाहूंगा।



## मन की बात: पीएम मोदी ने 'खेलो भारत नीति 2025' का बताया उद्देश्य, 'खूब खेलिए, खूब खिलिए' का दिया मंत्र



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 124वें संस्करण में 'खेलो भारत नीति 2025' के लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य भारत को खेलों की महाशक्ति बनाना है। पीएम मोदी ने कहा, "पिछले कुछ दिनों में मुझे कई युवा एथलीट्स और उनके अभिभावकों के संदेश मिले हैं। इनमें 'खेलो भारत नीति 2025' को काफी सराहा गया है। इस नीति का लक्ष्य स्पष्ट है- भारत को खेलों की महाशक्ति बनाना। गांव, गरीब और बेटियां, इस नीति की प्राथमिकता हैं। स्कूल और कॉलेज अब खेलों को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाएंगे।

खेलों से जुड़े स्टार्टअप्स, चाहे वो स्पोर्ट्स मैनेजमेंट हों या मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े हों, उनकी हर तरह से मदद की जाएगी। उन्होंने कहा, "सोचिए, जब देश का युवा खुद के बनाए रैकेट, बल्ले और गेंद से खेलेगा, तो आत्मनिर्भरता के मिशन को कितनी बड़ी ताकत मिलेगी। खेल टीम स्पिरिट पैदा करते हैं। यही फिटनेस, आत्मविश्वास और एक सशक्त भारत के निर्माण का रास्ता है। इसलिए खूब खेलिए, खूब खिलिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल (डब्ल्यूपीएफजी) की चर्चा की, जिसमें भारत ने करीब 600 पदक जीते।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## एपीडा ने जैविक कपास प्रमाणन पर आरोपों को किया खारिज



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के तहत जैविक कपास प्रमाणन में अनियमितताओं के संबंध में एक विपक्षी नेता द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। एपीडा ने स्पष्ट किया कि हाल ही में एक प्रेस वार्ता के दौरान किए गए दावे निराधार, अप्रमाणित और भ्रामक थे और ये भारत की मजबूत नियामक प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। वाणिज्य विभाग द्वारा 2001 में शुरू किया गया एनपीओपी, निर्यात के लिए भारत का आधिकारिक जैविक प्रमाणन कार्यक्रम है। इसे एपीडा द्वारा कार्यान्वित किया जाता है और यह एक सख्त तृतीय-पक्ष प्रमाणन प्रक्रिया का पालन करता है। इस प्रणाली को यूरोपीय संघ और स्विट्जरलैंड के मानकों के समकक्ष माना गया है और ब्रिटेन द्वारा भी इसे स्वीकार किया गया है।

# भारत-यूके एफटीए देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है : पीयूष गोयल

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारत-यूके एफटीए पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दुनिया भर में अर्जित विश्वास का परिणाम है, जिसने हमें उन विकसित देशों के साथ बातचीत और समझौते करने में सक्षम बनाया है, जिनके हम प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि पूरक हैं। मुंबई के बोरीवली पैराडाइज हॉल में आयोजित एक सम्मान समारोह के साइडलाइन में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "यह समझौता भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित सबसे व्यापक मुक्त व्यापार समझौता है और देश के लिए कई अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था नाजुक 5 से शीर्ष 5 तक मजबूत हुई है और 2027 तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "हमारा आत्मविश्वास निरंतर हमें अच्छे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

हमने विकसित देशों के साथ एफटीए किया है और आगे भी चाहे न्यूजीलैंड हो, ओमान हो, यूएस हो या 27 देशों का यूरोपीय संघ हो, सभी के साथ इस तरह के करार को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम करेंगे। यूएस के साथ भी अच्छी बातचीत चल रही है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "आज भारत केवल दिख नहीं रहा, बल्कि दुनिया के बाजारों में छा रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुंबई में 'यूके मार्केट में निर्यात के अवसर' पर आयोजित सत्र को संबोधित किया और कृषि, एमएसएमई, जेम्स एंड ज्वेलरी, मछुआरा समाज, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी और सेवा जैसे सेक्टर्स को मिल रहे लाभों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "देश ने पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व में विश्वपटल पर अपनी प्रभावी पहचान स्थापित की। भारत-यूके एफटीए इसी बात का जीवंत प्रमाण है।



*केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "हमारा आत्मविश्वास निरंतर हमें अच्छे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के लिए प्रोत्साहित करता है, हमने विकसित देशों के साथ एफटीए किया है*

## बजाज फाइनेंस का मार्केट वैल्यूएशन इस सप्ताह 17,524 करोड़ रुपए घटा

**मुंबई (आईएएनएस)**



बजाज फाइनेंस का मार्केट वैल्यूएशन इस सप्ताह 17,524.3 करोड़ रुपए घट गया, जिससे कंपनी का कुल मार्केट कैप घटकर 5.67 लाख करोड़ रुपए रह गया। यह भारी गिरावट शेयर बाजारों में व्यापक कमजोरी के बीच आई, जिसमें भारत की टॉप 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 6 का संयुक्त मूल्य 2.22 लाख करोड़ रुपए घट गया। बाजार में यह गिरावट उस सप्ताह के दौरान आई जब बेंचमार्क सेंसेक्स 294.64 अंक या 0.36 प्रतिशत गिर गया, घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार चौथा सप्ताह था। मार्केट वैल्यूएशन में गिरावट दर्ज करने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.14 लाख करोड़ रुपए घटकर 18.83 लाख करोड़ रुपए रह गई। इंफोसिस के वैल्यूएशन में 29,474 करोड़ रुपए की गिरावट आई।

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने बिहार में बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट के लिए समझौता किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने की केंद्र सरकार की नीति के तहत राज्य में रिन्यूएबल एनर्जी और बैटरी एनर्जी स्टोरेज प्रोजेक्ट (बीईएसएस) की स्थापना के लिए बिहार राज्य बिजली उत्पादन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर एनजीईएल के सीईओ सरित माहेश्वरी और बीएसपीजीसीएल के तकनीकी निदेशक अब्देश कुमार सिंह ने बिहार के ऊर्जा, योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन पिछले महीने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 1,000 मेगावाट क्षमता के सोलर पीवी पावर प्रोजेक्ट की नीलामी जीतने के बाद आया है।

### बारिश थमी, जलजमाव से राहत, पार्क व बाजारों में उमड़ी भीड़

# रविवार को मिला मौसम का ब्रेक, लेकिन उमस ने किया बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के लोगों को रविवार को आखिरकार बारिश से थोड़ी राहत मिली। बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के बाद शनिवार दोपहर से मौसम शुष्क रहा और रविवार को पूरे दिन बारिश नहीं हुई। हालांकि, बारिश थमने से जहां जलजमाव की समस्या में कमी आई, वहीं बढ़ती उमस ने लोगों को परेशान किए रखा। रविवार को अवकाश होने और मौसम साफ रहने के कारण लोग घरों से बाहर निकले। पार्क, डिज्नीलैंड, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चहल-पहल देखने को मिली। दो दिनों से बारिश नहीं होने के कारण कई प्रमुख सड़कों पर जमा पानी सूख गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में सहूलियत मिलने लगी है।

**बारिश कम, लेकिन उमस बरकरार**

मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में उच्च दबाव और शुष्क हवाओं के कारण रविवार को वर्षा नहीं हुई। हालांकि, विभाग ने शनिवार और रविवार को भारी बारिश की संभावना जताई थी। इसके बावजूद बारिश नहीं हुई।

**बीते सप्ताह के वर्षा आंकड़ों पर नजर डालें तो**

मंगलवार को 9.3 मिमी, गुरुवार को 4.1 मिमी, शुक्रवार को 17.5 मिमी, शनिवार को सर्वाधिक 22.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बावजूद अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री और न्यूनतम 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में खास गिरावट नहीं आने के कारण लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा है। लोग दिन में भी पंखा-कूलर चलाने को विवश हैं।

**जनजीवन सामान्य लेकिन मौसम असहज**

बारिश थमने से जहाँ एक ओर लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं लगातार बनी उमस ने लोगों को थका डाला है। जलजमाव से निजात मिलने के बाद जनजीवन सामान्य होता दिखा, पर मौसम की चिपचिपाहट अब भी परेशानी का कारण बनी हुई है।

### शांति व सौहार्द के लिए पूजा-पाठ

# टीओपी टू प्रभारी राकेश सिंह ने किया रुद्राभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** टीओपी टू थाना परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आज शांति, सद्भाव और अमन-चैन की कामना के साथ रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने वैदिक विधि से भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक सौहार्द की प्रार्थना की।

पूजा के दौरान 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। टाइगर मोबाइल के सभी जवानों सहित पुलिस बल के सदस्य इस आयोजन में शामिल रहे। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रभारी सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस और जनता के बीच विश्वास और शांति के पुल को मजबूत करते हैं।

## कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ पौधरोपन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोलपोल स्थित कारगिल शहीद स्मारक पार्क में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पण से हुई, जिसमें कारगिल युद्ध के शहीद युगम्बर दीक्षित और शहीद हवलदार प्रबोध महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पूरे परिसर में "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्", "शहीद अमर रहें" जैसे देशभक्ति के नारों की गूंज रही। इस अवसर पर पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने पौधारोपण को शहीदों की स्मृति में एक सम्मानजनक पहल बताया और सभी से ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने यह संदेश दिया कि शहीदों की याद में पौधे लगाना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम है, बल्कि यह उन वीर सपूतों की स्मृति को सदा जीवित रखने का प्रतीक भी है।

### निजी वाहनों का धड़ल्ले से व्यावसायिक उपयोग, परिवहन विभाग बेखबर

# जिले में कानून की अनदेखी, राजस्व का हो रहा नुकसान, नहीं हो रही जांच

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिले में निजी रजिस्ट्रेशन नंबर वाले वाहनों का बेधड़क कमर्शियल उपयोग किया जा रहा है, जिससे परिवहन विभाग को टैक्स का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि आम नागरिकों के साथ सरकारी अधिकारी भी निजी वाहनों को टैक्सी के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। प्रावधानों के अनुसार सफेद नंबर प्लेट वाले निजी वाहनों का व्यावसायिक उपयोग अवैध है, लेकिन जिले के तिनकोनिया गैरेज से शिवाजी मैदान तक दर्जनों प्राइवेट वाहन खुलेआम सवारी ढोने में लगे हैं।

बावजूद इसके, परिवहन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे ऐसे वाहन चालकों का मनोबल और बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द सख्ती नहीं बरती गई, तो यह न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा बन सकता है, बल्कि राजस्व हानि भी बढ़ती जाएगी।

**कानून क्या कहता है?**

परिवहन अधिनियम 2016 के अनुसार पहली बार प्राइवेट वाहन के कमर्शियल उपयोग पर 2000-5000 रुपये जुर्माना या तीन माह की सजा या दोनों का प्रावधान है। दूसरी बार में 5000-10000 रुपये जुर्माना या एक साल की सजा हो सकती है।

**विभाग क्यों हो रहा नुकसान?**

प्राइवेट वाहनों की रजिस्ट्रेशन फीस एक बार में 15 वर्षों के लिए जमा होती है, जबकि कमर्शियल वाहनों के लिए रजिस्ट्रेशन व टैक्स हर एक-दो वर्षों पर चुकाना होता है। ऐसे में विभाग को प्रति वाहन हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है।

# रेड क्रॉस पलामू में रक्तदान शिविर आयोजित, तीन ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पलामू क्लब में रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें कुल तीन लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदाताओं में मेधावी पांडेय, राम पाठक और नवनीत कुमार शामिल रहे। शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाना और ज़रूरतमंदों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। रेड क्रॉस पलामू की ओर से उपाध्यक्ष आलोक पाठक, सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, संयोजक सुधीर कुमार, मुख्य परियोजना निदेशक गिरधारी गर्ग, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, बृजेश शुक्ला, अखिलेश तिवारी, समीर खन्ना, मनीष भिवानिया, संजु शुक्ला, विशाल, रजनीकांत पांडेय, प्रवीण रंजन और सुनील कुमार सिंह मौजूद रहे। रेड क्रॉस सदस्यों ने रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की।

### डिज़्नीलैंड मेले में




## शिवाजी मैदान में हर उम्र के लोगों ने उठाया झूलों और स्वाद का आनंद

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाजी मैदान में चल रहे डिज़्नीलैंड मेले में रविवार को भारी भीड़ उमड़ी। झूले, जलपरी शो, खरीदारी और स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच लोगों ने जमकर मनोरंजन का लुत्फ उठाया। तनाव भरे समय में यह मेला हर उम्र के लोगों के लिए राहत और खुशी का केंद्र बन गया है। ब्रेक डांस, टोरा टोरा और ज्वाइंट व्हील जैसे झूलों के अलावा जलपरी शो मेले का खास आकर्षण बना रहा। स्टॉलों पर कपड़े, ज्वेलरी, हस्तशिल्प और सजावटी सामानों की खरीदारी से लेकर चाट, बर्गर, पिज़्ज़ा और मिठाइयों तक हर स्वाद का इंतज़ाम रहा। मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुए विधि-व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। रात 10 बजे तक मेला जारी रहता है, जिससे पूरे इलाके में चहल-पहल का माहौल बना हुआ है।

# निगम की नाक के नीचे दोहरी वसूली का खेल, जनता त्रस्त

- पार्किंग के नाम पर ठेकेदारों की मनमानी, नगर निगम बना दर्शक

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में पार्किंग शुल्क के नाम पर जनता से खुली लूट मचाई जा रही है और निगम आंख मूंदे बैठा है। एक ही दिन में एक वाहन से दो बार शुल्क वसूला जा रहा है, और विरोध करने पर अभद्रता तक की जाती है। निगम के ठेकेदार मनमानी पर उतर आए हैं, और नगर निगम खुद को इससे अंजान बनाए बैठा है। छतरपुर निवासी चंदन चंद्रवंशी ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि जब वे पिकअप वाहन लेकर मेदिनीनगर पहुंचे, तो बीसफुटा के पास उनसे 50 रुपये पार्किंग शुल्क लिया गया। बाद में रांची रोड रेड़मा पहुंचने पर फिर से 50 रुपये की मांग की गई। पर्ची दिखाने के बावजूद उनसे जबरन 40 रुपये और वसूले गए। यह अकेला मामला नहीं है। रांची रोड समेत कई क्षेत्रों में वाहन चालकों से आए दिन इसी तरह से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं। नगर निगम जिन ठेकेदारों को पार्किंग का जिम्मा सौंपता है, वे अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में नियम-कायदों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं।

# यह चौक नहीं, कलाकारों का मंदिर है : अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** एजुकेशन एंड स्किल्ड सोसाइटी के तत्वावधान में रविवार को 'संस्कृति कला महोत्सव' का भव्य शुभारंभ लता मंगेशकर चौक पर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा वीणा पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर नृत्य, गायन, चित्रकला और मेंहदी जैसे विभिन्न कलाओं का जीवंत प्रदर्शन हुआ, जिसमें मेदिनीनगर के युवा और कलाकार उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में शहर की सांस्कृतिक झलक और प्रतिभा खुले रूप में सामने आई।

महापौर अरुणा शंकर ने संबोधित करते हुए कहा कि यह चौक सिर्फ एक यातायात स्थल नहीं, बल्कि कलाकारों का मंदिर है।

## मां वैष्णो ऑटोमोबाइल्स शोरूम में माइलेज टेस्टिंग का आयोजन

**मेदिनीनगर।** रांची रोड स्थित मां वैष्णो ऑटोमोबाइल्स (यामाहा शोरूम) में रविवार को यामाहा एफजेड बाइक की माइलेज टेस्टिंग एक्टिविटी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को बाइक की वास्तविक माइलेज क्षमता और इसके प्रदर्शन से अवगत कराना था। इस आयोजन में बड़ी संख्या में बाइक प्रेमियों और ग्राहकों ने भाग लिया। तय रूट और नियमों के अनुसार बाइक चलाकर प्रतिभागियों ने माइलेज का परीक्षण किया। साथ ही, सेल्फी ज़ोन, क्विज प्रतियोगिता, केक कटिंग और ग्राहक संवाद जैसे आयोजनों ने कार्यक्रम को बेहद आकर्षक बना दिया। मुख्य अतिथि सतीश कुमार साहू ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। यामाहा के एरिया जनरल मैनेजर जावेद आलम ने उपस्थित लोगों को बाइक की माइलेज बढ़ाने के आसान और प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नियमित मेंटेनेंस, सही गियर चयन और संतुलित ड्राइविंग से माइलेज में सुधार संभव है। इस एक्टिविटी में तेजवीर सिंह को प्रथम पुरस्कार, अविनाश तिवारी को द्वितीय और अनुज कुमार को सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर यामाहा के एरिया सेल्स मैनेजर अव्रदीप बोस, नागेन्द्र प्रसाद, अनुराग तिवारी, नकुल प्रसाद, समीर कुमार और सौरव कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### तैलिक साहू समाज की कार्यकारिणी की बैठक, लोगों ने कहा

# समाज के लोग एकजुट होकर अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ें

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** थाना चौक स्थित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को तैलिक साहू समाज के जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत साहू ने की। बैठक में समाज को संगठित करने पर बल दिया गया. जिला अध्यक्ष रंजीत साहू ने कहा कि लातेहार जिले में तैलिक साहू समाज का एक बड़ा कार्यक्रम किया जाना है। उसे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में समाज काफी मजबूत है, उसे और धार देने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के लोग जितना मजबूत होंगे, उसे उतना लाभ मिलेगा। प्रमंडलीय महामंत्री धर्मेंद्र प्रसाद ने



बैठक करते तैलिक साहू समाज के लोग।

कहा कि समाज के लोग एकजुट हो और अपने हक अधिकार की लड़ाई एक मंच में आकर लड़ें। ताकि समाज के लोगों को इसका फायदा मिल सके। आगामी 24 अगस्त को स्टेशन रोड चटनाही में लक्ष्मी प्रसाद के घर में तैलिक साहू समाज के जिला कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद, पवन गुप्ता, गोपाल प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, नेपाली साहू, पुरुषोत्तम प्रसाद, राजू प्रसाद, रवि प्रसाद, आनंद गुप्ता, रंजीत कुमार, संतोष प्रसाद, मनोज प्रसाद, रामकुमार प्रसाद समेत समाज के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### पीएम मोदी ने...

कई लोग ऐसे भी हैं, जो कभी नक्सली संगठन में थे, अब गांव में ही सम्मान की जिंदगी जी रहे हैं और दूसरों को रोजगार दे रहे हैं। गुमला का यह सफर हमें सिखाता है, अगर रास्ता सही हो और मन में विश्वास हो, तो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी विकास का दीया जलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग पहले बंदूक थामे थे, अब मछली पकड़ने के जाल थाम रहे हैं। ओम प्रकाश की कहानी सिखाती है कि सही रास्ता और दृढ़ विश्वास हो, तो सबसे मुश्किल हालात में भी बदलाव लाया जा सकता है। गुमला का यह परिवर्तन विकास की ताकत को दिखाता है।

### पीएम ने दिया...

साल की उम्र में वो साहस दिखाया, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। प्रधानमंत्री ने हैंडलूम स्टार्टअप्स के बारे में भी बताया। कहा, टेक्सटाइल सेक्टर हमारी सांस्कृतिक विविधता की मिसाल है। आज टेक्सटाइल और अपैरल मार्केट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस विकास की सबसे सुंदर बात यह है कि गावों की महिलाएं, शहरों के डिजाइनर, बुजुर्ग बुनकर और स्टार्टअप शुरू करने वाले हमारे युवा सब मिलकर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। भारत की विविध संस्कृति का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने पर्यावरण संरक्षण में लोकगीतों के योगदान को भी सराहा। 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण और 'ज्ञान भारतम मिशन' का भी उल्लेख किया। 124वें एपिसोड की खास बात पक्षियों की गणना में एआई के इस्तेमाल की भी थी। पीएम मोदी ने कहा, असम के प्रसिद्ध काजीरंगा नेशनल पार्क में एक अनूठा प्रयास हुआ है। काजीरंगा में पहली बार ग्रासलैंड बर्ड सेंसस किया गया। आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस गणना में 40 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान की गई, जिनमें कई दुर्लभ पक्षी भी शामिल हैं। यह सब संभव हुआ तकनीक की मदद से। टीम ने साउंड रिकॉर्डिंग डिवाइस लगाए और फिर उन ध्वनियों को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक के जरिए कंप्यूटर पर एनालाइज किया गया। इस प्रक्रिया में पक्षियों को बिना परेशान किए, केवल उनकी आवाज से ही पहचान लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो भारत नीति 2025' और स्वच्छता अभियान की भी बात की। स्वच्छता पर बात करते हुए पीएम मोदी ने भोपाल की 'सकारात्मक सोच' और लखनऊ की 'गोमती नदी' टीमों की प्रशंसा की, जो सफाई अभियान में जुटी हैं। प्रधानमंत्री ने गोवा के पणजी शहर का भी उदाहरण दिया, जिसे 'राष्ट्रपति पुरस्कार' भी मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने आगामी त्योहारों के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

### माओवादियों के ठिकाने...

समय रहते नाकाम कर दिया गया। इधर, प्रशासन ने जनता से भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि इलाके में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

### बीजापुर में 17...

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत साल 2024 से अब तक कुल 425 हार्डकोर नक्सली मारे जा चुके हैं। बस्तर संभाग में प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी माओवादी संगठन के विरुद्ध सुरक्षाबलों द्वारा सघन और निरंतर अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

### अफीम तस्करी मामले...

मामले की गंभीरता को देखते हुए लेस्लीगंज एसडीपीओ की अगुवाई में जांच कमेटी गठित कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई पंजाब की एक महिला डॉक्टर की शिकायत के बाद तेज़ हुई। डॉक्टर ने जानकारी दी थी कि उसका भाई अफीम खरीदने पलामू आया था और उसका अपहरण कर लिया गया। बताया गया कि फिरौती के रूप में अब तक 7.50 लाख रुपये दे दिए गए थे। जांच में यह सामने आया कि अपहरण की पूरी कहानी तस्करों को फंसाने के लिए गढ़ी गई थी, जिसमें थाना स्तर पर मिलीभगत की भी पुष्टि हुई। एसपी की विशेष टीम ने इस जटिल मामले की तह तक जाकर सच्चाई सामने लाई। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क और थाना के अन्य संदिग्ध सहयोगियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है।

### जमशेदपुर में धर्मांतरण...

बच्चों और अन्य लोगों को झूठे सपने, आर्थिक सहायता और बेहतर जीवनशैली का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए बरगलाया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गुप्त गतिविधि लंबे समय से संचालित हो रही थी, लेकिन इसकी भनक अब जाकर लगी। कुछ लोगों को फ्लैटों में बार-बार जुट रही भीड़ और बाहरी लोगों की आवाजाही पर शक हुआ, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा। स्थानीय संगठनों के विरोध और सूचना के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई और गोलमुरी क्षेत्र के दो फ्लैटों पर छापा मारा, जिससे इस पूरी साजिश का खुलासा हो गया। पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश कर रही है।

### हरिद्वार के मनसा...

उत्तर प्रदेश के बरेली के निवासी आरुष (12 वर्षीय), रामपुर निवासी विक्की (18 वर्षीय), बाराबंकी निवासी वकील और बदायूं निवासी शांति की मौत हुई है। इसके अलावा, बिहार के अररिया निवासी शकल देव (18 वर्षीय) और उत्तराखंड के काशीपुर निवासी विपिन सैनी (18 वर्षीय) भी मृतकों में शामिल हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। इनमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग शामिल हैं। 23 घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय हरिद्वार में चल रहा है तथा अन्य घायलों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ हादसे के घायलों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस हादसे के बाद एक घायल ने बताया, वहां बहुत भीड़ थी। किसी ने चिल्लाकर कहा कि शॉर्ट सर्किट हो गया है। इसके बाद कुछ लोगों ने कहा कि मंदिर में दर्शन संभव नहीं होगा, और इसके बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना के समय बहुत भीड़ थी। अगर दीवार न होती तो बहुत सारे लोग सीधा खाई में गिरते।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की...

जिसमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने भारत की सैन्य क्षमता और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के संकल्प को प्रदर्शित किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया और कई आतंकवादियों को मार गिराया। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने अमेरिका जैसे देशों का ध्यान आकर्षित किया, जो भारत की सैन्य तैयारी और क्रियान्वयन की प्रशंसा कर रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' एक महत्वपूर्ण सैन्य अभियान था, जिसने भारत के आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के संकल्प को प्रदर्शित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर घाटी में आतंकवादियों का सफाया करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था तथा हर हाल में शांति और स्थिरता स्थापित करना था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना की विभिन्न इकाइयों को कश्मीर घाटी में तैनात किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान नागरिकों के साथ सहयोग करने पर जोर दिया गया, ताकि उन्हें आतंकवादियों से बचाया जा सके। यह सैन्य अभियान नागरिकों की सुरक्षा के लिए ही चलाया गया था।

# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा संघर्ष: 80,000 कंबोडियाई लोगों ने छोड़ा घर, स्कूल बंद

**नोम पेन्ह (आईएएनएस)**

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सशस्त्र संघर्ष चौथे दिन में प्रवेश कर गया है, जिसके कारण कंबोडिया के लगभग 80,000 ग्रामीण अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की उप सचिव और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल मैली सोचेटा ने रविवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने उनके हवाले से बताया कि प्रीह विहार, ओड्डार मीनचेय और पुरसत प्रांतों में 25,000 परिवारों, यानी करीब 80,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। इसके अलावा, 536 स्कूलों को बंद कर दिया गया है, जिससे 130,000 छात्र प्रभावित हुए हैं। गुरुवार को शुरू हुए इस सशस्त्र संघर्ष में दोनों पक्षों से अब तक 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 100,000 से ज्यादा लोग सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किए गए हैं। दोनों देश एक-दूसरे पर अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन और पहले गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं। कंबोडिया के स्टेट सेक्रेटेरियट ऑफ सिविल एविएशन (एसएससीए) ने शनिवार को थाईलैंड के साथ युद्ध क्षेत्रों के ऊपर से सभी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया। एसएससीए के सचिव सिन चान्सेरी वुथा ने बताया कि सभी एयरलाइंस को संघर्ष क्षेत्रों (जिसमें पोइपेट शहर, पैलिन प्रांत और सिएम रीप प्रांत का कुछ हिस्सा शामिल है) के ऊपर से उड़ान भरने से बचने के लिए कहा गया है। उन्होंने एक ऑडियो संदेश में बताया कि विमानों को 1,200 मीटर से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की अनुमति नहीं है। यह कदम विमानों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। वुथा ने कहा कि 26 जुलाई की सुबह 10 बजे तक, नोम पेन्ह से बैंकॉक और सिएम रीप से बैंकॉक की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं, क्योंकि विमानों ने प्रतिबंधित हवाई क्षेत्रों से बचने के लिए अपने मार्ग बदल लिए हैं।

**सशस्त्र संघर्ष चौथे दिन में दाखिल...** | थाईलैंड-कंबोडिया के बीच गुरुवार से चल रहा संघर्ष अब चौथे दिन तक पहुंचा। | लगातार गोलीबारी और हमलों के कारण हालात तनावपूर्ण।



**536** स्कूल बंद, 1.3 लाख छात्र प्रभावित

## थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष जारी सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव : थाई सरकारी मीडिया

**बैंकॉक (आईएएनएस)।** थाईलैंड की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा ने थाई सेना के सूत्रों के हवाले से बताया कि रविवार तड़के थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर गोलीबारी जारी रही। सिन्हुआ ने स्थानीय प्रसारक के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 6:40 बजे, कंबोडियाई तोप के गोले सुरिन प्रांत में एक नागरिक के घर पर गिरे। स्थानीय समयानुसार सुबह 7:00 बजे तक भारी हथियारों की आवाजें छिटपुट रूप से सुनी जा सकती थीं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप से दोनों पक्षों की बातचीत के बाद दावा किया गया कि संघर्ष विराम पर बात सार्थक दिशा में आगे बढ़ गई है। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में



झड़पें गुरुवार को शुरू हुईं, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

इससे पहले सीजफायर को लेकर थाई मीडिया ने कहा कि कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार रात घोषणा की कि उन्होंने थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर बढ़ते सशस्त्र संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की, जिसके बाद तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम के लिए कंबोडिया ने सहमति जताई।

27 जुलाई को सुबह लगभग 2 बजे अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज "समदेच थिपादेई हुन मानेट, कंबोडिया के प्रधानमंत्री" पर पोस्ट किए गए एक बयान में, हुन मानेट ने कहा कि ट्रंप के साथ उनकी बातचीत 26 जुलाई की रात को हुई थी।

# कोई भी धर्म पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देता है : जस्टिस ओका

### कुंभ, गणपति विसर्जन, छठ पूजा को लेकर जस्टिस ओका ने दिया बड़ा बयान

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज अभय ओका ने शुक्रवार को धार्मिक प्रथाओं के नाम पर पर्यावरण को हो रहे बढ़ते नुकसान पर सवाल उठाया। ओका ने इस दौरान समाज से विकास व प्रदूषण की वास्तविक लागत पर विचार करने का आह्वान किया। जस्टिस ओका बॉम्बे हाई कोर्ट में इंटरएक्टिव लॉयर्स एसोसिएशन फॉर विमेन द्वारा आयोजित पर्यावरण न्याय पर एक इंटरैक्टिव सत्र में बोल रहे थे। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस ओका ने गणपति, छठ पूजा और नवरात्रि जैसे त्योहारों के दौरान मूर्ति विसर्जन की प्रथा का जिक्र करते हुए कहा कि मैं धार्मिक व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन कोई भी धर्म आपको पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देता है।जस्टिस ओका ने पूछा कि क्या नदियों और समुद्र तटों को प्रदूषित करना कभी धार्मिक स्वतंत्रता के रूप में उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी ने भी सफलतापूर्वक यह तर्क नहीं दिया है कि प्रदूषण का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षित है। उन्होंने कहा कि अब हमारे समुद्रों व नदियों को देखिए, गणपति विसर्जन, छठ पूजा, नवरात्रि विसर्जन क्या हम अपने समुद्रों को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं? मैं किसी एक धर्म की बात नहीं कर रहा हूं। मैंने हमेशा खुद से यह सवाल पूछा है: कौन सा धर्म इसका समर्थन करता है कि धार्मिक त्योहार मनाकर आप नदियों, समुद्रों, हमारे तटों को दूषित करते हैं?

मुझे नहीं लगता कि अब तक किसी ने यह तर्क दिया है कि प्रदूषण फैलाने का अधिकार अनुच्छेद 25 का हिस्सा है। किसी ने यह तर्क नहीं दिया है। वास्तव में, हमने ध्वनि प्रदूषण के मामले में उस तर्क को खारिज कर दिया है कि अज़ान के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग अनुच्छेद 25 का हिस्सा है।जस्टिस ओका ने कहा कि मैं कोई धार्मिक व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन मैंने जो भी साहित्य पढ़ा है कोई भी धर्म आपको पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देता। लेकिन धर्म के नाम पर हम पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। उस त्योहार (कुंभ मेले) के कारण गंगा में क्या हुआ, कितने करोड़ रुपये वहां स्नान के लिए खर्च किए गए? किसी को यह सवाल पूछना होगा? क्या हम नदी के पानी को प्रदूषित नहीं कर रहे हैं? मुझे नहीं पता कि वह कौन है? ओका ने कहा कि उन्होंने अपने निर्णयों में लगातार कहा है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय क्षरण, चाहे वह वायु, जल या ध्वनि प्रदूषण के रूप में हो, सीधे तौर पर इस अधिकार का उल्लंघन करता है।उन्होंने पर्यावरण संबंधी मामलों में महिला वकीलों की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश रहते हुए उन्होंने प्रदूषण संबंधी एमसी मेहता बेंच के मामलों की सुनवाई की, जिसमें मुख्य बहस वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भट्टी और वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी सहित महिला वकीलों ने की थी।

## मिशिगन के वॉलमार्ट में चाकूबाजी की घटना 11 लोग हुए घायल





**मिशिगन ।** मिशिगन के ट्रैवर्स सिटी में वॉलमार्ट सुपरमार्केट में चाकूबाजी की दिल दहला देने वाली घटना में कम से कम 11 लोग घायल हो गए। इनमें से छह लोगों की हालत गंभीर है। ग्रैंड ट्रैवर्स काउंटी के शेरिफ माइकल शीया ने इसे एक "यादृच्छिक हमला" बताया। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि शेरिफ शीया ने कहा, "11 लोग घायल होना भी बहुत है, लेकिन शुक्र है कि यह संख्या और अधिक नहीं थी।" घटना के बाद वॉलमार्ट के बाहर आपातकालीन वाहन और पुलिसकर्मी तैनात थे। मिशिगन स्टेट पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। शीया ने कहा कि संदिग्ध मिशिगन का निवासी है और उसने हमले में एक फोल्डिंग चाकू का इस्तेमाल किया। हालांकि, संदिग्ध के बारे में और जानकारी साझा नहीं की गई। मुनसन हेल्थकेयर, जो उत्तरी मिशिगन का सबसे बड़ा अस्पताल है, ने सोशल मीडिया पर बताया कि 11 घायलों का इलाज चल रहा है।

**गडकरी की खरी-खरी**

## नागपुर नगर निगम व एनआईटी जैसी संस्थाएं उपयोगी नहीं है

- बोले केंद्रीय मंत्री, ये चलती गाड़ी को पंक्चर करने का काम करती हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर के सुरेश भट ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से सरकारी व्यवस्थाओं को 'अप्रभावी' और 'निकम्मा' करार दिया। गडकरी ने नागपुर नगर निगम व एनआईटी जैसी नागरिक और प्रशासनिक संस्थाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये संस्थाएं केवल 'चलती गाड़ी को पंक्चर' करने का काम करती हैं। गडकरी ने कहा कि चाहे एनएमसी हो, एनआईटी हो या कोई और सरकारी एजेंसी, इनमें से कोई भी उपयोगी नहीं है। ये चलती गाड़ी को पंक्चर करने का काम करती हैं, इसलिए हमें काम करने के वैकल्पिक तरीके खोजने होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेरी बहुत इच्छा है कि नागपुर में खेलने के लिए 300 स्टेडियम बनाना है। मेरे 4 साल के अनुभव के बाद मुझे ये समझ आया कि सरकार जो चीज होती है बहुत निकम्मी होती है। फ्रीबीज यानी 'मुफ्त की योजनाओं' पर निशाना साधते हुए गडकरी ने कहा कि मैं तो राजनीति में हूं, यहां तो फोकट का बाजार लगा होता है। हर चीज लोगों को फोकट में चाहिए।गडकरी ने दुबई का एक उदाहरण दिया जहां एक निजी संचालक ने एक स्टेडियम का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया। गडकरी ने बताया कि दुबई का एक व्यक्ति जो वहां स्टेडियम चलाता है, उसे अब नागपुर में भी इसी तरह की एक परियोजना सौंपी गई। सरकार जमीन, पानी व बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराएगी, लेकिन सुविधा के संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी उसी की होगी। फोकट में किसी को कुछ नहीं सिखाना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि वह विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले युवाओं से एक छोटी सी फीस लेंगे, क्योंकि मुफ्त सेवाओं की कभी कद्र नहीं होती, जब लोग भुगतान करते हैं, तो वे चीजों को गंभीरता से लेते हैं और ज्यादा मेहनत करते हैं।



## मेलबर्न में भारतीय मूल के सौरभ आनंद पर तलवार से हमला

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय मूल के 33 वर्षीय सौरभ आनंद पर पांच किशोरों ने तलवार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना 19 जुलाई की शाम 7:30 बजे अल्टोना मीडोज के सेंट्रल स्क्वायर शॉपिंग सेंटर के पास हुई, जब सौरभ फार्मेसी से घर लौट रहे थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमले में सौरभ का एक हाथ लगभग कट गया था, जिसे बाद में सर्जरी के जरिए जोड़ा गया। 'द ऑस्ट्रेलियन टुडे' की रिपोर्ट के अनुसार, सौरभ फोन पर दोस्त से बात कर रहे थे, तभी पांच किशोरों ने उन्हें घेर लिया। एक हमलावर ने उनकी जेबें टटोलीं, दूसरे ने उनके सिर पर मुक्के मारे, जिससे वह जमीन पर गिर गए।

# गिलगित-बाल्टिस्तान में मूसलाधार बारिश, 10 की मौत

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान (पीओजीबी) में भारी मानसूनी बारिश के कारण बाढ़ आ गई। इस बाढ़ से 10 लोगों की जान चली गई, जबकि चार लोग घायल हैं। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बाढ़ में 20 अरब पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) से अधिक मूल्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की ओर से जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में मूसलाधार मानसूनी बारिश जारी है।

मानसून की शुरुआत से अब तक मरने वालों की संख्या 266 तक पहुंच गई है। गिलगित-बाल्टिस्तान के स्थानीय नेता हाजी गुलबर खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस बाढ़ से क्षेत्र के सात जिलों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यहां सड़कें, जलमार्ग, घर और कृषि भूमि नष्ट हो गई हैं। 'द न्यूज इंटरनेशनल' की रिपोर्ट के अनुसार, गुलबर खान सीमित संसाधन को इस आपदा की भयावहता से उबरने के लिए अपर्याप्त मान रहे हैं।




## बाढ़ से बेहाल हुआ बीजिंग, मियुन में 3,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**बीजिंग ।** चीन में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर बीजिंग के मियुन जिले में मूसलाधार बारिश के कारण 3,000 से ज्यादा निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मियुन स्थित मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार रात 9 बजकर छह मिनट पर मूसलाधार बारिश के लिए एक रेड अलर्ट जारी किया।

## 10 साल में 162 विदेश यात्रा, 300 करोड़ का घोटाला, फर्जी दूतावास केस में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली । एजेंसी**

गाजियाबाद फर्जी दूतावास मामले की जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, एक-एक कर कई हैरान करनेवाले खुलासे हो रहे हैं। फर्जी दूतावास के जरिए करीब 300 करोड़ का घोटाले की बात सामने आ रही है। फ़र्ज़ी दूतावास चलाने के आरोप में हर्षवर्धन जैन को पिछले हफ्ते गाज़ियाबाद में किराए के दो मंज़िला मकान से गिरफ्तार किया गया था। इस मकान के बारे में उसने दावा किया था कि वह एक दूतावास है। जांच में पता चला कि उसने पिछले 10 साल में 162 विदेश यात्राएं की और कई विदेशी बैंकों में खाते भी हैं। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फ़ोर्स (एसटीएफ) की जांच में पाया गया कि जैन कथित तौर पर एक नौकरी रैकेट चलाने में शामिल था और हवाला के ज़रिए मनी लॉन्ड्रिंग में भी शामिल था। पुलिस के अनुसार, जैन लगभग 300 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल हो सकता है। गाज़ियाबाद स्थित एक आलीशान दो-मंजिला इमारत के बाहर एक नामपट्टिका लगी थी, जिस पर "ग्रैंड डची ऑफ़ वेस्टआर्कटिका" और "महामहिम एच.वी. जैन मानद कौंसल" लिखा था। परिसर में भारत और वेस्टआर्कटिका के झंडे लगे थे। वेस्टआर्कटिका अंटार्कटिका का एक छोटा देश है जिसे दुनिया का कोई भी संप्रभु राज्य मान्यता नहीं देता।



गाजियाबाद में फर्जी दूतावास ।

## आईएस समर्थित विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में चर्च पर किया हमला, 21 लोगों को मार डाला

**किंशासा ।** इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में चर्च पर हमला किया है। रविवार को किए गए इस हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। नागरिक संस्था के एक नेता ने इस बारे में जानकारी दी है। यह हमला पूर्वी कांगो के कोमांडा में एक कैथोलिक चर्च परिसर में रात लगभग एक बजे एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स (एडीएफ) के सदस्यों द्वारा किया गया था। हमले में कई मकानों और दुकानों को भी जला दिया गया

**जारी है तलाशी अभियान :** कोमांडा में नागरिक संस्था समन्वयक, डियूडोने डुरानथाबो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा, ''21 से अधिक लोगों को गोली मार दी गई और हमें कम से कम तीन जले हुए शव मिले हैं। कई मकानों के जल जाने की भी सूचना मिली है। तलाशी अभियान जारी है।'' कोमांडा में स्थित इतुरी प्रांत में कांगो सेना के एक प्रवक्ता ने 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इतुरी में डीआरसी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जूल्स एनगोंगो ने कहा, "आज सुबह हमें पता चला कि कोमांडा से कुछ ही दूरी पर एक चर्च में हथियारबंद लोगों ने छुरे के साथ घुसपैठ की।



**भ**गवान की मेहरबानी हम पर बरस रही है। दुनिया हो जाओ तैयार, सबसे छोटा सिंह आ गया है और आते ही सबका दिल और दूध की बोतलें चुरा रहा है। इस नन्हें से खुशी के तोहफे के लिए भगवान का धन्यवाद। रुचिरा और विनीत

**कहानी फिल्म जगत की**

## 'छावा' एक्टर विनीत कुमार पिता बने

### बेटे के जन्म की खुशखबरी सोशल मीडिया पोस्ट में दी, लिखा...

## सबसे छोटा सिंह आ गया है

एक्टर विनीत कुमार सिंह और उनकी पत्नी रुचिरा सिंह 24 जुलाई को माता-पिता बने। दोनों ने 27 जुलाई को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बेटे के जन्म की जानकारी शेयर की। विनीत के इस पोस्ट पर कई सेलेब्रिटीज ने बधाइयां दीं। एक्टर विक्रांत मैसी ने कमेंट किया, "बहुत-बहुत बधाई भाई साहब। वहीं, एक्ट्रेस आहना कुमरा ने लिखा, "बहुत अच्छी खबर है तुम दोनों के लिए! अब बच्चे से मिलने का इंतजार नहीं हो रहा। इससे पहले मई में कपल ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। उस समय पोस्ट में लिखा था, "नई जिंदगी और आशीर्वाद! ब्रह्मांड की तरफ से प्यार के साथ... बच्चा जल्द आ रहा है! नमस्ते छोटे वाले!